डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम
₹100000 01 किलो
सेंसेक्स 75,939.21 -199.76
डॉलर 86.620 -0.070

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 17 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-124, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर...

## एक नजर

### झारखंड के युवक की सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मौत

**अररिया (एजेंसी)।** बिहार में कटिहार-जोगबनी रेलखंड के सिमराहा रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की देर रात्रि सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने छानबीन कर शव को कब्जे में किया। रविवार को शव की शिनाख्त हो पाई। मृतक झारखंड के गिरीडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो का रहने वाला 28 वर्षीय सन्नी ठाकुर (पिता धनेश्वर ठाकुर) था। वह नेपाल से आंख का इलाज कराकर सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में सिमराहा स्टेशन के पास हादसे का शिकार हो गया।

### मध्य प्रदेश के पवित्र क्षेत्रों में एक अप्रैल से बंद होंगी मदिरा दुकानें

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के अनुसार, राज्य शासन ने मध्य प्रदेश की नई आवकारी नीति वर्ष 2025-26 जारी कर दी है। प्रदेश की नई आबकारी नीति के अनुसार प्रदेश में घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा (शराब) दुकानों को एक अप्रैल 2025 से बंद कर दिया जाएगा। इनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, बरमान खुर्द, कुंडलपुर, बांदकपुर शामिल हैं।


### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


## आज | कल




### ट्रेलर की टक्कर से घायल होटल मालिक की दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत

# आक्रोशित परिजनों ने तीन घंटे किया एनएच जाम



**● दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतार**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव में प्रिंस होटल के मालिक उपेंद्र यादव गुरुवार को ट्रेलर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान शनिवार शाम रांची में उनकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने रविवार को मुआवजा की मांग को लेकर थाना क्षेत्र के जोगनाटांड़ के पास एनएच 39 जाम कर दिया। मृतक की पत्नी गुड़िया देवी और मां गायत्री देवी ने बताया कि उपेंद्र ही घर का एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा। परिजनों ने 25 लाख रुपए मुआवज की मांग की है। मृतक के तीन छोटे बच्चे हैं। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जाम हटाने की अपील की। सुबह आठ बजे से 11 बजे तक जाम लगा था। थाना प्रभारी दुलर चौड़े ने कहा कि परिजनों से बातचीत कर तीन घंटे बाद जाम हटा लिया गया। बता दें कि गुरुवार को उपेंद्र यादव अपने होटल के बाहर उड़ते धूल को कम करने के लिए पानी का छिड़काव कर रहा थे। इस दौरान होटल के पास खड़ा एक ट्रेलर अचानक पीछे की ओर ढल गया। ट्रेलर की चपेट में आने से उपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सदर अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### महाकुंभ से लौट रहा वाहन पुलिया से टकराया

## एक श्रद्धालु की मौत, पांच गंभीर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन शनिवार देर रात जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापार में छोटी पुलिया से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान शशांक शेखर के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने शशांक शेखर को मृत घोषित कर दिया। सभी श्रद्धालु रांची के रहने वाले हैं। दरअसल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पलामू, गढ़वा, सोनभद्र होते हुए कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे हैं और वापस लौट रहे हैं। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं से भरी वाहन छोटी पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच अन्य घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक का रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### 'जीना आता है मुझे' पुस्तक काव्य संग्रह का हुआ लोकार्पण

**रांची।** डॉ. मीरा सोनी लिखित 'जीना आता है मुझे' काव्य संग्रह का लोकार्पण दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे विश्व पुस्तक मेला में लिटिल बर्ड पब्लिकेशन के बैनरतले किया गया। पुस्तक लोकार्पण में मीरा सोनी ने कहा कि - यह पुस्तक 'जीना आता है मुझे' जीवन के विभिन्न पहलुओं को एक नई दृष्टिकोण से विचार करने या देखने का एक अवसर है। इस काव्य संग्रह में गीत, गजल और कविताएं हैं पुस्तक लोकार्पण में शामिल साहित्यकारों में गजलकार विनय मिश्र, साहित्यकार कुसुम लता सिंह, गीत कार केशव शरण, बाल संरक्षण आयोग झारखंड की सदस्य डॉ आभा वीरेंद्र अकिंचन, कवयित्री सुधा त्रिपाठी, गिरिजा कोमल, ऊषा शर्मा, मिथलेश कुमार तिवारी शामिल थे। पुस्तक की उपलब्धता 'लिटिल बर्ड पब्लिकेशन' से की जा सकती है। वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**● 15 कागज के पुड़िया में बंद 2.58 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद**



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले चार नशेड़ियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 15 कागज के पुड़िया में कुल 2.58 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। गिरफ्तार नशेड़ियो में शहर के रहमत नगर निवासी कमरूद्दीन का पुत्र मो. तालिब, बिंड मोहल्ला निवासी मो. शमीम का पुत्र मो. शहवाज, दीभा मोहल्ला निवासी मकसुदन पांडेय का पुत्र सतीश पांडेय व लाइन मोहल्ला निवासी विजय राणा का पुत्र चंदन राणा का नाम शामिल है। इसकी जानकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने रविवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना अंतर्गत चतरा-डाढ़ा मुख्य मार्ग के किनारे पर स्थित मैदान के पास तीन से चार लड़के ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री का काम किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने मैदान के आस पास छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने चार युवकों को दबोच लिया। तलाशी के क्रम में उनके पास से पुलिस ने 15 कागज के पुड़िया में ब्राउन शुगर बरामद किया। जिसका कुल वजन 2.58 ग्राम था।

## फाल्गुन उत्सव और निशान शोभायात्रा 10 मार्च को

**रांची।** श्री श्याम संघ रांची की ओर से 10 मार्च को अपर बाजार स्थित श्रीराधा वल्लव मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्रीश्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। रविवार को संस्था के सदस्यों ने फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि कार्यक्रम के तहत श्रीराधा वल्लव मंदिर से 301 पावन निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में बाबा श्याम का भव्य शृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार प्रस्तुति देंगी। रात्रि 12 बजे के बाद बाबा श्याम को महाप्रसाद खीर, चूरमा का भोग लगाया जाएगा। महाआरती, प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मौके पर संयोजक आशीष अग्रवाल, उप संयोजक हरेंद्र अग्रवाल, अनिल लोहिया, मनोज काबरा, दीपक पोद्दार, सौरभ कटारुका, अभिषेक चौधरी, मुकेश कटारुका, विकाश अग्रवाल, रूपेश लोहिया, रवि अग्रवाल, भगवती हेतमसरिया उपस्थित थे।

### शिव बरात के साथ निकाली जाएगी इको फ्रेंडली झांकी

**रांची।** श्रीशिव बरात आयोजन महासमिति की बैठक रविवार को पहाड़ी मंदिर में हुई। इसमें महाशिवरात्रि पर भव्य और विशाल झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि झांकी इको फ्रेंडली होगी। बैठक में पूर्व की समिति को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में मुख्य संरक्षक सुबोध कांत सहाय, संरक्षक कुणाल अजमानी, विनय सरावगी, सुमित सिंह, कुमार राजा, राजेश गुप्ता छोटू, अजित सिंह, नवनीत सिंह, पूर्व गृह सचिव एनएन पांडेय, राकेश सिन्हा, रंजन कुमार, नीलेश सिंह, आयोजन प्रभारी प्रेम साहू, मुख्य आयोजक जितेंद्र सिंह, संयोजक दीपक लाल, विश्वनाथ मंदिर अध्यक्ष एवं बरात स्वागतकर्ता शैलेश्वर दयाल सिंह होंगे।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ का मामला

# रेलवे की 2 सदस्यीय टीम ने शुरू की जांच

**● दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश**

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत के मामले में रेलवे प्रशासन ने दो सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। इस समिति में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव और प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार शामिल हैं। नरसिंह देव जांच टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। समिति भगदड़ के कारणों का पता लगाएगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

रेल मंत्रालय के अनुसार, समिति ने अपनी जांच शुरू कर दी है। साथ ही, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सभी वीडियो फुटेज पूरी तरह सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार की सुबह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना घटी, जो प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 के बीच सीढ़ियों पर हुई थी। इस घटना में कई यात्री घायल हो गए। इनमें से कुछ अन्य यात्रियों के गिरने के कारण चपेट में आ गए। प्लेटफॉर्म 14 पर पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस खड़ी थी, जबकि 15 पर जम्मू की ओर जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति खड़ी थी। घटना उस समय हुई जब फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से यात्री प्लेटफॉर्म की तरफ जा रहे थे, और सीढ़ियों पर फिसल कर गिर गए। इसके कारण अन्य यात्री भी चपेट में आ गए। इस दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय कमेटी द्वारा जांच की जा रही है।

उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने यह भी पुष्टि की कि रात भर सामान्य रूप से ट्रेनें चलती रहीं और स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है। उन्होंने जनता से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें। घटना की जांच की जा रही है।



### महाकुंभ जाने की आस में हमेशा के लिए बंद हो गईं 18 लोगों की सांसें

– ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को कुव्यवस्था के चलते भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 35 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इन यात्रियों में ज्यादातर लोग महाकुंभ जाने की होड़ में थे, सभी प्रयागराज पहुंचना चाहते थे। लेकिन, रेलवे प्रशासन की कुव्यवस्था, कुछ ट्रेनों के देर से चलने, दूसरे प्लेटफार्म पर आने की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और इतने लोगों की जान चली गई। इसके चलते इस समय बहुत से परिवारों में मातम पसरा हुआ है, रो-रो कर लोगों का खराब हाल है। मृतकों में सबसे अधिक नौ लोग बिहार के हैं। लोग अपनों को खोकर पूरी तरह टूट चुके हैं। सपना महाकुंभ में डुबकी लगाने का देखा था, लेकिन अब अपनों के शव ले जाने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने अपनी तरफ से आर्थिक सहायता का ऐलान जरूर कर दिया है, लेकिन मृतक के परिवार वाले इससे संतुष्ट नहीं है, वे असल न्याय की बात कर रहे हैं। इस समय 18 लोगों की सूची भी सामने आ चुकी है, जिनकी इस भगदड़ में जान गई। ये सभी महाकुंभ जाने के लिए निकले थे, लेकिन अब तो कुव्यवस्था के कारण दुनिया से ही विदा हो चुके हैं। जिन 18 लोगों की मौत हुई है, उनमें 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की वजह प्रशासनिक लापरवाही, कुव्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की चूक बताई जा रही है। जानकारों के मुताबिक यह हादसा टाला जा सकता था, क्योंकि जब प्रति घंटे लगभग 1500 टिकट बेचे जा रहे थे, तभी प्रशासन को एक्शन में आ जाना चाहिए था। जनरल बोगी की सीमित जगह के बावजूद जरूरत से ज्यादा टिकट बेचे गए। इस हादसे का सबसे बड़ा और मुख्य कारण रेलवे द्वारा प्लेटफार्म बदलने की अचानक की गई घोषणा थी।

### खबर सुनकर मन अत्यंत आहत है : सीएम सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि अव्यवस्था और भगदड़ के कारण कई लोगों की मृत्यु की खबर हृदयविदारक है। सोरेन ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, यह खबर सुनकर मन अत्यंत आहत है। मरांगबुरू (ईश्वर) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की इस विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। भगदड़ में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## इंडिया

# ट्रंप-मोदी सौहार्द से किसकी समृद्धि किसका नुकसान



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पुराने दोस्तों की तरह मिलते दिखे जिससे यात्रा के पहले से ही मीडिया और सोशल मीडिया में भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं और आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं कि जिस तरह से राष्ट्रपति ट्रंप भारत को 'टैरिफ किंग' और प्रधानमंत्री मोदी को 'सख्त नेगोशिएटर' बताते रहे हैं, ऐसे में वह भारत के खिलाफ सख्त रवैया अपना सकते हैं, लेकिन जिस सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई और इसके जो नतीजे निकले हैं, उससे देश के लोगों को अवश्य राहत और संतुष्टि होनी चाहिए। उन दोनों के संयुक्त बयान से ऐसा लगता है कि चाहे रक्षा का मामला हो, या भारत की आंतरिक सुरक्षा का, इन मुद्दों पर दोनों देश मिलकर काम करना चाहते हैं।सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह रही कि अमेरिका ने वर्ष 2008 में हुए मुंबई हमले के मामले में वांछित तहाव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की बात मान ली है। कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से यह प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की सबसे बड़ी सफलता है। इसकी घोषणा करते हुए स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- 'यह एलान करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि हमारे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे व्यक्तियों में से एक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।' भारत लंबे समय से अमेरिकी जेल में बंद राणा को देश में लाने का प्रयास कर रहा था, जिस पर अब भारत लाकर मुकदमा चलाया जाएगा। इसके अलावा, भारत ने कई अन्य आतंकवादियों की सूची भी अमेरिका को सौंपी है, जिन्हें निकट भविष्य में प्रत्यर्पित किया जाएगा।दोनों नेताओं ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि उन्होंने तेल-गैस, टैरिफ, टेक्नोलॉजी और व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर बात करने के साथ-साथ द्विपक्षीय व्यापार और संबंधों को मजबूत किए जाने पर भी सहमति जताई है। राष्ट्रपति ट्रंप की सबसे ज्यादा दिलचस्पी अपने रक्षा उपकरणों एवं तेल-गैस को बेचने में है। इस मामले में लगता है कि भारत ने अमेरिका से ज्यादा तेल-गैस खरीदने पर सहमति जताई है, जो अमेरिका के लिए संतुष्टि की बात हो सकती है। इसी तरह कई रक्षा उत्पादों के सौदे पर भी बात हुई है। अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर के रक्षा उत्पाद



बेचेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह 'भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट मुहैया कराने का तरीका तलाशेंगे।' गौरतलब है कि एयरो इंडिया-2025 शो में अमेरिका का एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट विमान और रूस का सुखोई-एसयू-57 भी पहुंचा था। हमारे पास पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट विमान नहीं हैं, हम बहुत उत्सुकता से चाहते हैं कि अपनी वायुसेना में पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट विमान शामिल हों, तो इस लिहाज से यह एक नई पहल होगी। इसमें थोड़ी चिंता की बात यही है कि कई बार अमेरिका से सामान आने में देरी हो जाती है और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने पर सहमति नहीं बन पाती, लेकिन उम्मीद है कि प्रधानमंत्री ने इन मुद्दों को जरूर उठाया होगा। तकनीकी हस्तांतरण में भी सिर्फ इस समय मिल रही टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि उनके अपग्रेडेशन को भी ट्रांसफर किया जाना चाहिए। इस पर बात आगे भी होती रहेगी, लेकिन यह अच्छी बात है कि अत्याधुनिक तकनीक वाले पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 फाइटर जेट भारत को देने की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप ने की है, जिसे अब तक वे अपने नाटो सहयोगियों एवं अन्य करीबी सहयोगियों को ही देते रहे हैं। जहां तक टैरिफ की बात है, तो ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के एक दिन पहले ही पारस्परिक टैरिफ लगाने की बात कही थी। यह बात उन्होंने सिर्फ भारत को लेकर नहीं कही, बल्कि सभी देशों के लिए कही है। भारत के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया भारत हम पर जितना शुल्क लगाता है, हम भी उतना ही शुल्क उस पर लगाएंगे। लगता है कि दोनों देश आपस में बात करके अंतर को पाटेंगे और इसमें रक्षा, तेल-गैस, टेक्नोलॉजी, भारतीय छात्रों के अमेरिका में फीस भरने आदि को भी शामिल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के प्रस्ताव पर हो सकता है कि अमेरिकी विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस खोल सकते हैं या भारतीय विश्वविद्यालयों से सहयोग कर सकते हैं। इससे शिक्षा के क्षेत्र में या कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों को फायदा हो सकता है। जिस तरह से हाल के दिनों में 104 अवैध आप्रवासियों को भारत में निर्वासित किया गया, इस मामले में यह व्यवस्था जरूर होनी चाहिए कि इन लोगों को सम्मानजनक तरीके से निर्वासित किया जाना चाहिए। भारत अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार है ही। आप्रवासन के लिए वैध तरीका अपनाने से दोनों देशों को फायदा होगा। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने रूस और यूक्रेन के बीच के युद्ध को समाप्त कराने की पहल की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा, इसके अलावा, बांग्लादेश के मुद्दे पर भी ट्रंप ने खुलकर कहा कि वह इसे प्रधानमंत्री मोदी पर छोड़ते हैं।

## पलामू टाइगर रिजर्व में हाथी की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत गारू पश्चमी वन क्षेत्र में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हाथी के पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि वन क्षेत्र के बीसी 10 में एक हाथी की मौत हो गई है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। बाद में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर मृतक हाथी के पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि हाथी की मौत बीती रात ही हो गई है। घटनास्थल पर कुछ खून के छीटें भी मिले हैं। इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# रेलवे अव्यवस्थाओं की खुली पोल : ट्रनों में यात्रा करना मुश्किल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कुंभ मेला के दौरान रेलवे की अव्यवस्था चरम पर पहुंच गई है। सामान्य व आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिन यात्रियों ने महीनों पहले से अपनी यात्रा की योजना बनाकर टिकट बुक कराया था, वह भी ट्रेन में चढ़ने से वंचित हो रहे हैं। रेलवे प्रशासन की अनदेखी और भीड़ की ताकत ने व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है।

**स्टेशन पर हंगामे और भगदड़ की स्थिति :** कुंभ मेला के कारण रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही अफरा-तफरी मच जाती है। आरक्षित यात्रियों के लिए कोच में प्रवेश करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। हालात इतने खराब हैं कि कई कोचों के दरवाजे अंदर से बंद कर दिए जाते हैं, जिससे कन्फर्म टिकट वाले यात्री भी ट्रेन में नहीं चढ़ पाते। भीड़ का दबाव इतना अधिक है कि धक्का-मुक्की और अराजकता का माहौल बन जाता है।

**वृद्ध, लाचार और बीमार यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें :** इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा खामियाजा वृद्ध, लाचार और गंभीर रूप से बीमार यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रेन में चढ़ना उनके लिए किसी संघर्ष से कम नहीं रह गया है। रेलवे प्रशासन की लापरवाही के चलते वे स्टेशन पर ही बेबस खड़े रह जाते हैं। कई यात्री, जिनका रिजर्वेशन कन्फर्म है, ट्रेन में सवार न हो पाने के कारण वापस घर लौटने को मजबूर हो रहे हैं।

**भीड़ के आगे बेबस रेलवे प्रशासन :** इस पूरी अव्यवस्था ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अब रेलवे में भीड़ का राज स्थापित हो गया है? स्थिति यह हो गई है कि जिसके पास भीड़ की ताकत है, वह बिना टिकट ही रेलवे बोगी में जबरन घुसकर गेट अंदर से बंद कर ले रहा है। जिनके पास कन्फर्म टिकट है, वह ट्रेन में चढ़ ही नहीं पा रहे हैं। अगर यही हाल रहा, तो भविष्य में कानून-व्यवस्था को भी यही भीड़ चुनौती देने लगेगा। यदि रेलवे प्रशासन समय रहते इस स्थिति को नियंत्रित नहीं करता, तो यह अराजकता और बढ़ सकती है। जरूरी है कि रेलवे प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाए और सुनिश्चित करे कि जिन यात्रियों ने रिजर्वेशन कराया है, उन्हें ट्रेन में चढ़ने और यात्रा करने का पूरा अधिकार मिले।

### आरक्षित टिकट होने के बावजूद यात्री भगवान भरोसे

रेलवे प्रशासन पर सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब किसी यात्री ने दो माह पहले से ही कन्फर्म टिकट बुक कराया है, तो उसे ट्रेन में चढ़ने की सुविधा क्यों नहीं दी जा रही? आरक्षित श्रेणी के कोचों में अवैध रूप से बिना टिकट यात्रा करने वालों ने कब्जा जमा लिया है। रेलवे प्रशासन इस स्थिति को रोकने में पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को लावारिस छोड़ दिया गया है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है।

### रेलवे की सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था गायब

रेलवे की तमाम सेवाएं इस दौरान नदारद नजर आ रही हैं। कोच अटेंडेंट और बेडरोल सेवा गायब है, जिससे यात्रियों को और भी परेशानी हो रही है। आरपीएफ और जीआरपी के जवान भी छोटे स्टेशनों पर लापता हो गए हैं। सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यात्रियों को अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही करनी पड़ रही है। जबरन बोगियों में घुसने की कोशिश करने पर कई जगह झगड़े की नौबत तक आ रही है।

# परीक्षा शिक्षा का महत्वपूर्ण कड़ी: एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान संकाय शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा जूम एप के माध्यम से आयोजित ऑनलाइन मोटिवेशन परीक्षा पर चर्चा में देवघर जिले के अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार शामिल हुए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि परीक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करें और लक्ष्य निर्धारित करें, क्योंकि लक्ष्य प्रगति को ट्रैक करती है। साथ ही उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है। वार्षिक परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि कोई




भी विषय हो एनसीईआरटी पुस्तक को मजबूत करें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपने जो तय किया है। अगर आप उस पर कार्य करते हैं और यदि सफल हो जाते हैं तो लोगों का विश्वास आपके ऊपर बढ़ जाता है। मौके पर शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, दिलीप प्रसाद, भीम यादव, रवि रंजन कुमार, राहुल जायसवाल, नरेन्द्र राम, विश्वजीत पासवान, सदाम हुसैन, मेघा कुमारी ,तपन चटर्जी, रविशंकर कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन सतीश दुबे ने किया।

## मैट्रिक परीक्षा: 4 स्कूलों के 477 परीक्षार्थी होंगे शामिल




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में सोमवार से मैट्रिक परीक्षा शुरू हो जाएगी। इसमें 4 विभिन्न स्कूलों 477 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस विद्यालय में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। गृह विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। इसकी जवाबदेही शारीरिक शिक्षक प्रियहित सोनी को दी गई है। उन्होंने कहा कि अब भी जिन परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं हुआ है, इनसे संपर्क कर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा आरंभ होने की तिथि 11 फरवरी से भले ही तय है, मगर विषयवार शेड्यूल के हिसाब से मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

# भीम बराज में पर्याप्त भंडारण से आसपास के गांवों का जलस्तर बढ़ा, गर्मी में नहीं होगी संकट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम बराज से मुख्य नहर में प्रवाह बंद कर देने से इससे लाभान्वित इलाके के किसानों को रबी फसलों की बोवाई नहीं कर पाने से भारी नुकसान पहुंचा है। मैदानी इलाकों का जलस्तर प्रभावित हो गया है। इससे लंबे समय तक कुंआ अथवा बोरिंग से रबी फसलों की सिंचाई संभव नहीं हो पाती है। मगर भीमबराज में पर्याप्त भंडारण और समय-समय पर कोयल नदी में प्रवाहित करने से आसपास के इलाकों खासकर, मोरबे, भंडरिया, सोहगाड़ा, राणाडीह (गढवा) और कादलकुर्मी, शिलापर,बस्ती, साप्ताहिक बाजार क्षेत्र और भजनियां (पलामू) का जलस्तर प्रभावित नहीं हो सकता है, जैसा कि बताया गया है। लोगों का कहना है कि आगे भी पर्याप्त भंडारण बना रहा, तो गर्मी में जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही भीम बराज के डीला (कछार) मवेशियों के लिए बड़े चारागाह के तौर पर पूर्व की तरह काम आएगा। पर्यटक स्थल पर पहुंचे सैलानियों के लिए निर्मल जल से लबालब नजारा मनभावन होगा। जैसा कि अभी का भी नजारा नयनाभिराम लगता है। सैलानी नौका विहार का भी आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा मछलियों की भी कमी नहीं हो सकती है, जिसके लिए स्थानीय बाजार की दशकों से इसे लेकर अलग पहचान है।

# एसडीओ ने नगर पंचायत में चल रही सभी योजनाओं की मांगी सूची



- बिना स्थलीय जांच के बना दी गई थी सड़क, लाखों रुपए की हुई क्षति
- बिना एनओसी के अनुपयोगी योजनाओं पर हो रही हैं काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उत्तर कोयल मुख्य नहर पर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराने व सड़क का नामोनिशान मिट जाने का मामला तूल पकड़ने लगा हैं। इस संबंध में एसडीओ गौरांग महतो ने जेई व कार्यपालक को कड़ी फटकार लगाई हैं। साथ ही शहर में चल रही सभी योजनाओं की सूची भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिना स्थल निरीक्षण के ही निविदा निकाल कर कार्य को प्रारंभ करा दी गई। इससे नगर विकास विभाग को 10 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। उन्होंने नगर पंचायत के जेई को अपनी उपस्थिति में कार्य कराने का निर्देश दिया है। नगर वासियों का कहना है कि सरकार द्वारा नगर पंचायत चुनाव नही कराने व नगर प्रतिनिधि के नहीं रहने के कारण हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में अनउपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन नगर प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस द्वारा किया जा रहा है। बिना बोर्ड में लिए गए कई योजनाओं को धड़ाधड़ निर्माण कार्य कराकर लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा हैं। इससे आमजनों को कोई लाभ नहीं है। यह बात कोई किताबी नहीं ,बल्कि नगर पंचायत हुसैनाबाद का कारनामा सामने आ रहा है। मालूम हो कि नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा दिसंबर 2024 में 14 योजनाओं के लिए निविदा निकाली गई थी। उन योजनाओं में ही 8 नंबर पर मोहम्मदाबाद से डंपिंग साइड प्राक्कलित राशि 9,95,192, 9 नंबर पर डंपिंग साइड से मोहम्मदाबाद मेन रोड में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि 9,93,400 है। सबसे मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत द्वारा यह योजन उत्तर कोयल नहर परियोजना के जमीन पर निर्माण करा दिया,जिसका न अंचल जांच रिपोर्ट हैं और न ही सिंचाई परियोजना विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र। न ही चेक स्लिप बनवाया गया और न ही स्थल की जानकारी ली गई कि कार्य किस जगह होना है। वह स्थान निजी है या अन्य विभाग के अधीन है। उत्तर कोयल मुख्य नहर पर पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। जबकि इधर पूर्व से मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। नहर का जीर्णोद्धार कर रही कंपनी ने हाल में ही बनी एक पीसीसी सड़क को उखाड़ कर फेंक दिया। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग से नगर पंचायत कार्यालय ने अनपत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। प्रावधान के मुताबिक कोई किसी विभाग की भूमि का इस्तेमाल उसकी सहमति के बिना नहीं कर सकता है। एक योजना तो विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने खुद हुसैनाबाद एसडीएम को लैंड जांच वेरिफिकेशन के लिए भेज दिया हैं।

### बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद भी आज तक नहीं हुआ कार्य

नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर में कई सड़क व नाली निर्माण करने की बोर्ड में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था, परंतु इसे नजर अंदाज कर दिया गया। जबकि शहर की यह सबसे बड़ी समस्या बरसात के दिनों में होती है, जो कार्य नहीं हो सका है। उसमें मुख्य रूप से वार्ड नंबर दो व तीन में रामबिगहा स्कूल से आईटीआई कार्यशाला तक आरसीसी नाली निर्माण,आईटीआई कार्यशाला से बिरू सिंह,सोहन ठाकूर, पिन्टू सिंह के घर तक पीसीसी रोड निर्माण,बिसुनपुर रोड से शिवशंकर राम के घर तक पीसीसी रोड व आरसीसी नाली निर्माण 400 फीट, शिशु मंदीर स्कूल से न्यू प्राथमिक विद्यालय राम बिगहा तक पीसीसी रोड निर्माण 1200 फीट, आईटीआई कार्यशाला के बगल में चिल्ड्रेन पार्क आदि योजनाएं वोर्ड की बैठक में ही निर्माण कार्य करने का निर्णय लिया हुआ है। इसके बावजूद वैसे योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं किया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### समता मूलक समाज के निर्माण में संत रविदास का अतुलनीय योगदान: संजय यादव



**हुसैनाबाद।** रविवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरी मैदान में अनुमंडल स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उद्घाटनकर्ता पलामू के पूर्व सांसद घुरन राम, विशिष्ट अतिथि पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, बसपा नेता शेर अली, समाज सेवी विनोद कुमार सिंह, आरपी रंजन,डीएसपी मेदिनीनगर दीपक कुमार, सेवा निवृत डीएसपी रामलाल राम, संजय कुमार जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों ने संत शिरोमणि रविदास, डॉक्टर भीम राव आंबेडकर, गौतमबुद्ध के तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार यादव ने कहा कि संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे। भारत में व्याप्त अंधविश्वास, जातिवाद, मनुवाद, पाखंड व कर्मकांडों के खिलाफ समाज में संत रविदास ने जागरूकता लाया। सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध व समतामूलक समाज निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान है। पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास भारत के उन महान संतों में एक है,जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सारे संसार को एकता व भाईचारा का संदेश दिया। जीवन भर समाज में फैली कुरीतियों के समाप्त करने का प्रयास किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि संत रविदास जी ने ही ऊंच नीच का भेद मिटाने की बात कही थी और नारी शिक्षा पर बल दिया था। उन्होंने कहा थी कोई मनुष्य जन्म से ही महान नहीं होता है बल्कि कर्म से महान होता है, मौके पर बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा कि संत रविदास बेहद परोपकारी थे। इन्हें मीरा बाई भी अपना गुरु मानती थी इनकी प्रतिभा से सिकंदर लोदी भी प्रभावती हुआ था। आज हमें इनके आदर्शों को अपने जीवन में उतराने की जरूरत है। समारोह में कई अतिथियों ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद,मंदीप राम, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह, जाकिर अली उर्फ राज अली, मुखिया मनोज भारती, अशोक यादव, श्रवण राम, शिवलाल राम, प्रदीप अंबेडकर, आरजू खान, इसरार आलम उर्फ गुड्डू, उदेश्वर राम, डॉ. संतोष कुमार, नंदलाल राम, लाल मोहन राम, बुधन राम, रामचंद्र राम ,नरेश राम, धर्मेंद्र राम, आर.एन रवि, समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# नौडीहा बहेरा ने रामगढ़ को चार विकेट से हार कर बना चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विधायक विदेश सिंह की याद में नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट 2025 का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। नौडीहा बहेरा की टीम ने रामगढ़ की टीम को चार विकेट से हरा कर कप पर अपना कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर आयोजित ट्रॉफी वितरण सह समापन समारोह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह सहित अन्य अतिथियों के




हाथों खिलाड़ियों को ट्राफी व चेक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाते हुए और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा देश ही नहीं बल्कि विदेश में बिखेर सकते हैं। झारखंड की पहचान विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नाम से जानी जा रही है। यदि खिलाड़ी लगन व निष्ठा से खेलें तो वह जरूर बेहतर कर सकते हैं। मौके पर मुखिया प्रेम प्रसाद, अरविंद सिंह, बशारत हुसैन, रफीक अंसारी, नेहाल अंसारी, हफीजुल अंसारी, आफताब आलम लखन कुमार सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो डीलरों के पीडीएस से धोती, साड़ी व लूंगी बंटी

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत बटौवा गांव के दो डीलरों के जन वितरण प्रणाली दुकान (पीडीएस) से रविवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी और लूंगी वितरित किए गए। डीलर बशीर खां की दुकान से इसकी शुरूआत उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह के किया। जबकि जावेद खां की दुकान से वह और मुखिया प्रतिनिधि समाज सेवी उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से वितरण प्रारंभ किया। उपमुखिया ने बताया कि बशीर खां की दुकान से 20 और जावेद खां की दुकान से 8 कुल 28 कार्डधारकों के बीच धोती, साड़ी और लूंगी के वितरण के साथ इसकी शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान डीलरों को सभी योग्य कार्डधारकों को इस योजना का लाभ पहुंचाने की हिदायत दी गई है। इस मामले में मनमानी की शिकायत मिलने पर इसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट करने की चेतावनी भी दी गई है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ही योजना का लाभ पहुंचाने की विभागीय निर्देश के आलोक में डीलर इसकी औपचारिकता पूरी करा रहे हैं। इन वस्तुओं के वितरण के प्रति पैनी नजर रखी जा रही है। इसके पहले शुक्रवार को गोड़ाडीह पंचायत मुख्यालय में महिला उत्थान स्वयं सहायता समूह की जन वितरण प्रणाली दुकान में इस योजना की शुरूआत की गई थी। इसकी औपचारिकता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया शोभा देवी, समाजसेवी उदय कुमार सिंह और इन्होंने संयुक्त रूप पूरी की थी।

# अनियंत्रित कार होटल में घुसा, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग बीआरसी कार्यालय के सामने रविवार सुबह 10:30 बजे रांची से आ रही तेज गति अनियंत्रित कार ने अनिल मेहता के होटल में जा घुसा। इस दुर्घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कार में सवार व्यक्ति को हल्की-फुल्की चोटे लगी। मौके पर सतबरवा पुलिस पहुंच कर कार को ट्रैक्टर द्वारा टोचन कर थाना ले आई। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि कार रांची अपने आवास से महाकुंभ में स्नान के लिए निकले थे। गाड़ी स्वयं मलिक चला रहे थे। ड्राइवर आराम कर रहा था, ताकि रात्रि में कार चला सके। इतने में कार मालिक की पलक झपकने से कार अनिल मेहता के होटल में जा घुसा।

**आस्था**

## पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ शुरू

# श्राद्धालुओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पोल्डीह पंचायत के पोलडीह-जगदीश पुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह, पंचायत की मुखिया संजू देवी, पंसस रूबी देवी, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। समिति द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। कलशयात्रा की शुरूआत यज्ञ स्थल से की गई। परम्परागत ढ़ोल-बाजे के साथ निकले यात्रा में मातारानी का जयकारा लगाते हुए लोग गजनाधाम



कररबार नदी तट पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। ग्राम भ्रमण करते हुए लोग यज्ञस्थल पहुंचे। उदघाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की इस तरह के आयोजन से ग्रामीण समरसता को बढ़ावा मिलती है। उन्होंने कहा की धार्मिक अनुष्ठान से सुख -शांति मिलती है। उन्होंने कहा की भक्ति के शिक्षित बनने का संकल्प लेने की जरूरत है। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा देवी पूजा पाठ से आत्मा विश्वास बढ़ती है। जो सफलता का मूल मंत्र है। आप सभी का भव्य आयोजन सराहनीय है। मौके पर हुसैनाबाद विस के पूर्व प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह, अभय सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, मिथिलेश कुमार, उदय सिंह, उर्दवार पंचायत के पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम,लुटकुन शरण आदि समेत महायज्ञ समिति के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने बताया कि महायज्ञ के दौरान अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रयागराज से पधारे पं मनोज कृष्ण महाराज द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी। महायज्ञ का समापन 21 फरवरी को भव्य महा भंडारा के साथ संपन्न होगा। समिति के लोगों ने सभी से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

नीलांबर पीतांबरपुर। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के आदेश पर लेस्लीगंज थाना गेट के सामने रविवार को पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट नहीं पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन नही करने के कारण पकड़ा गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व कार्यवाहक थाना प्रभारी विक्रमशील ने किया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। चेकिंग अभियान में एएसआई इंद्रदेव पासवान सहित जिला बल के कई जवान मौजूद थे।

## राजहरा नॉर्थ कोयला खदान का उद्घाटन

# झारखंड को मिलेगा 2128 करोड़ का राजस्व

**बोले वित्त मंत्री**

- राजहरा नॉर्थ कोयला खदान झारखंड के विकास का महत्वपूर्ण पड़ाव है
- स्थानीय युवाओं को रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी मिलेगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने आज पलामू जिले के पंडवा गांव में राजहरा नॉर्थ (सेंट्रल और ईस्टर्न) कोयला खदान का उद्घाटन किया। यह खदान 2021 में नीलाम की गई थी और फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की गई है। यह परियोजना निर्धारित समय से पहले संचालन शुरू कर रही है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

जानकारी के अनुसार इस खदान से झारखंड सरकार को 2128.56 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त होगा, जिसमें 102.27 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष मिलेंगे। इसके अलावा, यह परियोजना 550 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगी।

**सामुदायिक विकास और आर्थिक उन्नति**

कंपनी द्वारा क्षेत्र में सड़क निर्माण, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा सुविधाओं के विकास की योजनाएं बनाई गई हैं। इस खदान से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पलामू और आसपास के इलाकों में आर्थिक उन्नति होगी।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राजहरा नॉर्थ कोयला खदान झारखंड के विकास का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी मिलेगा। सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी परियोजनाओं का स्वागत करती है जो राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगी।

इस अवसर पर पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम, फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर लोहिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग में किशोर ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के किसैनी गांव निवासी 18 वर्षीय जितेंद्र कुमार सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव भोखा जंगल में चिलबिल के पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

**दो दिन पहले प्रेमिका ने भी की थी आत्महत्या :** परिजनों के अनुसार, जितेंद्र का अपने ही गांव की नीलम कुमारी नामक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अक्सर मोबाइल फोन पर बातें किया करते थे। दो दिन पहले, शुक्रवार की शाम, नीलम कुमारी का शव भी गांव में लटका हुआ पाया गया था। इस घटना के बाद जितेंद्र मानसिक रूप से परेशान था।



**परिजनों ने दी गुमशुदगी की सूचना :** गुरुवार को जितेंद्र जंगल में बकरी चराने गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन की और फिर पाटन थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद, रविवार सुबह, जंगल में उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

**जांच में जुटी पुलिस :** पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहन जांच कर रही है। प्रेम प्रसंग के अलावा अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तो नहीं है।

इस घटना के बाद पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि 'आजकल के युवा भावनात्मक रूप से कमजोर हो रहे हैं और छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठा रहे हैं।' उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर ध्यान दें और उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाएं।

## पर्यटन स्थल भीम चूल्हा बना मांगलिक कार्यों का स्थल, सीमित संसाधनों व खर्च में हो रही शादियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटन स्थल भीम चूल्हा मांगलिक कार्यों को लेकर भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। रविवार को भी एक शादी की रस्म अदायगी पूरी की गई, जिसमें शिलापर निवासी गणेशी चौधरी के पुत्र विकास कुमार और नासरीगंज (रोहतास, बिहार) के नंद कुमार चौधरी की पुत्री सविता कुमारी के परिणय सूत्र बंधन की रस्म अदायगी पुजारी गंगा तिवारी ने विधी विधान से पूरी कराया। मौके पर वर-वधू पक्ष के लोग भी शामिल थे।

पुजारी ने बताया कि भीम चूल्हा में मंदिर बनने के बाद से ही इक्के-दुक्के शादियां हुआ करती थीं। मगर पर्यटक स्थल के रूप में इस स्थल के विकसित करने के बाद से इसमें तेजी आ गई है। हर लग्न में अब हर साल एक दर्जन से अधिक शादियों और वर-वधू की देखादेखी की रस्म अदायगी पूरी होने लगी है। चालू लग्न में यह दूसरी शादी यहां सपन्न कराई गई है। संक्षिप्त अथवा कम समय के मुहूर्त में भी जरूरी होता है, तो शादी की रस्म अदायगी पूरी कर लिया जाता है। ऐसी भी कई शादियां यहां सपन्न हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यहां सीमित संसाधनों और कम खर्च में शादियों की रस्म अदायगी हो जाती है। यही वजह है कि इसे लेकर ऐतिहासिक महत्व का यह पर्यटक स्थल आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## चैनपुर में द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का अरुणा शंकर ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चैनपुर में द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन डाल्टनगंज की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया।

**उद्घाटन समारोह में हुई कलश यात्रा और महाआरती**

उद्घाटन समारोह की शुरूआत कलश यात्रा और शोभायात्रा से हुई। इसके बाद शिव ध्वज फहराया गया और द्वादश ज्योतिर्लिंग की महाआरती की गई। इस आयोजन का नेतृत्व ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी और ब्रह्माकुमारी तृप्ति दीदी ने किया, जबकि संचालन स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने किया।

यह मेला 16 से 22 फरवरी 2025 तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालु द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद 23 से 25 फरवरी तक निःशुल्क राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ध्यान और योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आयोजन में शहर के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे, जिनमें रामराज गुप्ता (पीके मेडिकल ऑनर), प्रीति राज गुप्ता (वाइस प्रेसिडेंट, चेयर ऑफ कॉमर्स), लव कुमार (आर्य समाज), उमाशंकर, एसआई राजकुमार, रविशंकर (डाकघर कर्मचारी), मनीष कुमार (आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर) समेत लगभग 200 लोग शामिल थे।

## 100 किसानों के बीच गरमा मूंग बीज की होगा वितरण

**पाटन।** प्रखंड के कृषि तकनीकी प्रौद्योगिकी एजेंसी( आत्मा) यूनिट ने 100 किसानों के बीच मूंग बीज प्रत्यक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। प्रखंड सभागार में प्रमुख शोभा देवी के अध्यक्षता में बीडीओ अमित कुमार झा, बीएओ राजेश पाठक, बीटीएम अभिमन्यु कुमार गुप्ता, किसान मित्र ने बैठक कर गरमा मूंग की खेती के लिए दस गांवों का चयन किया है। बीटीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि 5 क्विंटल 72 किलोग्राम गरमा मूंग शत-प्रतिशत अनुदानित बीज प्रखंड में क्लस्टर स्तर पर आच्छादन करना है। 72 किलोग्राम टाना भगत समुदाय को दिया जाना है। शेष 5 किवंटल मूंग किसानों में बांटा जाएगा। बीडीओ ने किसान मित्रों से मूंग उत्पादन के लिए गांव स्तर पर पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। खैरादोहर, बसदह, सिक्कीकला, सिक्कीखुर्द, केल्हार, बेदाकाला, सिरमा, शोले के बाजरा टोला, बरडीहा, सधपुर गांव के दस-दस किसानों को प्रति किसान 4-4 किलोग्राम के मूंग पैकेट दिया जाएगा।

## पलामू में सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें खराब, जनता परेशान



**मेदिनीनगर।** शहर के कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं, जिससे लोगों को रात में आने-जाने में परेशानी हो रही है। भाजपा ने पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि कई प्रमुख मार्ग अंधेरे में डूबा है और प्रशासन मौन है। उन्होंने कहा कि पांकी रोड से छःमुहान तक 80 स्ट्रीट लाइटें बंद, छःमुहान से बैरिया चौक तक 53 स्ट्रीट लाइटें खराब है। और रांची रोड (चियांकी से रेड़मा चौक) तक 50 लाइटें खराब है और रेड़मा चौक से बैरिया मोड़ तक 40 स्ट्रीट लाइटें खराब।

नगर निगम को सौंपा ज्ञापन : स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की मांग की है ताकि सड़क पर आने-जाने वालों को राहत मिल सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो लोग विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष का परिणाम : अविनाश देव




**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने झारखंड राज्य आंदोलन में योगदान देने वाले स्वर्गीय सुदामा पंडित को श्रद्धांजलि दी और आंदोलनकारियों के सम्मान की मांग को लेकर रांची के लिए कूच किया।

**आंदोलनकारियों को सम्मान देने की मांग :** संघर्ष मोर्चा के नेता अविनाश देव ने कहा, 'झारखंड आंदोलनकारियों ने अपना सब कुछ त्याग कर इस राज्य के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन आज भी उन्हें वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं।' कार्यक्रम में सतीश जी, गणेश रवि, बालकिशुन उरांव, विकेश पांडेय, प्रदीप सिंह, दाऊद केरकेट्टा, विलांगना किंडो, सुलेमान अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## जनसमस्याओं को लेकर भाजयुमो का आमरण अनशन आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल के कार्यालय में रविवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि विभिन्न मांग को लेकर वह 17 फरवरी से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है। कई बार संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद समस्याओं का निदान नहीं हो पाया है। विवश होकर आमरण अनशन करने का निश्चय किया गया है। 11 सूत्री मांगों में नगर पंचायत द्वारा आवास के लाभुकों को राशि भुगतान करने, शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे जर्जर बिजली तार व खंभा को बदलने, विद्युत सबस्टेशन में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति कराने, नगर पंचायत कार्यालय अंतर्गत कार्य करने वाले 145 सफाईकर्मियों का बकाया मजदूरी भुगतान करने, नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा दो पहिया वाहनों का स्थानीय थाना में ही चालान काटने की व्यवस्था करने आदि मांगे शामिल है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय जायसवाल, अखिलेश मेहता, शंभू यादव, विजय प्रजापति, विनोद पासवान, कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, विश्वदीप कुमार, मृत्युंजय सिंह, संतोष गुप्ता, दिनेश स्वर्णकार, भवन प्रकाश, सोनू पासवान, बलराम, शशि, किरण, संदीप, श्याम, अजीत आदि का नाम शामिल है।

## आम के मंजर की सुरक्षा: कीट और रोग से बचाव के उपाय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम के पेड़ों पर मंजर आने के साथ ही मधुआ कीट और फफूंद का खतरा बढ़ जाता है, जिससे फसल को नुकसान हो सकता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, किसानों को निम्नलिखित उपाय अपनाने चाहिए।

**पहला छिड़काव:** मंजर निकलने से पहले अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करें, ताकि मधुआ कीट का प्रकोप रोका जा सके।

**दूसरा छिड़काव:** मंजर में मटर के दाने के बराबर फल आने पर कीटनाशक के साथ फफूंदनाशक का मिश्रण छिड़कें, जिससे पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थ्रैकनोज रोग से बचाव हो सके।

**तीसरा छिड़काव:** टिकोले बनने पर कीटनाशक, फफूंदनाशक और अल्फा नेपथाइल एसीटिक एसिड का मिश्रण छिड़कें, जिससे फल गिरने से रोका जा सके। इन उपायों से आम की फसल को कीट और रोगों से बचाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

कृषि वैज्ञानिकों का सुझाव है कि कीटनाशकों के उपयोग से पहले स्थानीय कृषि विशेषज्ञों से परामर्श लें और अनुशंसित मात्रा और समय का पालन करें। साथ ही, जैविक विकल्पों पर भी विचार करें, जैसे नीम का अर्क, जो कीट नियंत्रण में प्रभावी हो सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बगीचों की नियमित निगरानी करें और समय-समय पर उचित उपचार करें, ताकि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि हो सके। इन प्रयासों से न केवल फसल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने रविवार की देर रात छहमुहान पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

## 'श्रेय और प्रेय: मानव जीवन के दो महत्वपूर्ण मार्ग' सेमिनार का समापन



**मेदिनीनगर।** आनन्दमार्ग प्रचारक संघ द्वारा मेदिनीनगर पलामू के आनंदमार्ग जागृति परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन मुख्य प्रशिक्षक आचार्य नभातीतानंद अवधूत ने ₹श्रेय और प्रेय₹ विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने समझाया कि श्रेय आत्मिक उत्थान और अनंत सुख का मार्ग है, जबकि प्रेय तात्कालिक सुख और भौतिक लाभ की ओर ले जाता है। श्रेय को अपनाने से व्यक्ति आत्मिक शुद्धि प्राप्त करता है और समाज के कल्याण में योगदान देता है। आचार्य ने नैतिक नियमों, ध्यान, प्राणायाम और समाधि के पालन पर जोर दिया। इस अवसर पर सैकड़ों मार्गियों और आम जनता ने भाग लिया। रीजनल सचिव आचार्य रतमुक्तानंद अवधूत, सेवा धर्म मिशन सचिव आचार्य जगात्मानंद अवधूत, डायसिस महिला सचिव अवधूतिका विष्णुमाया आचार्य, भूक्ति प्रधान मधेश्वर, देवनाथ जी, लक्ष्मण सिंह, बैजनाथ जी, सरोज, देवेंद्र, संदीप, संजय, चंदन समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं संग संवाद किया, परीक्षा की तैयारी के दिए टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार शाम उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन अचानक चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक चुनौतियों को समझा और परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उपायुक्त ने छात्राओं को बताया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और करियर निर्माण के लिए विषयों का सही चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं से विशेष बातचीत की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिल ने मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा के टिप्स साझा किए, जबकि नगर आयुक्त जावेद हुसैन और सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने करियर काउंसलिंग की। विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद सभी अधिकारियों ने छात्राओं के साथ रात्रि भोज का आनंद लिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, वार्डन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




**150 छात्राओं को मिल रही मेडिकल-इंजीनियरिंग की विशेष कोचिंग**

उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर सितंबर 2024 से 'सपनों की उड़ान' प्रोजेक्ट के तहत 150 छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराई जा रही है। 75-75 छात्राओं के दो समूह बनाए गए हैं–एक समूह इंजीनियरिंग और दूसरा मेडिकल की कोचिंग प्राप्त कर रहा है इंजीनियरिंग की छात्राओं को सदर कस्तूरबा विद्यालय में, जबकि मेडिकल की छात्राओं को चैनपुर कस्तूरबा विद्यालय में कोचिंग दी जा रही है। उनकी तैयारी को प्रोत्साहित करने के लिए 20 सितंबर को 'सुपर 30' फिल्म दिखाई गई थी। छात्राओं की प्रगति की नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि उन्हें सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन मिल सके।

## फूलों की खेती से आर्थिक समृद्धि: किसान की प्रेरणादायक कहानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अम्बा गांव के निवासी संतोष कुमार ने परंपरागत खेती से हटकर फूलों की खेती में सफलता प्राप्त की है। 20 वर्ष पूर्व सब्जी की खेती से शुरूआत करने वाले संतोष को अपेक्षित मुनाफा नहीं हो रहा था। एक बार छत्तीसगढ़ की यात्रा के दौरान उन्होंने किसानों को फूलों की खेती करते देखा, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने 1 कट्ठा जमीन पर फूलों की खेती शुरू की। पहले ही प्रयास में दोगुना लाभ मिलने पर उन्होंने इसे बढ़ाया, और वर्तमान में 6 एकड़ लीज की जमीन पर फूलों की खेती कर रहे हैं। उनके फूलों की मांग झारखंड और बिहार के विभिन्न शहरों में है।

# मनरेगा मजदूरों को डेढ़ माह से नहीं मिली मजदूरी



**सात पंचायत के 7967 मजदूर हैं निबंधित**

**1 करोड़ 20 लाख 596 रूपए मजदूरी बकाया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को डेढ़ माह से मजदूरी भुगतान नहीं होने से उनके समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूर जनवरी और फरवरी माह के दो सप्ताह के मजदूरी भुगतान को लेकर प्रतिदिन पंचायत कार्यालय, प्रखंड कार्यालय और बैंक का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन मजदूरी की राशि खाते में नहीं आने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसे में मजदूरों का मनरेगा से मोह भंग होने लगा है और वो इस योजना से दूरी बनाने लगे हैं। प्रखंड के सात पंचायतों में 7967 मजदूरों को 1 करोड़ 20 लाख 596 रू मजदूरी बकाया है। इसमें बलिगढ़ पंचायत के 1230 मजदूरों का 22 लाख 31 हजार 287 रू , केतार पंचायत के 814 मजदूरों का 12 लाख 41 हजार 415 रू, लोहरगाड़ा पंचायत के 277 मजदूरों का 4 लाख 29 हजार 659 रू, मुकुन्दपुर पंचायत के 3036 मजदूरों का 42 लाख 11 हजार 961 रू, पाचाडुमर पंचायत के 1385 मजदूरों का 20 लाख 31 हजार 129 रू, परसोडीह पंचायत के 418 मजदूरों का 6 लाख 18 हजार 274 रू और परती कुशवानी पंचायत के 807 मजदूरों का 12 लाख 36 हजार 871 रू मजदूरी भुगतान बकाया है।

### साप्ताहिक 1,632 रुपए है मनरेगा मजदूरी

मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्त रूप से मजदूरी भुगतान के लिए राशि आवंटित करती है। एक सप्ताह में 6 दिन काम करने के एवज में मजदूरों को प्रतिदिन 272 रु की दर से 1632 रु की मजदूरी मिलती है। इसमें 162 रुपए राज्य सरकार और 1470 रुपए केन्द्र सरकार भुगतान करती है। राज्य सरकार 162 रुपए मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर मजदूरों के खाते में कर दे रही है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी भुगतान डेढ़ माह से लंबित है। जबकि मजदूरों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है।

## चिकित्सक ने फाइलेरिया दवा लेने की अपील की

**रमना।** हेल्थ सेंटर में चिकित्सक नीतेश भारती ने बताया कि आज के परिवेश में मानसिक तनाव बीमारियों का मुख्य कारण है। इससे बचने के लिए व निरोग बने रहने के लिए नियमित व्यायाम, हंसना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया दिवस के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सहिया और आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा कैंप लगा कर और घर-घर जा कर फाइलेरिया रोकथाम के लिए एलवेंडाजोल और डायथाइलकबार्माजिन (डीइसी )की दवा 2 वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों व स्वस्थ्य लोगों को निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस बीमारी से बचने के लिए लोग दवा का सेवन करें, जिससे इस बीमारी से बचाव हो।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल



**मेराल।** थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में 14 फरवरी की रात्रि विवाहिता के हत्या की मामले में चार अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि शनिवार के देर शाम हत्या आरोपित विवेक मिश्रा को पुलिस कस्टडी में मृत महिला चंचला का अंतिम संस्कार के लिए गांव के मुक्ति घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार कराया गया। जेल भेजे जाने वालों में मृत महिला चंचला का पति विवेक मिश्रा, ससुर सतीश मिश्रा,सास आरती देवी, भसुर राजू मिश्रा शामिल हैं।

## एक नजर

### टेलर-ट्रक की टक्कर में चालक घायल

**रंका।** एनएच झुमेलवा मोड़ के पास टेलर व ट्रक की टक्कर में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में लरकोरिया समाज सेवी नसीम अंसारी ने बताया कि झूमेलवा मोड़ के पास शामरी से बॉक्साइट लोड ट्रक व रंका की ओर से टेलर आ रहे थी। झुमेलवा मोड़ के पास टेलर और ट्रक में टक्कर हो जाने से ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। लरकोरिया के स्थानीय लोगों के मदद से निजी वाहन से चालक को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। चालक गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड का बताया जा रहा है। टक्कर होने के बाद चालक टेलर लेकर भाग गया है।

## अस्पताल खुलने से लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा: सीएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** गुरूपद इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल का शुभारंभ गढ़वा सिविल सर्जन अशोक कुमार ने फीता काटकर किया। इस संबंध में डॉक्टर दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि रंका अनुमंडल के लोगों को इलाज के लिए गढ़वा, डालटनगंज, रांची भटकना पड़ रहा था। इसे देखते हुए 100 बेड का गुरुपद इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल शुरू किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रंका अनुमंडल में इस प्रकार की सुविधाजनक अस्पताल नहीं था। इस अस्पताल के खुल जाने से यहां के लोगों को किसी भी इलाज के लेकर बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सभी प्रकार के रोगों का इलाज यहां पर की जाएगी। इस संबंध में अस्पताल के प्रेमलता वर्मा ने बताया कि इस अस्पताल में गरीब से गरीब व्यक्ति का भी इलाज किया जाएगा। गरीबों को भी बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मौके पर गौरक्षण प्रसाद सिंह, मोरध्वज प्रसाद सिंह उर्फ सुमन सिंह, डॉक्टर गौरी शंकर प्रसाद, शोएब खलीफा, समुद्दीन खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का जन्मदिन मनाया

**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन। युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने बताया कि प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का जन्म दिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाई। मौके पर जैनुल अंसारी, मुकेश तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी, आफताब, वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मेंद्र पाठक, नारद सिंह संजय सिन्हा, अनिल चंद्रवंशी, किशोर ओझा, मालती देवी, सूरज रजक, हैदर अली, तबरेज आलम, राजू खलीफा, मदन खान, एजाज खान, राहुल यादव, महेंद्र तुरिया, औरंगजेब अंसारी, विक्की दास, बबलू चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# देवी मंडप चाहरदीवारी को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव में बनाए जा रहे देवी मंडप के चाहरदीवारी निर्माण कार्य के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद का मामला प्रकाश में आया है। दो पक्ष में एक तरफ पंचायत के ग्रामीण तो दूसरी तरफ गांव के सीताराम नामक व्यक्ति है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि हम लोगों के पूर्वजों द्वारा गांव के बैगा को वर्षों पहले दे दिया गया था। उसी भूमि पर आज के दिन उनके वंशजों द्वारा मंदिर के बजाए शेष भाग की भूमि पर खेती करने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि उक्त भूमि के साथ-साथ देवी मंडप की भूमि को मिलाकर हम सभी संयुक्त रूप से चाहरदीवारी का निर्माण करने का काम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि जिनके द्वारा उक्त भूमि को अपना होने की बात बताई जा रही है। उनका केवाला फर्जी है। उनके केवला में कहीं भी चौहद्दी का का जिक्र ही नहीं है। बावजूद वह कैसे उक्त स्थल को अपना भूमि बताने का काम कर रहे हैं। इस दौरान देवशरण सिंह, लाल बहादुर सिंह ने बताया कि हम सभी जब से देख रहे हैं तब से इस भूमि पर बैगा के वंशजों द्वारा ही खेती करने का काम किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे की जमीन के साथ-साथ देवी मंडप की कुल जमीन के ऊपर हम लोग चाहरदीवारीका निर्माण करने का काम कर रहे हैं। दूसरे पक्ष के सीताराम ने बताया कि यह जमीन मेरा है। बावजूद मना करने के बाद भी ग्रामीण उस पर चाहरदीवारी का निर्माण कराने से परहेज नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत मेरे द्वारा कई जगहो पर की गई है। मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जो धार्मिक कार्य कराया जा रहा है, वह बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने बताया कि जिस जमीन के लिए विवाद की बात सामने आ रही है, वह जमीन गांव के पूर्वजों के द्वारा बैगा को दिया गया था।





## जायंटस ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर का पदस्थापना समारोह : निदेशक मंडल ने लिया शपथ



**श्री बंशीधर नगर।** जायंटस ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर का पदस्थापना फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा की उपस्थिति में अलका मैरेज गार्डेन परिसर में हुई। इसमे रंजन कुमार उर्फ छोटू अध्यक्ष सहित डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, सुजीत कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार,विनोद कांस्यकर, प्रमोद कुमार,हीरालाल ने निदेशक मंडल की शपथ लिया। इस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि श्री बंशीधर नगर का ग्रुप बहुत शक्तिशाली है। बहुत कार्य करने की शक्ति रखता है। उन्होंने उसे कार्यरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। सेंट्रल कमेटी सदस्य विनोद कुमार,फेडरेशन पदाधिकारी डॉ. धर्मचन्द लाल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किया। सुजीत अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी जय प्रताप चौबे का पुत्र सत्यम कुमार चौबे (24) बोलेरो की धक्के से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से अंचला स्थित फोरलेन पर गया था, इस बीच फोरलेन पर तेज रफ्तार से आरही बोलेरो ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण),15वें वित्त आयोग की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

## योजनाओं को पूरा कर उपलब्ध राशि को नियमानुसार व्यय करें: उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने लंबित सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। उक्त समीक्षात्मक बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही कार्य को पूर्ण करने व योजनाओं के अधीन प्राप्त राशि को ससमय शत प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान मनरेगा के मुख्य बिंदुओं में योजना पूर्णता, एरिया ऑफिसर, आधार से आधारित भुगतान, 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ-आवास में निर्गत मास्टर रॉल, लोकपाल द्वारा उठाये गए बिन्दू की समीक्षा की गई। साथ ही अद्यतन स्थिति से अवगत होकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत वैसे जॉब कार्डधारी जिनका 77 से 99 दिनों का कार्य उपलब्ध करा दिया गया है, को चिन्हित कर नियमानुसार कार्य उपलब्ध कराते हुए 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 में सामाजिक अंकेक्षण में आए मुद्दे पर पंचायत स्तरीय ज्यूरी का निर्णय अनुसार कार्रवाई करते हुए साक्ष्य के साथ अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021-22 व उसके पूर्व की लंबित योजना को बंद करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक (लेखा), डीआरडीबी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), डीआरडीबी, परियोजना पदाधिकारी (प्रधानमंत्री आवास), डी. आर. डी.बी, जिला समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास), डीआरडीबी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (पंचायत), पंचायतीराज, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), गढ़वा जिला, सभी प्रखंड समन्वयक (ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास), गढ़वा जिला, सभी प्रखंड समन्वयक (पंचायत), गढ़वा जिला व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

## प्रखंड स्तरीय संत रविदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड में संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में मैदान में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सरजू राम ने की। संचालन अखिलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि गुरु रविदास की तस्वीर पर मुख्य अतिथि प्रभा देवी ने विशिष्ट अतिथि मिथिलेश कुमार ,संजय कुमार ,मुख्य वक्ता अरुण कुमार ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित गणमान्य लोगों को फूल माला व पट्टा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीताडीह,कोट खास, दारूडीह, पिपरा खुर्द, राजहारा, बांसडीह से झांकी व शोभा यात्रा निकाल कर लोग प्रखंड मुख्यालय लेस्लीगंज पहुंचे। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि संजय कुमार ने कहा कि रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच,नर कूं नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच। इसका मतलब कि इस दोहे के माध्यम से संत रविदास कहते हैं कि केवल जन्म लेने मात्र से कोई नीच नही बन जाता है, बल्कि इंसान के कर्म ही उसे नीच बनाते हैं। पूर्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने रविदास कि अनमोल वचन को बताया कि हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए।

## पीएलवी ने आउटरीच कार्यक्रम के तहत चलाया जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार डीएलएसए गढ़वा के अंतर्गत चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान कार्यक्रम पीएलवी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कंचनपुर ग्राम पंचायत के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चलाया गया। इस दौरान पीएलवी ने ग्रामीणों को जागरूक किया। बताया कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़ कर कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के तहत व्यापक रूप से चलाए जा रहे फाइलेरिया रोधी अभियान के अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणों को पीएलवी ने जागरूक किया। कहा कि फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी क्यूलेक्स एनोफिलीज नामक मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया विश्व की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांगता व कुरूपता लाने वाली बीमारी है। यह हाथ या शरीर के अलावा और भी अंगों को प्रभावित करता है। इसके तहत हाथ, पैर,स्तन ,जननांग में भी इसका संक्रमण अधिकतर बचपन में ही पाया जाता है। इस बीमारी का पता चलने में 5 से 15 साल तक का समय लग जाता है। हाइड्रोसील का इलाज तो ससमय संभव है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों में पैर, हाथ, स्तन में आया हुआ सूजन आमतौर पर लाइलाज होता है। वर्तमान में झारखंड में रहने वाले सभी चार करोड़ लोगों को इस बीमारी का होने का खतरा है। इसलिए अगर इस खतरनाक बीमारी के दुष्प्रभाव से बचना है तो घर आने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही एल्बेंडाजोल की गोली खाएं और स्वस्थ रहें। इस बात का ध्यान रहे कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाएं,अत्याधिक बीमार व्यक्ति इस दवा का सेवन नहीं करें। कृपया यह सुनिश्चित करें कि 1 से 2 साल के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जानी है अतः घर आए हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही दवाई दवा खिलाएं। और इन सभी दवाइयां का सेवन एक बार में ही करना है यह भी ध्यान रहे। मौके पर प्रशिक्षक सतेन्द्र कुमार ने कहा कि आप सभी कानून की जानकारी रखें व अपने आस पड़ोस में कहीं भी कुछ घटना, दुर्घटनाएं होती है, तो उसकी सूचना जरूर दें।

## छापेमारी

### वन विभाग ने गुप्ता सूचना पर की कार्रवाई

# तस्करी के लिए जंगल में छिपा कर रखे गए सखुआ जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए जंगल में छुपा कर रखे गए सखुआ का कीमती लकड़ी को जब्त किया है। जब्त लकड़ी को चिनियां वन विभाग परिसर लाया गया है। यह जानकारी चिनियां प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर व वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर की गई है। सूचना मिली थी कि चिनियां थाना क्षेत्र के बेता गांव के पाल्हे घाटी जंगल में लकड़ी माफिया जंगलों से बड़ी संख्या में सखुआ के पेड़ की कटाई कर इसकी तस्करी के लिए अन्यत्र कहीं दूसरे जगह पर ले जाकर बेचने की तैयारी में है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर जंगल में छिपा कर रखा सखुआ का कीमती लकड़ी जब्त किया गया। जब्त लकड़ी पांच चौपहल व 14 बोटा को जब्त कर लड़कियों को ट्रैक्टर से चिनियां वन परिसर लाया गया है। आगे की कार्रवाई करते हुए तस्करी करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तस्करों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही इसका खुलासा कर लिया जाएगा कि लकड़ी तस्कर कहां का हैं। छापेमारी अभियान में चिनियां प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, विपिन मेहता, घनश्याम प्रसाद, हेमंत तिर्की सही अन्य शामिल थे।

# जीवन में भक्ति और सत्कर्म का विशेष महत्व : देवी प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** श्री भागवत महापुराण सिर्फ एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य ज्योति है। यह ग्रंथ हमें सत्य प्रेम भक्ति और धर्म का मार्ग दिखाता है। उक्त बातें कथावाचिका देवी प्रतिभा ने मां चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण में चल रहे शतचंडी महायज्ञ में भागवत कथा के दौरान कही। देवी प्रतिभा ने कथा के तीसरे दिन महाभारत और राजा परिक्षित से जुड़ी कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा की जीवन में भक्ति और सत्कर्म का विशेष महत्व है। उन्होंने श्रवण, कीर्तन और स्मरण के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जो भक्त भगवान श्री कृष्ण कि कथा सुनता हैं, उसका समस्त पाप नष्ट हो जाते है, और उसके लिए मोक्ष का द्वार खुल जाता है। उन्होंने बताया कि सत्यम, चैतन्य और आनंद भागवत के तीन रूप हैं। उन्होंने कहा कि आप भगवान के मंदिर जाते हैं तो दर्शन-पूजन करते हैं और ईश्वर से कुछ नहीं मांगते हैं। भगवान आपको बिना कुछ मांगे ही सब कुछ दे देते हैं। मांगने से आपको उतना ही मिलता है, जितना आपने मांगा होता है और नहीं मांगने से आपको वो सब कुछ मिल जाता है जो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। इसीलिए ईश्वर से मांगने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान श्री कृष्ण कि उपासना और भक्ति से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। देवी प्रतिभा ने अपनी ओजस्वी वाणी और संगीत में भजन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी को जमीन नहीं देंगे : ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव मे दर्जनों महिला पुरुष ने बैठक कर एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि 14 फरवरी को बनवार खेल मैदान में एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी द्वारा बारवाडीह के ग्रामीण छोड़ कर दूर दराज के लोगो को बुलाकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। कंपनी के द्वारा हम लोगों को कोई किसी प्रकार का ग्राम सभा होने की सूचना नहीं दिया गया था। ग्राम सभा में सभी ग्रामीणों को कंपनी लगाने और सहमति देने तथा जमीन देने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। आस पास के टोला के लोग जान देंगे, लेकिन बारवाडीह टोले की ग्रामीण जमीन नहीं देंगे। यहां लोग पीढ़ी दर पीढ़ी से निवास करते आ रहे हैं। नया सर्वे में जमीन की भारी गड़बड़ी हुई है। कई लोगों को गैर अजूरवा भूमि का बंदोबस्ती परचा प्राप्त हुआ और ऑफलाइन रसीद भी कटा है। मौके पर आदित्य कुमार यादव, सकेंद्र यादव,भुखल यादव,नरेश गंझू, मोहन महतो,प्रमोद गंझू,दिलीप गंझू,सकेंद्र गंझू,अजय सिंह,पिंटू कुमार सिंह, संदीप सिंह,विनोद गंझू, शंकर गंझू, राजू गंझू, अर्जुन गंझू,बजन गंझू, महेन्द्र गंझू, अशोक भुइयां, संतोष,यादव, प्रकाश गंझू, ममता देवी, सीता देवी रीता देवी, अनीता देवी, जयंती देवी, विजेता देवी,चिंता देवी, रूनीय देवी, सुरमणि देवी जागेश्वर गंझु, लालू गंझू, बाबूलाल गंझू, संजय पासवान, जगमोहन गंझू, कुंती देवी, मतोरवा देवी, दीपक गंझू, रमेश गंझू काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध अफीम की खेती करने वाले 10 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चंदवा पुलिस द्वारा अवैध रूप से लगाये गए मादक पदार्थ अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। पुनि रणधीर कुमार सिंह व उनकी टीम ने थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के तोरार वन क्षेत्र में 7 से 8 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। ज्ञात हो कि तोरार में कई वर्षों से अफीम की खेती की जा रही है। लगभग एक माह के दौरान चंदवा पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा इस क्षेत्र से अफीम की खेती को नष्ट किया था। नशे के सौदागर इस मादक पदार्थ अफीम खेती ऐसे ही सुनसान जंगलों में करते हैं। बता दे कि उक्त स्थान पर लगे पौधे के फल तैयार हो चुके थे, जिसमें से चीरा लगाकर अफीम निकलने की स्थिति हो चुकी थी। चंदवा पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध अफीम की खेती करने वाले 10 नामजद अन्य अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।



## 70 एकड़ भूमि में लगे पोस्ता फसल को किया नष्ट

**बारियातू।** पुलिस व वन विभाग ने रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर 70 एकड़ भूमि में लगे अवैध पोस्ता फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने बारियातू थाना क्षेत्र के ग्राम बालूभांग,गुरवे,पूर्णाडीह,मुगीदीड़ा में 70 एकड़ भूमि में लगे अवैध पोस्ता फसल को ट्रैक्टर,घास कटर व लाठी डंडो से पीटकर नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। अवैध खेती में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध पहचान कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मौके पर बालूभांग मुखिया केदार गंझू, वार्ड सदस्य मनोज राम सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# आदिवासियों के सार्थक प्रयास से खुशहाल समाज बनाने का प्रयास करना है : पूर्व मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत पड़हा भवन नचना में सात पड़हा बारियातू के तत्वावधान में पड़हा भवन पड़हा सम्मेलन आयोजित की गई। इसमें बारीरखाप, पुकचु,करमाही गाड़ी नचना, साल्वे, (अलखडीहा) गुरु साल्वे बारियातू,(अम्बवाडीह) पड़हा चट्टा गांव इस पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सम्मेलन का का मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री देव कुमार धान कि उपस्थित में में हुई। इसमें जिला पड़हा प्रभुदयाल उरांव बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन जगदीश उरांव व कपलेश उरांव ने किया। पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा हम लोग अपना धर्म संस्कृति रीति रिवाज परंपरा छोड़ रहे हैं, जो ठीक नहीं है। हमे अपना धर्म संस्कृति का संरक्षण करना है। बच्चों को सही शिक्षा देना है। हम सभी आदिवासियों को सार्थक प्रयास से एक खुशहाल समाज बनाने का प्रयास करना है। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। शिक्षक अजय कुमार बैठा ने शिक्षा पर अपने अनुभव साझा करते हुए सभी अभिभावकों को बच्चों को सही शिक्षा देने में अपना योगदान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बच्चो को मोबाइल की सही उपयोग करने को कहा साथ ही बच्चों के हर गतिविधियों पर अभिभावकों को ध्यान देने को कहा। चतरा के महेश भगत ने समाज मे व्याप्त नशा खोरी व आदिवासी समुदाय द्वारा शराब बिक्री पर अपना विचार दिए। प्रमोद उरांव, जयपाल उरांव, अनुज उरांव, महेश भगत सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला पड़हा विंग प्रभुदयाल उरांव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर धर्म अगुआ तेतर उरांव, महावीर उरांव, धने उरांव दिगम्बर टाना भगत, जगदिश उरांव, बालकेश उरांव, राजु रामवृक्ष लोहरा सहित भारी संख्या मे महिला पुरुष युवक युवती मौजूद थे।

# खुलेआम बेचा जा रहा है अवैध शराब

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट में इन दिनों पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी हुई है। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए शराब की अवैध कारोबारियों की चांदी हो गई है। शराब के अवैध धंधे में लगे कारोबारियों ने पुलिस व उत्पाद विभाग की मिली भगत से नेतरहाट बरटोली में बिक्री काउंटर खोल रखा है। बताया जाता है कि दोगुने से अधिक मूल्य पर अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। धड़ल्ले से जारी इस अवैध धंधे को देखने वाला कोई नहीं है। दूर दराज से आने वाले सैलानी मजबूरी में दोगुने दामों पर शराब खरीदने को विवश है। बताया जाता है कि प्रतिदिन हजारों एलपी शराब की खपत नेतरहाट में हो रही है। वर्तमान में वहां सैलानियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी

इस संबंध में उत्पाद अधिकारियों से पूछे जाने पर उनका कहना है कि परचुनिया के द्वारा बिक्री की सूचना उन्हें मिली है, लेकिन वह अवैध है। वह इस सूचना मिलने पर कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया मैं अभी बाहर हूं। जानकारी मिली है। छानबीन की जाएगी।

# शोभा की वस्तु बनी जलमीनार



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** जिले के कुंदा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में पेयजल की समस्या दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने महत्वाकांक्षी नल जल योजना लागू किया था, लेकिन श्रेया इंफ्रास्ट्रक्चर संवेदक की मनमानी और विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण कुंदा प्रखंड क्षेत्र बजरही भुइयां टोली में सिर्फ स्ट्रक्चर खड़ा कर छोड़ दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र में अधिकतर जलमीनार दम तोड़ रही है। एक ओर सरकार करोड़ों रुपया खर्च कर ग्रामीणों के प्यास बुझाने के लिए जलमीनार लग रही है, तो दूसरे ओर जलमीनार खुद प्यासे पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार कई जगह जल मीनार लगने के साथ खराब हैं, तो कई जगह सिर्फ टंकी लगाकर छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर तो घर-घर नल जल नहीं पहुंचाया गया है। वहीं कई जगह पर ड्राइ बोरिंग में ही मोटर लगा दिया गया। जिसके कारण पेय जल समस्या ग्रामीणों के बीच जस की तस बनी हुई है। बोधडीह पंचायत में नल जल योजना का कार्य 2022-2023 में किया गया था। जिससे लोगों में थोड़ी उम्मीद जगी थी की अब हम लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी लोगों को पानी एक बूंद भी नसीब नहीं हो पा रहा है। बोधडीह पंचायत का हाल यह है कि कहीं मोटर नहीं लगाया गया है, तो कहीं पाइप नहीं लगाया गया है। यही नहीं कहीं टंकी भी नहीं लगाया गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के साथ स्थानीय सांसद और विधायक से पहल करते हुए जल मीनारों को दुरुस्त कराने व पेयजल की समस्या के समाधान कराने की मांग की है।

# सरना समिति ने सरहुल पर्व तैयारी को लेकर की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय भवन के समीप आदिवासी वासावडा में रविवार की दोपहर सरना समिति ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरना समिति के अध्यक्ष पहलू उरांव की। एक अप्रैल को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही विभिन्न जिम्मेवारी समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को दी गई। मौके पर अध्यक्ष पहलू उरांव ने कहा कि इस वर्ष सरहुल पर्व को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। भव्य पूजा अर्चना झंडा-बैनर, प्रचार-प्रसार समेत विभिन्न कार्य कराई जाएगी, ताकि सरहुल पर्व को विशेष आकर्षक बनाया जा सके। मौके पर पूर्व कोषाध्यक्ष रन्थू उरांव ने कहा कि आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व आदिवासी वासावडा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी और सदस्यों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर समिति के सचिव बिरसा मुंडा, जिप सदस्य विनोद उरांव, नावागढ़ मुखिया प्रवेश उरांव, मोती उरांव, तुलेश्वर उरांव, सर्वजीत उरांव, रामचरण उरांव, सुदर्शन उरांव समेत कई लोग शामिल थे।

## रेल प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा : प्रमोद

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू ने शनिवार की रात दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने के कारण हुई 18 लोगों की मौत व घायल लोगों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना नहीं नरसंहार है। इसके लिए रेल प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेवार है। 14 नंबर प्लेटफार्म पर ट्रेन को आना था। अचानक से 16 नंबर प्लेटफार्म पर ट्रेन आने का अनाउंसमेंट करना रेल प्रशासन की लापरवाही है। उन्होंने कुंभ स्नान के दौरान मरने वालों को मुआवजा के तौर पर 25 लाख रुपए। दिल्ली में मौत पर 10 लाख का मुआवजा क्यों। यह भेदभाव नीति गलत है।

## पिता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरण

**चंदवा।** समाज सेवी स्व. उमाशंकर गुप्ता (अकेला जी) की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके पुत्रों ने जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया। उनके बड़े पुत्र मनीष गुप्ता व छोटे पुत्र पत्रकार रोशन गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में घूम घूम कर बड़े बुजुर्ग व छोटे-छोटे बच्चों बीच सामग्री का वितरण किया। चंदवा के विश्वनाथ शनि देव मंदिर में श्रद्धालुओं के सहायतार्थ कुर्सी भी दान करने का काम किया।

# सड़क पर पड़े पीसीसी के टुकड़े से लग रही जाम

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत स्थित जरी ग्राम के पास सीसीएल का पीसीसी सड़क पर इन दिनों निरंतर जाम लग रही है। जर्सल मगध सीसीएल द्वारा फुलबासिया से बालूमाथ तक बनाई गई पीसीसी सड़क जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे मगध सीसीएल द्वारा रिपेयरिंग के लिए संविदा निकाली गई थी। संवेदक द्वारा सड़क का रिपेयरिंग तो किया जा रहा है, पर पहले से जहां-जहां टूटी हुई पीसीसी सड़क थी उससे जो पीसीसी का बड़ा-बड़ा टुकड़ा निकला उसे सड़क के कई जगह पर ही महीनों से छोड़ दिया गया है। इस सड़क से हाइवा, ट्रक व कई वाहन कोयला का परिवहन दिन और रात होती है। गाड़ियां आमने-सामने पहुंचते ही जाम लग जाती है। जब एक तरफ की गाड़ियां रोकनी पड़ती है, तब कहीं सड़क की दूसरी ओर की गाड़ियां निकल पाती है। अगर गाड़ी पहले दोनों तरफ से घुस जाए तो घंटों जाम लग जाता है। यह समस्या पिछले एक महीना से देखा जा रहा है। संवेदक के लापरवाही के कारण ट्रक और हाइवा के परिचालन में रुकावट आ रही है, जिससे कोयला परिवहन का ट्रिप का लास हो रहा है। देखा जाए तो यह 24 घंटे में 10 बार से भी ज्यादा जाम लग जाती है।

# प्रीमियर लीग सीजन टू का चैंपियन बना हिंदुस्तान फाइटर

नवीन मेल संवाददाता




**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जा रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन टू का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला हिंदुस्तान फाइटर बनाम टाइटंस टाइगर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 148 रन का स्कोर खड़ा किया। हिंदुस्तान फाइटर के तरफ से सर्वाधिक रन उपेंद्र राणा ने 43 बॉल में आतिशी पारी खेलते हुए अपने टीम के लिए आठ छक्के और नौ चौके के साथ 103 रन बनाया। टाइटंस टाइगर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए हिमांशु कुमार ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी टाइटंस टाइगर ने 12 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 123 रन ही बना पाई। इस प्रकार हिंदुस्तान फाइटर ने टाइटंस टाइगर को 25 रन से हरा दिया। टाइटंस टाइगर के तरफ से सर्वाधिक रन अरविंद कुमार ने 77 रन का योगदान दिया। हिंदुस्तान फाइटर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए उपेंद्र और अमीर ने तीन तीन विकेट लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उपेंद्र राणा को हीरा टाइल्स मार्बल की तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच समाप्त होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी उपस्थित थे। विजेता टीम को 31 हजार रूपए नकद व कप प्रदान किया गया। उपविजेता टीम को 21 हजार रूपए नकद व कप देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया। मौके पर गिद्धौर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष सहित अनय उस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स


## कौलेश्वरी पशु मेला समिति का विस्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला समिति का विस्तार रविवार को कर दिया गया। समिति का विस्तार मेला अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। मुकेश कुमार को सचिव,देवनारायण दांगी को सह सचिव, जयप्रकाश दांगी को उपाध्यक्ष,विनोद कुमार पासवान को कोषाध्यक्ष,विजय भारती को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। मेला के निदेशक विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार को बनाया गया है। मेला की तैयारी शुरू कर दिया गया है।

## गांव में मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह आज

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के ग्राम चटुआग में 17 फरवरी से किसान अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह पर बैठेंगे। इस आशय की जानकारी किसान सनिका मुंडा,लेचा गंझू ने प्रेस बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गांव की कई समस्याएं आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद जस की तस बनी हुई है। किसान कई मूलभूत समस्याओं से जूझने को मजबूर हैं। जनप्रतिनिधियों व प्रशासन द्वारा गांव के समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई ऐसे टोले हैं, जहां शुद्ध पेयजल और सड़क, बिजली की सुविधाएं भी अब तक नहीं पहुंच पाई है। बुनियादी सुविधाओं को लेकर कई बार प्रशासन का ध्यान खींचा गया। आश्वासन भी मिला लेकिन नतीजा सिफर रहा। ग्रामीण आज भी विकास के नाम पर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। कामता पंचायत के पहना पानी,हठुला,कारी टोंगरी, ठुठी डुमर,लोहराई टोला, ननफुलिया टोला, पूरनपनियां, लोथराबर, सनेबोथवा, भेलवाही टोले में बिजली पानी सड़क तक मयस्सर नहीं है। इन समस्याओं के समाधान के लिए किसान जमीन समाधि सत्याग्रह पर बैठेंगे।

## विस्थापित क्षेत्र के ट्रक मालिकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सांसद काली चरण सिंह को रविवार को एनटीपीसी परियोजना से विस्थापित क्षेत्र के ट्रक मालिकों ने ज्ञापन सौंप कर परियोजना प्रबंधन द्वारा 16 फरवरी से फ्लाई एश की लोडिंग रोक लगाने से क्षुब्ध होकर उक्त मुद्दे पर समुचित संज्ञान लेने का आग्रह किया। पत्र में बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा ट्रकों द्वारा फ्लाई ऐश ढुलाई में रोक लगाये जाने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रबंधन को उन्होंने अपनी बेशकीमती जमीन देकर जीविकोपार्जन के लिए ट्रक खरीदा है, जिस पर गलत नीति से संकट उत्पन्न हो गया है। चार सूत्री मांगों में ट्रकों का परिचालन पुनः शुरू करने, ट्रक व हाइवा में अंदर लोडिंग देने, प्रबंधन द्वारा कांटा स्लिप देते हुए सुखा राख उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। आवेदन पत्र में मो. साबिर, आफताब आलम, रुपेश यादव,अलीम,मुकेश महतो,चुमन यादव,संजीत उरांव,झमन महतो,मो. कासिम समेत अन्य के हस्ताक्षर हैं।

## सांसद कालीचरण सिंह ने टंडवा में किया महादेव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन



**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय के शहीद चौक स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त महादेव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर इस शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कॉलेज के संचालक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय छात्रों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि यह कॉलेज झारखंड के शिक्षा स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस संस्थान से निकले विद्यार्थी बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे और समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे। उद्घाटन समारोह में अनेक गणमान व्यक्ति उपस्थित थे।

## गरीबों के बीच कंबल का वितरण



**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में 100 गरीबों के बीच कंबल का वितरण रविवार को किया गया। उक्त कंबल राज्य सभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा उपलब्ध कराया गया था। मौके पर उपस्थित रेड क्रॉस सचिव धर्मेंद्र पाठक व पूर्व राज्य सभा सांसद के प्रतिनिधि हाजी साबिर हुसैन ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की की तरह इस वर्ष भी कंबल का वितरण किया गया है। यह कंबल जरूरतमंद और चिन्हित लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष विवेक केशरी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संतन पांडेय, समाजसेवी ओम प्रकाश वर्मा के अलावा रेड क्रॉस की एएनएम जयंती कुमारी, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, एमपीडब्ल्यू निर्भय कुमार, तकनीशियन विजय कुमार, तापेश्वर प्रसाद सोनी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में 41 हजार 186 लाभुकों का नहीं हुई ई-केवाईसी

**महुआडांड़।** प्रखंड के विभिन्न जन वितरण दुकानों में अब तक 41,186 कार्डधारियों की ई केवाईसी नहीं हो पाई है। मात्र 60,78 प्रतिशत ही ई केवाईसी प्रखंड में हुई है। कभी सवर डाउन तो कभी अन्य कारणों से कार्डधारकों का केवाईसी में देरी हो रही है। फरवरी तक ई केवाईसी करनी है,लेकिन ई केवाईसी की जो स्थिति है उससे फरवरी माह तक सभी कार्डधारियों की ई केवाईसी होने की संभावना नहीं है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार महुआडांड़ प्रखंड के जनवितरण दुकानों में 67765 कार्डधारक हैं। उसमे अभी तक 41186 की ई केवाईसी हो पाया है। शेष 26578 कार्डधारक अब तक ई केवाईसी नहीं करा पाये है। इस संबंध में डीलर संघ अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि पॉश मशीन के ऑन लाइन सर्वर डाउन होने से काफी दिक्कत हो रही है। फरवरी माह के अंत तक शायद लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

# सेवा भारती के स्वास्थ्य शिविर में 42 लोग हुए लाभान्वित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 140 वॉं सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 42 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी बढ़ जाती है जिससे कि आगे जाकर काफी कष्ट दायक बन जाती है। यहाँ चेकअप कराने के बाद कई लोगों को अपने बहुत से बीमारियों की जानकारी प्राप्त हुई और उक्त बीमारी का इलाज करा कर स्वस्थ्य हो रहे है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की शरीर स्वस्थ्य रहने पर ही हम कोई कार्य अच्छे से कर सकते हैं ईश्वर ने हम सभी को मानव जीवन प्रदान किये हैं,इसे बीमारियों से बचाएं व्यर्थ जाने ना दे, इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य संबंधित चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे की बीमारियों का कोई भी लक्षण रहने पर उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके। सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए,लगाई जाती है। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,संजय चौधरी,अनामिका भारती,राजू यादव,अंजलि सर्राफ, शंभू शर्मा, सत्यम सर्राफ, सुरेश पोद्दार, अतुल सराफ, प्रियंका शर्मा, तपेश्वर अग्रवाल, बिहारी उरांव, राजेंद्र प्रसाद, मीरा देवी, बृजेश प्रसाद, अनुराधा प्रसाद, सुबोध महतो, प्रवीण कुमार, सुधांशु प्रकाश, पूनम देवी, शीला देवी, गोपाल प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, रुपेश चौधरी, प्रभु दयाल साहु, तारा भंडारी, सुरेंद्र प्रसाद साहु, बीना देवी,रमेश प्रसाद,सच्चिदानंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## जगुआर बटालियन द्वारा शहीद की पत्नी को किया गया सम्मानित



**सेन्हा-लोहरदगा।** जवानों की शहादत जाया नही हो और उस याद को कायम रखने की दिशा में पहल करते हुए समय समय पर शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके परिजनों को विभाग की ओर से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को जगुआर बटालियन के द्वारा सेन्हा थाना परिसर में शहीद अजय कुजूर की धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगुआर बटालियन से शशिकांत सिंह व सेन्हा थाना के एएसआई गोवर्धन तुरी मौजूद थे। जगुआर के शशिकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून 2018 को लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान आरक्षी अजय कुजूर शहीद हो गये थे। जिनकी वीरता को याद करते हुए राज्य व देश के प्रति प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों को याद करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के वीर शपुत शहीद अजय कुजूर की पत्नी सरिता कुजूर को ऑडी पदाधिकारी की मौजूदगी में जगुआर बटालियन की ओर से पुष्पगुच्छ देकर, शॉल ओढाकर तथा डिनर सेट देकर सम्मानित किया गया।

### सांसद सुखदेव भगत ने कार्यक्रम स्थल का लिया जाएगा

## आज भव्य रूप से मनाया जाएगा वीर बुधू भगत जयंती समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती समारोह 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जयंती के अवसर पर जतरा एवं विकास मेला का भी आयोजन किया गया है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारी का जायजा लिए और आयोजन समिति को कार्यक्रम स्थल को बेहतर ढंग से सजाने संवारने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । सांसद कार्यक्रम के हर पहलू पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। कल का कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है ।कल का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा ।हजारों की संख्या में लोग खोड़हा दल के साथ शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ,सांसद सुखदेव भगत, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह, लोहरदगा प्रशासनिक पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी गण पाहन पुजार सहित सभी समाज के अगुवा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ,कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ,मनोज भगत मनोज सोन तिर्की, रवि रोशन बेक ,सोनू कुरैशी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## आम चुनाव में उम्मीदवारों के बीच होगा कड़ा मुकाबला : निश्चय वर्मा

अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्ष से चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा चुनाव संचालन समिति के पर्यवेक्षक निश्चय वर्मा ने जानकारी देते हुए कहां की आगामी 2 मार्च 2025 को होने वाले महासभा के आम चुनाव में जिला समिति का गठन बैलट पेपर में वोटिंग के माध्यम से होना है जिसके नामांकन के अंतिम दिन दिनांक 15/02/2025 दिन शनिवार तक कुल 6 नामांकन पत्र कार्यालय से क्रय किए गए जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 2 महासचिव पद हेतु 2 एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु 2 पत्र खरीदा गया, सभी उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जा चुका है। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु राजेंद्र राम वर्मा एवं विकास वर्मा, महासचिव पद हेतु प्रदीप नारायण सिंह एवं अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ गुंजन, कोषाध्यक्ष पद हेतु श्याम सुंदर वर्मा एवं अमित कुमार वर्मा शामिल हैं। इन सभी पद हेतु नामांकित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की इस स्क्रुटनी दिनांक 16/02/2025 दिन रविवार को की जानी है इसके उपरांत सभी उम्मीदवारों को उनका चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। निश्चय वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि इस चुनाव में उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर हो सकती है, किसी भी उम्मीदवार के लिए जीत का रास्ता आसान नहीं होगा।

## कुडू में हज यात्रियों के प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**कुडू-लोहरदगा ।** कुडू बाईपास रोड स्थित शमीम खान के आवास परिसर आसिफ कॉम्लेक्स में रविवार को हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान, धार्मिक विद्वानों ने हज के दौरान किए जाने वाले अनुष्ठानों के बारे में मार्गदर्शन दिया, साथ ही मदीना की यात्रा की जानकारी और हज यात्रा के लिए जरूरी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं और यात्रा से जुड़ी तमाम अहम जानकारियां दी। मौके पर उलमाओं ने इस वर्ष हज करने के लिए चुने गए हज यात्रियों को बधाई दी। मास्टर ट्रेनर तरबियती हज कमिटी बलसोकरा के सेक्रेटरी अल्हाज मास्टर साजिद साहब ने बताया कि हज के तीन फर्ज हैं, जिसमें पहला एहराम, नीयत और तलबिया, दूसरा वुकूफे अरफा और तीसरा तवाफे ज्यारत। साथ ही आजमीने हज को एहराम बांधने का तरीका भी बताया।

## द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सवः साहित्य संस्कृति और शिक्षा के संगम का दूसरा दिन





**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद एवं कोल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ। इस दौरान साहित्य, भाषा, आदिवासी संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रख्यात लेखक, कवि, शिक्षाविद, युवा और बुद्धिजीवी शामिल हुए।

**साहित्य, पुस्तकें और भाषा पर विचार-विमर्श**
महोत्सव का पहला सत्र किताबें करती हैं बात था, जिसमें लेखक अक्षय बहिबाला, शताब्दी मिश्रा, अनुकृति उपाध्याय, चंद्रहास चौधरी और विक्रम कुमार ने पुस्तक संस्कृति और साहित्य के प्रचार-प्रसार पर विचार साझा किए। शताब्दी मिश्रा और अक्षय बहिबाला ने वॉकिंग बुक फेयर की अवधारणा प्रस्तुत की।

## पद मुक्त मुखिया सुगिया देवी सभी शक्तियों के साथ वापस लौटी अपने पद पर




**नवीन मेल संवाददाता**
**सिसई(गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लकेया पंचायत के मुखिया के रुप में सभी शक्तियों के साथ लौटी मुखिया सुगिया देवी। लकेया पंचायत में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी के मामले में लकेया पंचायत मुखिया सुगिया देवी को गुमला उपायुक्त के द्वारा पद मुक्त कर दिया गया था। और उप मुखिया को मुखिया का पद सौंपा गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए झारखंड सरकार के अवर सचिव पंचायती राज विभाग द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में उपायुक्त गुमला द्वारा सुगिया देवी को पुनः लकेया पंचायत के मुखिया के रूप में कार्य करने का आदेश दिया गया। शनिवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं, लकेया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान की उपस्थिति में लकेया मुखिया को आदेश पत्र सौंपा गया। इस दौरान उपस्थित सभी मुखियाओं व जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों द्वारा सुगिया देवी को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व शुभकामनाएं दी गई। सुगिया देवी ने कहा कि सत्य हमेशा जीतता है। मैंने मुखिया के पद पर रहते हुए निरंतर इमानदारी पुर्वक गरीब जनता और पंचायत वासियों की सेवा की है, समर्पित व निष्पक्ष सेवा भाव से काम करने और सभी को साथ लेकर चलने और मेरे निष्पक्ष व इमानदारी से किए कार्यों से कुछ एक लोगों जिनके नाजायज मांगों को पुरा नहीं करने के कारण षडयंत्र रच कर मुझे फसाने और मेरे स्वच्छ छवि को धुमिल करने का प्रयास किया गया था, किन्तु झुठ कितना भी ऊंचा बोला जाए सच के आगे एक न एक दिन उसे हारना पड़ता है।

## मजबूरी के बीच बदरंग होते टमाटर ने किसानों के चेहरे का उड़ाया रंग



**नवीन मेल संवाददाता**
**बसिया(गुमला)।** टमाटर को सब्जियों का सरताज माना जाता है। विशेषकर भारतीय थाली में इसका स्थान सर्वोपरि है। ऐसे में टमाटर उत्पादक किसानों के लिए भी यह एक निर्विवाद कैश क्रॉप है। इन विशेषणों के बावजूद इस साल टमाटर उत्पादक किसानों के लिए यही टमाटर सरदर्द बन गया है और हाट बाजारों की शोभा बढ़ाने के बजाय यह कचड़ों के ढेर में अपनी मुकाम तलाशने की स्थिति में आ चुका है। बताते चलें कि जबतक स्थानीय हाट बाजारों में अन्य जगहों से आनेवाले टमाटर यहां की थाली को रंगीन बनाने में लगे रहे तबतक इसकी कीमत डेढ़ दो सौ रुपये प्रति किलो तक था। इधर जैसे ही स्थानीय किसानों के फसल बाजारों का जायका बढाऩे लगे तब से इसी टमाटर की कीमतें भरभराकर गिरने लगी। इसकी इसी रंगीन कीमतों की लाली से अभिप्रेरित होकर यहां के किसानों ने भी भारी मात्रा में यहां टमाटर पर किस्मत आजमाने का निर्णय लिया। दुर्भाग्यवश किसानों का यह दांव काम नहीं आया और अब इसके लिए कोई पांच रुपए प्रति किलो भी देने को तैयार नहीं है। नतीजा सामने है जबकि हाट बाजारों के बेरूखी से परेशान किसान अब इसे सड़कों के किनारे फेंकने को मजबूर नजर आ रहे हैं। इस तथ्य की पुष्टि करते हुए कई किसानों ने बताया कि हालात इतनी बदत्तर हो चुकी है कि टमाटर उत्पादन का लागत मूल्य तो दूर की बात, उन्हें दिनभर हाट में बैठकर अपना समय गंवाने की मजदूरी भी नसीब नहीं हो पा रही है। ऐसा इसलिए कि एक किसान दिनभर हाट बाजार में बैठकर यदि अधिकतम चालीस किलोग्राम टमाटर बेचने में सफल भी हो जा रहा है तो उसके हांथों में महज दो सौ रुपये ही आ पा रहे हैं।

### दो दिवसीय सरना प्रार्थना सभा संपन्न

## विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने गाया झूमर गीत




**नवीन मेल संवाददाता**
**गुमला।** भरनो प्रखंड अंतर्गत मारासिली गांव में सरना समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सुकेश उरांव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जिग्गा सुसारन होरो एवं केंद्रीय अध्यक्ष नारायण भगत सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा में गांव के पहान-पुजार द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से सरना प्रार्थना की। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए भजन मंडलियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। विशेष रूप से विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने स्टेज पर पारंपरिक झूमर गीत गाया और लोगों के साथ नृत्य भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मारासिली गांव में हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य तरीके से सरना प्रार्थना सभा आयोजित की गई। सैकड़ों लोगों ने इसमें भाग लेकर अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति एकजुटता दिखाई, जो सराहनीय है। समाज के लोग इसी तरह एकजुट रहें, मेरा सहयोग हमेशा आप लोगों के साथ रहेगा। कार्यक्रम में पूरी रात भजन-कीर्तन चलता रहा, जिससे पूरे गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान झामुमो अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, एतवा उरांव, जतरु उरांव, संजय उरांव सहित सैकड़ों सरना धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

## लचरागढ़ में क्रिकेट क्लब का जिला खेल पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में क्रिकेट क्लब का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह,लचरागढ़ मुखिया जिरेन मड़की,ओबीसी केंद्रीय अध्यक्ष विष्णु साहू,भाजपा नेता विधा बड़ाइक,जेसीए एंटी करप्शन सदस्य जितेश कुमार राज उपस्थित थे।इस अवसर पर लचरागढ़ क्रिकेट क्लब और लेदर बाल पीच का मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने फीता काट कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि लचरागढ़ में आज का दिन ऐतिहासिक रहा यहां के बच्चों में खेल प्रति उत्साह देख काफी खुशी हुआ। लेदर बोल क्रिकेट पीच का उद्घाटन हो जाने से यहां के स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा साथ ही छोटे -छोटे बच्चे भी अब क्रिकेट खेल का अभ्यास कर सकेंगे।

### गुमला में भाजपा की निष्क्रियता पर उठे सवाल

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नहीं हुआ कोई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**
**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक ऐतिहासिक नेता नहीं, बल्कि उसकी विचारधारा के आधार स्तंभ हैं। उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर भाजपा की नीतियां और संगठनात्मक ढांचा विकसित हुआ है। हर वर्ष उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर भाजपा विशेष कार्यक्रम आयोजित करती आई है, लेकिन इस बार गुमला जिले में पार्टी की निष्क्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। न तो कोई आधिकारिक कार्यक्रम हुआ और न ही किसी प्रमुख नेता ने सार्वजनिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गुमला में भाजपा की स्थिति और बढ़ते सवाल**
गुमला भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में यहां संगठन की पकड़ कमजोर पड़ती दिख रही है। कई वरिष्ठ नेता संगठनात्मक गतिविधियों से दूर हो रहे हैं। नए नेतृत्व को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल रहा, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। संगठन में स्पष्ट रणनीति का अभाव नजर आ रहा है। इस बार का सदस्यता अभियान भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सका। कई बड़े नेता अभियान में सक्रिय नहीं दिखे।

**सदस्यता अभियान की व्यस्तता या बहानेबाजी?**
संयोगवश, 11 फरवरी को भाजपा का सदस्यता अभियान भी अपने अंतिम चरण में था। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं को नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, कई वरिष्ठ नेताओं सहित अधिकांश पदाधिकारी अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर सके। 10 फरवरी को वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतनारायण सिंह विशेष रूप से अभियान की समीक्षा के लिए गुमला पहुंचे थे, लेकिन अभियान की स्थिति देखकर बिना ठोस नतीजे के लौट गए। इससे संगठन में समन्वय की कमी और जमीनी कार्यकताओं में उत्साह की गिरावट का संकेत मिलता है।

**सदस्यता अभियान की व्यस्तता या बहानेबाजी?**
संयोगवश, 11 फरवरी को भाजपा का सदस्यता अभियान भी अपने अंतिम चरण में था। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं को नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, कई वरिष्ठ नेताओं सहित अधिकांश पदाधिकारी अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर सके। 10 फरवरी को वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतनारायण सिंह विशेष रूप से अभियान की समीक्षा के लिए गुमला पहुंचे थे।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में पुलिस कारवाई, एक ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में लगातार संयुक्त कारवाई किया जा रहा है.उसी निमित रविवार को जमुरा बालू घाट कोयल नदी से अवैध बालू उठाव करते बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू उठाव की गुप्त सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार सशत्र बल के साथ छापेमारी अभियान चला कर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया.तथा अग्रतर कारवाई हेतु खनन अधिनियम के तहत संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.की रविवार सुबह में चोरी छुपे अवैध बालू का उठाव किया जा रहा था। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिलते ही अभिलंब कारवाई किया गया। विदित हो कि क्षेत्र से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में लगातार कारवाई के बावजूद खनन विभाग को राजस्व क्षति किया जा रहा है। जिसको लेकर राज्य सरकार द्वारा भी पहल नही किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा जप्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को अवगत कराया गया।

### दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल





**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर नेशनल हाइवे में देर शाम को अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना में छात्र सहित तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमे दो को रेफर किया गया। दुर्घटना थाना क्षेत्र के अमन चौक सेन्हा तथा भड़गांव बाजार के समीप देर शाम को हुआ था। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा दे कर लोहरदगा से घर लौट रहा छात्र का स्कूटी जे एच 08 जी 1781 अनियंत्रित हो विपरीत दिशा में खड़ी ट्रक चालक को धक्का मारा जिसे चालक एवं छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। जबकि दूसरा घटना भड़गांव बाजार के समीप अनियंत्रित हो टीवीएस मोटरसाइकिल जे एच 01एफ ई 5978 का चालक गिर कर जख्मी हो गया। तीनो घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिये सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। मोटरसाइकिल चालक को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। वही पहली घटना में घायल की पहचान सेन्हा निवासी उस्मान अली के 40 वर्षीय वाहन चालक पुत्र साकिर अंसारी तथा छात्र का पहचान इचरी निवासी पतेश्वर उराँव के 17 वर्षीय पुत्र पंकज उराँव के रूप में किया गया। दोनो घायलों को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक डॉ. श्रेया प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे घटना में घायल महुआडांड निवासी अमल टोप्पो को गिरने से सिर में चोट आई है। जिसका इलाज के पश्चात पुलिस के माध्यम से परिजनों को सूचना दे दिया गया। लोहरदगा से घर जाने के क्रम मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गिरने से चालक को चोट आई है। वहीं दोनो सड़क दुर्घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंच घायलों का जायजा लिया और अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

### कैरो चेंबर का विस्तार, अध्यक्ष बने रवि प्रजापति



**कैरो/लोहरदगा।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स का विस्तार रविवार को किया गया। ज्ञात हो कि 25 जनवरी को कैरो प्रखण्ड के व्यवसायियों की एक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम नंदनी जलाशय में आयोजित हुई थी। इसमें मुख्य रूप से चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोहरदगा जिलाध्यक्ष रितेश कुमार के साथ अन्य कार्यसमिति सदस्य भी मौजूद थे। इस मौके व्यवसायिक संगठन के हित पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत आपसी सहमति से जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने कैरो प्रखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष रवि प्रजापति और कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद को मनोनीत किया। जिसका समर्थन एकजुटता के साथ उपस्थित कैरो प्रखण्ड के सभी व्यवसायियों ने किया।इसके साथ ही जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने रवि प्रजापति को निर्देश दिया कि अपने हिसाब से आप समिति का विस्तार कर लेंगे, इसको देखते हुए कैरो प्रखण्ड समिति का विस्तार किया गया।


### नागफेनी रापु टोली में जल संकट, एक साल से खराब है जलमीनार



**गुमला।** सिसई प्रखंड के नागफेनी रापु टोली गांव में पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में पिछले एक साल से दो जलमीनार खराब पड़े हैं, जिससे महिलाओं को करीब 1 किलोमीटर दूर कुएं से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। गांव की महिलाओं ने बताया कि इस जल संकट की जानकारी पंचायत मुखिया को भी दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गांव में पांच चापाकल भी कई वर्षों से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार का स्टार्टर मशीन खराब है, लेकिन इसे ठीक कराने में जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। अभी गर्मी शुरू हुई है और आगे पानी की खपत बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो सकती है। गांव की महिलाओं में इस समस्या को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। गर्मियों में अंबा टोली का कुआं भी सूख जाता है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है।

### झामुमो की बैठक में स्थापना दिवस की तैयारी पर चर्चा

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक झामुमो के कार्यों की दें जानकारी : जिला अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**
झारखंड मुक्ति मोर्चा चार मार्च को स्थापना दिवस लेकर अहिल्यापुर मोड़ के हटिया मैदान में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में उपस्थित जेएमएम के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि चार मार्च को जेएमएम कि स्थापना दिवस गिरिडीह जिला में आयोजित है जिसको लेकर मौजूद कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस सफल को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव के अंतिम लोगों तक प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राज्य सभा सांसद डा सरफराज अहमद ने कहा कि जेएमएम सदस्ता अभियान चलाया जा रहा है। गांडेय प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रवेक्षक का नियुक्ति किया गया है। नियुक्त प्रवेक्षक पंचायतों में वैसे सभी प्रमुख साथियों के साथ मिलकर सदस्यता अभियान चलाएंगे। जिसमें प्रखंड के पुराने साथियों के साथ साथ नए सदस्य बनाया जाएगा कहा कि पार्टी से जुड़े सदस्य पंचायत कमेटी गठित किया जाएगा उसके बाद प्रखंड स्तरीय कमेटी का चयन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, सचिव भैरो वर्मा, गोपीन मुर्मू, वैजनाथ राणा, बबली मरांडी, मो नाशिर, मो शााकिर, मो जब्बार, छोटे पाठक, अब्दुल रहमान, मो मकसुद, सनातन बबलू हांसदा समेत दर्जनों जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीडीसी ने सुदूरवर्ती पहाड़िया गावों का किया दौरा, योजनाओं की ली जानकारी

**साहिबगंज ।** साहिबगंज के डीडीसी सतीश चंद्रा ने शनिवार को जिले के सुदूरवर्ती पहाड़िया गांवों का दौरा किया. उनके साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार भी थे. उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी ली. इस दौरान डीडीसी ने बोरियो प्रखंड की पंचायत दुगाटोला के धोधी बेड़ो व मीरपहाड़ में पहाड़िया जाति के 150 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. साथ ही गांवों में पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क, पीएम आवास, जनमन योजना, खेल मैदान सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली. संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को लंबित योजनाओं का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. डीडीसी से ग्रामीणों से कहा कि सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ लें. यदि कहीं दिक्कत हो, तो सीधे प्रशासन से संपर्क करें. उन्होंने धोधीबेड़ो पहाड़ में प्रधानमंत्री जनमन आवासीय योजना के 19 में से 11 लाभुकों के खाते में राशि भुगतान कराया।

### पति ने सुपारी देकर करायी पत्नी की हत्या

# गोड्डा पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**
जिले के बसंतराय थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई महिला की हत्याकांड का गोड्डा पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है. पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अचरज की बात यह है कि गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति भी शामिल है. इसकी पुष्टि एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने की है. गिरफ्तार आरोपियों में बसंतराय थाना क्षेत्र निवासी टुनटुन तांती और पथरगामा क्षेत्र निवासी नरेश दास शामिल है. वहीं हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है. एसडीपीओ ने बताया कि 13 फरवरी 2025 को बसंतराय थाना के सुस्ती गांव के समीप बहियार से महिला का शव बरामद किया गया था. मामले में एसपी अनिमेष नैथानी के निर्देश पर एसआईटी गठित कर मामले की जांच शुरू की गई थी. पुलिस ने घटना के महज 72 घंटे के अंदर पूरे मामले का खुलासा कर दिया. उन्होंने बताया कि मृतका बिहार बांका जिले की धोरैया थाना क्षेत्र की रहने वाली थी. उसकी शादी बसंतराय में हुई थी. महिला के पति को शक था कि उसकी पत्नी का अन्य पुरुषों के साथ नाजायज सबंध है. इस कारण अपराधियों को सुपारी देकर पत्नी की हत्या करवा दी. हत्या करने के लिए अपराधियों को 10 हजार रुपये दिए गए थे. इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से तीनों ने मिलकर महिला की हत्या कर दी और शव को बहियार में फेंक दिया। सुपारी के 9700 रुपये बरामद एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बाताया कि घटना में इस्तेमाल सामान के आलावा सुपारी के 9700 रुपये आरोपियों के पास से पुलिस ने बरामद कर लिया है. वहीं तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चिरुडीह गांव बाड़ी में अचनाक लगी आग



**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी बिरनी प्रखंड के चिरुडीह गांव में अचानक एक बाड़ी में आग लगने की घटना सामने आई है। आग लगने के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस आगजनी में चिरुडीह गांव के हजरत अंसारी और सकुर अंसारी के खेत के फसल का नुकसान हुआ है।।आग कैसे लगी, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जब स्थानीय ग्रामीणों ने बाड़ी में आग जलती देखी, तब तुरंत प्रयास कर किसी तरह आग पर काबू पाया। यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते, तो हजारों की संपत्ति जलकर राख हो सकती थी।जिसमे लगाए गए प्याज फसल सकूर अन्सारी का जलकर राख हो गया है।।फिलहाल, इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### बरइपाट में मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत के बरइपाट में सोमवार को मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी, किशुन यादव, डॉ महेश कुमार आत्मानंद, शंभु कुमार वर्णवाल, रिंकू कुमार वर्णवाल, मौजूद थे। इस कार्यक्रम में शामिल माता पिता को पुत्र पुत्रियों ने तिलक लगाकर आरती उतारकर पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जिला परिषद प्रमिला देवी ने कहा कि प्रति साल की भांति इस साल भी मातृ पितृ कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को माता पिता का सम्मान करना और प्रेम जागृत करना मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में थानसिंहडीह, नारोंटांड़, सेवाटांड़, लोकाय, पलमरुआ, चंदौरी, बेलवाना गांव से सैकड़ों माता पिता ने कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर तरुण कुमार, सुनील कुमार यादव, सहदेव तुरी, संदीप साव, इंद्र साव, मदन यादव, विजय रजक, ईश्वर रविदास, दुर्गा मरांडी मौजूद थे।

### 60 दिवसीय अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम की हई शुरूआत, 140 युवाओं ने लिया भाग



**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड के मल्हेत स्थित केडी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में रविवार को 60 दिवसीय अमीन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में कुल 140 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण जगदीश प्रसाद वर्मा ने दिया। यह प्रशिक्षण सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान की ओर से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश प्रसाद वर्मा ने कहा कि इस 60 दिवसीय प्रशिक्षण में हरेक रविवार को बेरोजगार युवाओं को 5 घंटे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें प्रशिक्षित युवा विज्ञापन निकलने पर रोजगार पा सकते हैं। मौके पर दीपक कुमार, नवलेश कुमार, बजरंगी राय, सिकंदर कुमार यादव, वरुण कुमार, प्रीतम कुमार, सनातन बेसरा, विष्णु देव कुमार, खुशबू कुमारी, वजाहत हुसैन, जाहिद अली आदि उपस्थित थे।

### पंसस ने 30 जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**जादूगोड़।** पोटका प्रखंड कार्यालय की लेट-लतीफी की वजह से प्रखंड की राजदोहा पंचायत में इस बार जरूतमंदों को ठंड में इस बार समय से कंबल का वितरण नहीं किया गया. इधर, कंबल आते ही पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी व वार्ड मेंबर सुरु बाली मुर्मू ने बाड़ेघुटू व डुगरीडीह में शुक्रवार को 30 गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे. पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी ने कहा कि उनके क्षेत्र के राजदोहा, खुर्शी, धोबनी व डोमजूडी में भी कंबल बांटा गया. इस मौके पर ग्राम प्रधान सुपाई टुडू, नागी बास्के, सुमी बास्के, सालगे बास्के आदि मौजूद थे.

### कोडरमा में तीन सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कोडरमा।** जिले के तीन अलग जगहों पर रविवार को हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना में नवलशाही थाना क्षेत्र के गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पुरनाडीह पुल के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन( बीआर 01 जेई 1931 )पुल में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।इसमें तीन युवक घायल हो गये है। घायलों की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी सौरव चौधरी (28), बिहार के पटना निवासी माही पाण्डेय (28), बिहार के सिवान निवासी निहाल गुप्ता (29 ) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों घायल बिहार के नालंदा से कोडरमा आये थे जो शराब के नशे मे धुत थे। ग्रामीण की मदद से घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। वहीं दूसरी घटना नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित पुरनाडीह पुल के नीचे एक हाईवा गिर गया। उक्त हाईवा डोमचांच से पुरनाडीह की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुरनाडीह नदी के नीचे पुल का रेलिंग तोड़कर गिर गया।

### सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को कार ने रौंदा, हुई मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में हुई व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को रामगढ़ थाने का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया। थाने का घेराव करने पहुंची मृतक जयराम मुंडा की पत्नी फूलों देवी के बयान पर रामगढ़ पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। फूलों देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति जयराम मुंडा 9 फरवरी को गांव के ही एक व्यक्ति शिवा मुंडा और साढु भाई के साथ लड़की देखने कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान बेंगामोड़ पर वह अपनी मोटरसाइकिल किनारे कर पेशाब कर रहा था। इसी दौरान गिद्दी की तरफ से रामगढ़ आ रहे स्विफ्ट कार जेएच 01 ईवी 3472 ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कार बेहद तेज गति से चल रही थी और अनियंत्रित थी। हादसे के बाद

### महिला ने लगाई मारपीट का आरोप

# आरोपी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को किया खारिज



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ निवासी इंदु देवी पति अवध मिस्त्री ने गावां थाना में आवेदन देकर सेरुआ निवासी बिनोद यादव पर मारपीट का आरोप लगाई है। महिला का कहना है कि गांव की ही दो अन्य महिलाओं के साथ जंगल में पत्ता लाने के लिए गई हुई थी। पत्ता तोड़ने के क्रम में उक्त युवक पीछे से मेरा बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया।

वहीं भद्दी भद्दी गालियां देते हुए। कुल्हाड़ी के बेट से मेरे साथ मारपीट किया। जिससे मेरे शरीर में काफी दर्द हो रहा है। इधर बिनोद यादव ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप सरासर गलत है। हम किसी के साथ मारपीट नहीं किये हैं। एक अन्य घटनाक्रम में सेरुआ निवासी जनार्थन सिंह ने गावां थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही मिथलेश सिंह, कृष्णा सिंह, महेश सिंह, शंकर सिंह, जयदेव सिंह आदि ने मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट की। उक्त लोगों के द्वारा गले में गमछा लगाकर मुझे जान से मारने का प्रयास किया। व मेरे पॉकेट से पांच हजार तीन सौ रुपये भी निकाल लिया। उन्होंने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# जमशेदपुर में स्काई डाइविंग फेस्टिवल शुरू, रोमांचक छलांग लगाने का अवसर



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट में पर्यटन विभाग की पहल पर स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया. सोनारी एयरपोर्ट पर झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्काई डाइविंग फेस्टिवल की शुरूआत की है. मौके पर पर्यटन सचिव, पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे. मौके पर राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है. उसमें से एक स्काई डाइविंग भी है. मंत्री ने आगे कहा कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र को इस तरह की सुविधाएं विकसित की जाएंगी. उन्होंने बताया की मेक माई ट्रिप के साथ एएमयू कर पर्यटन को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए बढ़ावा देने का प्रयास है, ताकि दूसरे राज्य से आने वाले पर्यटकों को झारखंड में कोई परेशानी ना हो. मंत्री ने कहा कि जमशेदपुर झारखंड का एकमात्र शहर है जो मेट्रो सिटी की तर्ज पर बसा है.यहां विभिन्न प्रदेशों के लोग रहते हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह के नए प्रयास को काफी स्पोर्ट मिला है. आगामी बजट में पर्यटन पर विशेष चर्चा होगी. वहीं पर्यटन मंत्री ने बताया की माइनिंग टूरिज्म के लिए सेल से वार्ता की जा रही है. सेल के कुछ माइंस को पर्यटक देख सकें इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं. 16 फरवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 तक स्काई डाइविंग फेस्टिवल सोनारी एयरपोर्ट पर चलेगा.रोमांच से भर देने वाले इस एडवेंचर के जरिए 10000 फीट तक की ऊंचाई से पैराशूट के साथ छलांग लगाने का अवसर मिलेगा. इस एडवेंचर के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया है. जिसमें शुल्क भी लगेगा.

### ललमटिया रेलवे फाटक पर ड्यूटी के दौरान मजदूर की मौत, कोयला ढुलाई ठप

**ललमटिया।** ललमटिया खदान से कोयला लेकर एनटीपीसी फरक्का तक जाने वाली एमजीआर में कार्यरत ठेका मजदूर की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई. मामला ललमटिया थाना क्षेत्र के बागजोरी रेलवे फाटक के समीप का है. ठेका मजदूर चितरकोठी निवासी जोके मुर्मू (50) शनिवार को रेलवे फाटक पर जेनरल शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात था. सुबह करीब दस बजे अचानक उसे हार्ट अटैक आया और बेहोश होकर गिर पड़ा. सूचना मिलते ही पुत्र सुशील मुर्मू व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगी. इसी दौरान जोके मुर्मू की मौत हो गई.ब मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीण व परिजन शव लेकर राजमहल परियोजना के सेलो प्वाइंट पहुंचे और शव को फरक्का-एमजीआर रेल लाइन पर रखकर कोयला ढुलाई ठप कर दी.

### देवघर में शिव बारात पर राजनीति गर्म

# बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- आयोजन के बाद जाउंगा कोर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
शिव बारात को लेकर देवघर में राजनीति तेज होती दिख रही है. एक तरफ शिव बारात समिति के लोग सांसद निशिकांत दुबे पर शिव बारात में दखलअंदाजी करने का आरोप लगा रहे हैं. तो वहीं दूसरी ओर सांसद निशिकांत दुबे यह कहते नजर आ रहे हैं कि देवघर वासियों से शिव बारात निकालने का हक सरकार ने छीन लिया. लगातार बढ़ रही राजनीतिक सरगर्मी के बीच गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि इस बार देवघर के कुछ लोगों ने शिव बारात को मुख्यमंत्री के हाथों बेच दिया है. उन्होंने बिना नाम लिए आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार में बैठे लोगों को लखाड़ी और देवोत्तर प्रवृत्ति के जमीन बेचने के लिए इस तरह का प्रयास किया गया है. सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि देवघर के कुछ लोग महंगे जमीन को बेचकर अपना फायदा कमाने के लिए यह शिव बारात मुख्यमंत्री के हाथों में बेचने का काम किया है. वहीं, निशिकांत दुबे ने ये भी कहा कि शिव बारात के आयोजन के बाद वह कोर्ट और सीएजी में जाएंगे. जहां वह मांग करेंगे कि इन सभी खर्चों की जांच हो. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब शिव बारात पर्यटन विभाग आयोजन कर रही है, तो सारे काम टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से होनी चाहिए.

#### शिव बारात से नहीं होता राजनीतिक फायदा

वहीं, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कि जो लोग उनके ऊपर आरोप लगाते हैं कि देवघर के शिव बारात से उन्हें राजनीतिक फायदा होता है, इसलिए सांसद दखलंदाजी कर रहे हैं. तो वैसे लोगों को मैं जवाब देते हुए कहना चाहूंगा कि जब देवघर के शिव बारात में उनकी कोई भूमिका नहीं होती थी. वह पचास हजार से ज्यादा वोट से जीतते थे. लेकिन जब से बारात में उन्होंने अपनी भूमिका निभानी शुरू की तब से उनके जीत का मार्जिन देवघर विधानसभा में चालीस हजार हो गया. इससे यह प्रतीत होता है कि देवघर के शिव बारात से उन्हें किसी तरह का कोई राजनीतिक लाभ नहीं है. उन्हें सिर्फ इस बात का गम है कि जिस शिव बारात में सांसद से लेकर आम व्यक्ति तक हिस्सा लेता था, वह बारात देवघर के कुछ लोगों के कारण देवघर वासियों के हाथ से निकल गया.

### नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, बेटी गंभीर

**धनबाद।** धनबाद के रांगाटांड़ स्थित श्रमिक चौक पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही महिला और उसकी बेटी को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी 15 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आज सुबह करीब 7 बजे लगभग 40 वर्षीय महिला अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ धनबाद रेलवे स्टेशन की तरफ जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी पूजा टॉकीज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला और उसकी बच्ची को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने घायल बच्ची को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गई। बताया जा रहा है कि ट्रक पर डीएवी पुराना बाजार स्थित माँ तारा ट्रांसपोर्ट का माल लदा था और ट्रक वहीं जा रहा था।

## न्यूज | बॉक्स

### इटकी में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का सर्वेक्षण शुरू

**इटकी।** प्रखंड में प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। 28 फरवरी तक सर्वेक्षण कर लाभुकों के नाम जोड़े जाएंगे। इसके लिए प्रखंड प्रशासन द्वारा एक सर्वे टीम गठित की गई है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के जारी निर्देश के तहत लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक लाभुक ऑनलाइन गूगल प्ले स्टोर कर प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वयं सर्वेक्षण कर डाल सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए वैसे लाभुकों का नाम सर्वेक्षण में जोड़े जाएंगे जो इस योजना से वंचित हैं। पूर्व में जिन परिवारों को सरकारी आवास का लाभ प्राप्त हुआ है और जिनका पक्का मकान, तीन और चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी पानेवाले परिवार, किसान क्रेडिट 50 हजार से अधिक, सरकार के साथ गैर कृषि उद्यमी परिवार, प्रतिमाह 15 हजार आयकर भुगतान करनेवाले, दो एकड़ से अधिक सिंचित भूमि और पांच एकड़ असिंचित भूमि के स्वामी हैं वैसे लाभुक प्रधानमंत्री आवास के लिए अयोग्य श्रेणी में रखे जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास की प्राकलन राशि 1.30 लाख रुपये निर्धारित है जबकि आवास निर्माण में अलग से मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को 95 दिन की मजदूरी लगभग 22 हजार रुपये भुगतान का प्रावधान है। सर्वेक्षण टीम में पंचायत सचिव, जनसेवक और पंचायती राज अधिकारी शामिल हैं।

### श्री श्याम बाबा का निशान लेकर निकली यात्रा



**रामगढ़।** श्री श्याम मंदिर नेहरू रोड में हजारीबाग से रविवार को पैदल चलकर बाबा का निशान लेकर सुबह 6:00 बजे यात्रा निकाली। यह यात्रा शाम को 7:00 बजे बाबा श्याम के दरबार में पहुंची और बाबा को निशाना अर्पित किया यह दुर्लभ क्षण लोगों के लिए आनंददायक और भक्ति भावपूर्ण थे। कोलकाता से मनोज भालोठिया, ओमप्रकाश बजाज, कोलकाता तुलसी धाम से मनोज खेतान ,सुदेश खेतान अरुण अग्रवाल राजेश टिंबरेवाल, मनोज खेतान, सुदेश प्रधान, अरुण भालोटिया प्रवेश , आलोक गोयनका सहित अनेक भक्त बाबा श्याम के दर्शन को आज पहुंचे। गायक संजय मित्तल भी बाबा के दर्शन के खातिर पहुंचने की सूचना मिली। निशान लेकर आने वाले सभी भक्तों का अभिवादन कमेटी के अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, श्याम सुंदर परशुरामपुरिया, मुरारी लाल अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, श्याम शर्मा, मनोज बंसल, मुन्ना अग्रवाल, आनंद अग्रवाल,राजेश पठारवा, ओम प्रकाश अग्रवाल, दिनेश पोद्दार, कमल बगड़िया सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित थे और उनकी प्रसाद एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। सभी को दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। रांची श्री श्याम मंदिर, रांची गौशाला से प्रमोद सारस्वत एवं कृष्ण गोयल उपस्थित थे।

### कांग्रेस ही कर सकती है झारखंड की भलाई : केशव महतो कमलेश



**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रविवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ता मिलन समारोह में शिरकत किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पुराने नेता रणधीर गुप्ता और उनके समर्थकों को दोबारा कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की भलाई सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। यहां की जनता के सुख दुख में कांग्रेस ने ही साथ दिया है। इसलिए यहां की नस-नस में कांग्रेस बसी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में कांग्रेस को छोड़कर दूसरे दलों में हुए नेता और कार्यकर्ता वापस वापस लौट रहे है। आज रामगढ़ का होनहार और ऊजार्वान साथी रणधीर गुप्ता अपने साथियों के साथ घर वापसी कर रहे है। रंधीर गुप्ता ने पार्टी में रहकर मजदूर और विस्थापितों के लिए लंबा संघर्ष किया है। जिसका उदाहरण अरगड्डा कोलियरी है। रामगढ़ पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रियों और विधायकों के कार्यों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हर किसी के कार्यकाल की समीक्षा होगी। हालांकि अभी सरकार के गठन हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन फिर भी यह जरूरी है। रणधीर गुप्ता पहले कांग्रेस पार्टी में ही थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिये बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### दिल्ली चुनाव के बाद दिल मिलेंगे?

राजनीति अनिश्चितता का खेल तो है ही स्थायी कुछ नहीं होता न दोस्ती न दुश्मनी न पद। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का अति आत्मविश्वास पराजय के बाद भी भूल सुधार के लिए शायद तैयार नहीं जैसी मानसिकता उनकी दिखाई दे रही है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दिया जा सकता है, जीत नहीं मानी जा सकती।वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक़ जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था।वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एकता का प्रयास कर रहे थे जो निष्फल हुआ ।लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित प्रयास किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया।ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है, स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। इंडी गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे लगता नहीं है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को ज़मीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्मघाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे, इसलिए ही कांग्रेस से किनारा करके चुनाव मैदान में कूद गए, और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। वर्तमान राजनीतिक स्थिति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

*राजनीतिक पंडित मानते हैं कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है।*

# मोदी जी के अमेरिकी दौरे में छुपा हुआ है तिरंगे की शान का फलसफा



इन दिनों भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिकी दौरे पर हैं। इस दौरे के दौरान अमेरिकी रवैये और भारतीय हितों को लेकर खूब चर्चाएं हो रही हैं। इन चर्चाओं की मानें तो अमेरिका भले ही एक विकसित राष्ट्र हो और उसके राष्ट्रपति विश्व के सबसे मजबूत राष्ट्राध्यक्ष हों परन्तु वे भी अपने हाथों से प्रधानमंत्री श्री मोदी को बैठाने के लिए कुर्सी थामे खुद उनके पीछे खड़े हैं। इसका मतलब साफ है कि अमेरिका भी भारतीय अपेक्षाओं को नजरअंदाज करने की स्थिति में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री के इस दौरे के ठीक पहले नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को एक बड़ी धमकी दे डाली कि अगर वे डॉलर को कमजोर करने की कोशिश करेंगे तो अमेरिका उन पर 100 प्रतिशत इम्पोर्ट टैरिफ लगा देगा। सरसरी तौर पर इसे भारत के लिए इसे एक असहज स्थिति माना गया जबकि कुछ भी ऐसा है नहीं है क्योंकि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और साउथ अफ्रीका जैसे देशों के सहयोग से बने ब्रिक्स को आज दुनिया की एक नई आर्थिक शक्ति के तौर पर देखा जा रहा है। इसकी ताकत का अनुमान सिर्फ इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि इन पांच देशों के अतिरिक्त अन्य ग्यारह महत्वपूर्ण देश इसके सदस्य बन चुके हैं और तीस से अधिक देशों ने इस संगठन में शामिल होने की अर्जी लगा रखी है। इसी तरह यह ब्रिक्स की हनक ही है कि आज यह न केवल वैश्विक व्यापार के कायदों को बदल रहा है बल्कि वैश्विक स्तर पर पश्चिमी देशों के प्रभुत्व को भी गंभीर चुनौती देने लगा है। इस चुनौती को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि ब्रिक्स करेंसी लॉन्च करने की संभावनाओं पर चर्चा करके इन्होंने अमेरिका के समक्ष एक नई चुनौती पेश कर दी है। इसके अंतर्गत ब्रिक्स के दो महत्वपूर्ण साझेदार रूस और चीन ने तो अमेरिकी डॉलर के विकल्प की शुरुआत भी कर दी है। कुछ इसी तर्ज पर ब्राजील ने भी एक साझा करेंसी लाने का प्रस्ताव दे रखा है। इन प्रस्तावों पर अभी कोई ठोस प्रगति तो नहीं हुई है परन्तु इसने अमेरिकी रणनीतिकारों के माथे पर बल तो डाल ही दिया है। इतना ही नहीं, अमेरिका को चिंता इस बात की भी है कि ब्रिक्स देश एक डिजिटल पेमेंट सिस्टम डेवलप करने पर भी विचार कर रहे हैं और किए जा रहे दावों के अनुसार यह सिस्टम अंततः खुद में स्विफ्ट पेमेंट का विकल्प बनकर सामने आ सकता है।

आज की बात



**केदारनाथ दास**

बताते चलें कि अभी तक दुनियाभर के देश आपस में व्यापार करने के लिए अमेरिका के स्विफ्ट नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं और इसके जरिए अमेरिका बैठे-बिठाए अरबों की कमाई करता रहता है। एक आकलन के अनुसार साल भर में यह करीब 7.8 ट्रिलियन डॉलर का है और अमेरिका किसी भी कीमत पर इतनी बड़ी धनराशि को गंवाने नहीं देना चाहेगा। जाहिर सी बात है कि यह सबकुछ अमेरिका के अनुकूल नहीं है। ऐसे में, अब ट्रंप प्रशासन ने ब्रिक्स देशों को लगभग धमकी देते हुए किसी नई या दूसरी करेंसी का समर्थन नहीं करने की सलाह दी है। इस सलाह की गंभीरता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि ट्रंप प्रशासन के अनुसार यदि ब्रिक्स देश ऐसा करते हैं तो उन्हें भविष्य में सौ प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। भारत जैसे किसी भी देश के लिए यह असहज करनेवाला मामला है क्योंकि यहां के लिए भारतीय निर्यात लगभग 82 बिलियन डॉलर का है। जाहिर सी बात है कि इस एक कदम से अमेरिका में भारयीय उत्पादों की कीमतें बढ़ जाएंगी और बाजार में इनकी मांग घटती चली जाएगी।

ऐसा नहीं है कि भारतीय कूटनीतिकार इन बातों से अनभिज्ञ हैं परन्तु राहत की बात यह है कि ट्रंप की इस धमकी ने खुद अमेरिका को ही बहुत असहज परिस्थिति में लाकर खड़ा कर रख दिया है। इतना ही नहीं अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की कम मांग वाली उपरोक्त संभावनाओं के बावजूद मोदी जी ने इस धमकी का जवाब बहुत सख्त लहजे में देकर अमेरिका को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। उम्मीद के विपरीत भारत के इस जवाब से ट्रंप की लाठी तो टुट गई है परन्तु वह सांप नहीं मर सका जिसकी उम्मीद अमेरिका ने कर रखा था। वस्तुतः इस नई परिस्थिति से अमेरिका हैरान है क्योंकि भारत के विदेश मंत्रालय ने भी बहुत स्पष्ट शब्दों में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देकर ट्रंप प्रशासन को आईना दिखा दिया है। भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर की मानें तो भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है और वह किसी की धमकी से प्रभावित नहीं होती।

उनके अनुसार यदि भारत को ब्रिक्स करेंसी बनाने की जरूरत महसूस होगी तो वह ऐसा कुछ जरूर करेगा। श्री मोदी के अमेरिकी दौरे के ठीक पहले और भारत को लेकर कोई कड़ा रुख अख्तियार करने के पहले चीन, रूस, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने भी भारत को मनोवैज्ञानिक बढ़त देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ा कि ब्रिक्स के देशों पर अमेरिकी धमकी का शायद ही कोई असर पड़े। ऐसे में चर्चाओं के बीच अब भारतीय उम्मीदों की मानें तो मोदी जी का यह दौरा अमेरिकी धमकी, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत की धमक, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति, ब्रिक्स की उपस्थिति और मोदी-ट्रंप के बीच की मजबूत बॉडिंग में से तिरंगे की शान में अंततः बढ़ोत्तरी ही लेकर आने वाला है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बच्चों में बढ़ता डिप्रेशन : क्या खराब पेरेंटिंग है जिम्मेदार?

आज की युवा पीढ़ी एक अजीब सी मानसिक उलझन में फंसी हुई है। एक ओर वे अपने करियर को लेकर अत्यधिक चिंतित हैं, तो दूसरी ओर उनका झुकाव भौतिकतावादी जीवनशैली की ओर बढ़ता जा रहा है। माता-पिता और बच्चों के बीच की दूरी बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चे सही मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। नैतिक मूल्यों में गिरावट, बड़ों का सम्मान न करना, नाइट कल्चर को अपनाना, व्यवहारिक ज्ञान की कमी—ये सभी समस्याएं कहीं न कहीं हमारे पेरेंटिंग के ढांचे पर सवाल उठाती हैं। करियर की चिंता और पैसे का बढ़ता आकर्षण, आज का युवा अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करता है। करियर बनाने की दौड़ में वे मानसिक दबाव में रहते हैं, और इसी तनाव के कारण वे अवसाद (डिप्रेशन) का शिकार हो रहे हैं। माता-पिता भी इस स्थिति को समझने के बजाय, बच्चों को केवल आर्थिक सहायता देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। हालांकि, पैसों की आपूर्ति से जीवन तो चल सकता है, परंतु सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग न मिलने से बच्चे अकेलापन महसूस करने लगते हैं। बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान की कमी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। वे सामाजिक संबंधों को समझने में असमर्थ हो रहे हैं, आत्मकेंद्रित हो गए हैं, और केवल अपने फायदे को प्राथमिकता देने लगे हैं। इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि माता-पिता स्वयं भी बच्चों के साथ कम समय बिताते हैं और उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा नहीं दे पाते। नतीजा यह होता है कि बच्चे बड़ों का सम्मान नहीं करते, अनुशासनहीन हो जाते हैं, और अपनी इच्छाओं को ही सर्वोपरि मानने लगते हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी के कारण पारिवारिक संबंधों में दूरियां बढ़ रही हैं। पहले जहां संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची से भी सीखने का अवसर मिलता था, वहीं आज एकल परिवारों में माता-पिता अपने करियर और निजी जीवन में इतने व्यस्त हो गए हैं कि बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। इस वजह से बच्चों में भावनात्मक अस्थिरता बढ़ रही है और वे सोशल मीडिया, दोस्तों, या अन्य बाहरी साधनों से अपना मानसिक सहारा खोजने लगते हैं, जो हमेशा सही दिशा में नहीं होता। आजकल नाइट कल्चर का प्रभाव बढ़ रहा है। देर रात तक बाहर रहना, अनावश्यक पार्टी करना, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। माता-पिता इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे, क्योंकि वे या तो अधिक लिबरल बनना चाहते हैं या फिर अपनी व्यस्तता के कारण इस पर ध्यान नहीं देते। इससे बच्चों में अनुशासन की भावना कम होती जा रही है, जो अवसाद और तनाव को और बढ़ाने का काम कर रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक

# अतिवादिता का शिकार है धर्मनिरपेक्षता शब्द!!

धर्मनिरपेक्षता!! एक ऐसा शब्द जो अपने मानने वाले अनुयायियों के अति-आकांक्षा-अर्थ की वजह से हरदम कराहता रहा है!! इस एक शब्द ने कितने की पाखंडियों की राजनीति को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया!! किन्तु आज़ादी के बाद अब तक भी इस शब्द के अतिवादिता भरे अर्थ के सिवाय कभी सम्यक अर्थ में व्यवहार में नहीं लाया गया है और यही कारण है कि बीते बहुत से बरसों से यह शब्द बहुसंख्यकों की आँख की किरकिरी बना हुआ है!! बरसों-बरस धर्मनिरपेक्षता के नाम पर जिस तरह वोट की पाखंडपूर्ण राजनीति की जाती रही है उसने बहुसंख्यकों की भावनाओं को तो उकसाया ही उकसाया है किन्तु साथ ही उन लोगों को भी बरगलाया और ठगा है, जिनके नाम पर यह की जाती रही है, क्योंकि यह स्पष्टतया देखा जाता है कि यह राजनीति थोथे नारों और उबाऊ भाषणों से अधिक कभी न रही!! अपनी राजनीति चमकाने के सिवा वास्तविक धरातल पर कभी कोई काम ही न हुआ ,उल्टा इन सबसे जो कुछ होने की सम्भावना भी थी तो उसे खत्म कर दिया गया !!जब भावुकता भरी बातों से ही वोट तय हो जाते हों तो काम करने की मगजमारी भला क्यूँ करें !!तो इस तरह भारत में लोगों को अंतहीन उम्मीदों से पाल-पोस कर अपनी रोटी सेंकी जाती रही है और इस स्थिति का फायदा उठाकर एक बहुसंख्यक समर्थक दल इसकी ठीक उलटी राजनीति करता हुआ आज देश में गद्दीनशीं बन बैठा है,जिसके समर्थन और विरोध की राजनीति देशीय भावनाओं पर कुठाराघात कर रही है!! किसी का समर्थक होना गुनाह नहीं है,विरोधी होना भी नहीं,किन्तु समर्थन-विरोध के विचारों के बहाव में कटुता और वैमनस्य पैदा हो जाए तो यह किसी भी देश-समाज और काल के लिए उपयुक्त नहीं है !! यहीं पर आदमी को विवेक की आवश्यकता होती है,जिसके अभाव में व्यक्ति या संगठन या समाज, किसी के भी तराजू का पलड़ा किसी एक के पक्ष में झुका हुआ होना प्रशासनिक न्याय के विरुद्ध तो है ही,साथ ही मानवीयता को भी परे धकेलने वाली प्रक्रिया है,इस प्रक्रिया में जो जहां मजबूत है वहाँ कमजोर की ऐसी की तैसी करता है,दूसरा आज कोई कहीं बलवान है,कल कोई और कहीं बलवान होगा और अपनी भावनाओं के उबाल में जीने की सोच से आज ये बदला लेगा तो कल वो बदला लेगा!! धर्मनिरपेक्षता आदमी की जीवन-शैली होनी चाहिए,जिसमें आदमी किसी एक धर्म में जीते हुए दूसरे धर्म का स्वीकार भाव करते हुए जीए....और यह धरती के प्रत्येक मनुष्य में अनिवार्यरूपेण जरुरी है,वरना ये फेल है !! पहली बात तो ये है कि मनुष्य को ईश्वर की जरुरत भले ही हो किन्तु धर्म की कतई नहीं !! मगर जब कोई धर्म पैदा हो ही गया तो कोई दूसरा कुढ़मगज उसकी प्रतिक्रिया में कोई दूसरा धर्म पैदा करेगा ही करेगा!! कुछ चीजें अपनी जरुरत के चलते पैदा होती हैं,तो कुछ उन्हीं में आई विसंगतियों के बाद पैदा हुई जरूरतों से !! मगर कुछ चीजें इन दोनों में से किसी से पैदा न होकर प्रतिक्रियाओं और अहंकारजनित भावनाओं से प्रेरित होकर जन्म लेती हैं, धर्म एक ऐसी ही चीज़ है,जो सिद्धांत में चाहे जो भी हो और उसकी जरुरत और विशेषताओं के बारे में जो भी कहा जाए पर असल व्यवहार अपने समय के किसी विशिष्ट व्यक्ति द्वारा शुरू किया जाता है और उसके अँध-अनुयायियों द्वारा मान लिया जाता है और तर्क करने वाले विचारशीलों और विवेकवानों को खदेड़ दिया जाता है,यह बात कोई कोरी गल्प नहीं बल्कि इतिहास है,सच्चाई है !! ईश्वर है तो है और नहीं है तो नहीं है!! उसको मैं अपनी तरह से पूजूँ या कोई और अपनी तरह से,इसमें झगड़ा आखिर किस बात का है? मैं मेरे घर में हूँ,वो अपने घर में!! किसी और को किसी के भी घर में ताक-झाँक करने की ऐसी आवश्यकता ही क्या है? और कोई किसी भी ढंग से किसी को भी पूजे,पत्थर को,घास को,जानवर को, प्रकृति को, किसी को भी,तो इसमें किसी के बाप का क्या जाता है? और किसी को भी यह चेष्टा करनी ही क्यों चाहिए कि कोई और अपने धर्म को न पूज कर उसके धर्म को पूजे,सच कहूँ तो उसी के धर्म को माने? फिर पहली बात कि धर्म के नाम पर जो आडम्बर यहाँ हैं सो वहाँ भी हैं,कम या बेशी की बात अलग है !! और तो और असली बात तो ये है कि धर्म के नाम पर लूच्चे-लफंगे तुम भी हो और हम भी!! क्योंकि हम दोनों ने ही धर्म के दायरे को मानवीय से अमानवीय बनाकर अपने अ-अनुयायियों की अमानुषिक हत्याएँ कीं हैं!!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राजीव थेपड़ा**
रांची, झारखंड

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अब बोलो, क्या बात है, परेशान क्यों आप?
किसके कारण झेलते रहे आप अभिशाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सोशल मीडिया क्रांति का सक्रियतावाद

सोशल मीडिया विशेष रूप से डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को आभासी नेटवर्क और समुदायों के माध्यम से कंटेंट, विचारों और जानकारी को आदान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। ये प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ता भागीदारी, सहयोग और बातचीत के सिद्धांतों पर बनाए गए हैं। इसके लिए कनेक्टिविटी के एक बुनियादी और बहुत महत्वपूर्ण पहलू की आवश्यकता होती है जो कि "इंटरनेट" है। यह उपयोगकर्ताओं की पसंद, टिप्पणियों, शेयरों और प्रत्यक्ष संदेशों के माध्यम से एक दूसरे के साथ जुड़ने में सक्षम बनाता है। वास्तविक समय में वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों, समूहों और संगठनों को, तेज और तत्काल प्रभाव नेटवर्किंग से प्रसार की सुविधा प्रदान करता है। सोशल मीडिया विभिन्न प्रकार के हैं जैसे सोशल नेटवर्किंग साइट्स, बिल्डिंग कनेक्शन और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे मीडिया शेयरिंग प्लेटफॉर्म और वीडियो सामग्री साझा करने पर जोर देते हैं।व्हाट्सएप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप्स ,और स्नैपचैट निजी और समूह संचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं।ट्विटर और टम्बलर जैसे माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफार्मों को शॉर्ट पोस्ट और अपडेटके लिए चुना जा सकता है। मंचों और चर्चाके लिए रेडिट और क्वोरा जैसे साइटों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जो कि ज्ञान-साझाकरण,व्यवसाय और वाणिज्य प्लेटफ़ॉर्म की अनुमति देते है। पेशेवर नेटवर्किंग के लिए लिंक्डइन,और ई-कॉमर्सके लिए प्रिंसेट को उपयोग में लाया जा सकता है। सक्रियतावाद, व्यक्तियों, समूहों या संगठनों द्वारा किए गए प्रयासों और कार्यों को संदर्भित करती है, जो सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक या पर्यावरणीय परिवर्तन के बारे में सक्रियता लाने के लिए किया जाता है। सक्रियतावादियों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाने, जनता की राय को प्रभावित करना और उन मुद्दों में सुधारों की वकालत करना है, जो वे मानते हैं कि वे अन्यायपूर्ण या हानिकारक हैं। सक्रियतावाद एक उद्देश्य है जहां प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य है और यह समान विचारधारा वाले लोगों का सामूहिक प्रयास है। सक्रियतावादी सामाजिक मुद्दों (सामाजिक सक्रियता), राजनीतिक मुद्दों (राजनीतिक सक्रियता), आर्थिक मुद्दों (आर्थिक सक्रियता), पर्यावरण सक्रियता,औरडिजिटल सक्रियताकेलिए लगातार लड़ते हैं।सक्रियतावादी विरोध और प्रदर्शन, अभियान, याचिकाओं, सविनय अवज्ञा और मीडिया और कला जैसे तरीकों का उपयोग करते हैं ताकि उनकी चिंताओं को व्यक्त किया जा सके और लोगों को एक सामान्य कारण के लिए जुटाया जा सके। डिजिटल उपकरणों के आगमन के साथ, सक्रियता एक वैश्विक घटना में विकसित हुई है। ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आंदोलनों को जुटाने, जागरूकता फैलाने और दुनिया भर में कार्यकर्ताओं को जोड़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं (जैसे, #मिटूईंडिया, #ब्लैक लाइव्स मैटर)।

सक्रियतावाद प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण बल बनी हुई है, लोगों को अन्याय को चुनौती देने और एक निष्पक्ष और अधिक न्यायसंगत दुनिया बनाने के लिए सशक्त बनाती है। माना जाता है कि भारत की पहली सोशल मीडिया सक्रियतावाद क्रांति 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में "भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत" थी। यह भारतीय सक्रियतावाद में एक आधारशिला और एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने एक उद्देश्य के लिए लाखों लोगों को जुटाने के लिए सोशल मीडिया की शक्ति का प्रमाण दिया। इस सामाजिक सक्रियता की शक्ति ऐसी थी कि ऐसा लगने लगा था कि भारत भ्रष्टाचार मुक्त होने जा रहा है। इससे आम आदमी में आशा जगी। अरविंद केजरीवाल, शांति भूषण, प्रशांत भूषण, किरण बेदी, राम जेठमलानी, मेधा पाटकर समेत कई नामी लोग इसका हिस्सा थे।तब से सोशल मीडिया पर कई ऐसे एक्टिविस्ट आंदोलन हुए हैं जिन्होंने सरकार को कानून में सुधार करने के लिए मजबूर किया है। उदाहरण के लिए #जस्टिसफॉर निर्भया#किसान विरोध, और #सीएए विरोधऔर शाहीन बाग आंदोलन। इन विरोध प्रदर्शनों और सोशल मीडिया सक्रियतावाद ने सरकार को कानूनों को रद्द करने के लिए मजबूर किया है। ऐसी सक्रियता का लाभ यह है कि यह लोगों से आती है। यह बिना किसी हेर-फेर या बनावटीपन के अपने दृष्टिकोण में बहुत वास्तविक होती है। सोशल मीडिया सक्रियता समाज की लोकतांत्रिक प्रवर्तिकी रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ले कर्नल अभिषेक कुमार**
आयुध अधिकारी, भारतीय सेना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## मुंबईः पत्नी से हुआ झगड़ा तो पिता ने 4 साल की मासूम को जमीन पर पटका, गई जान

**मुंबई (आईएएनएस)।** मुंबई के कुर्ला इलाके में एक अत्यंत दुखद घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद के दौरान एक पिता ने अपनी मात्र 4 साल की बच्ची की जान ले ली। बच्ची का नाम आफिया सिद्दीकी है। घटना की सूचना मिलने पर मुंबई की विनोबा भावे नगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता परवेज सिद्दीकी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, परवेज का अपनी पत्नी सबा के साथ अक्सर झगड़े होते रहते थे। इन झगड़ों की जड़ मुख्य रूप से आर्थिक दबाव और परवरिश के तरीकों को लेकर उत्पन्न होती थी। शनिवार को भी झगड़ा इतना बढ़ गया कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। गुस्से में आकर परवेज ने पहले अपनी पत्नी सबा की पिटाई कर दी। इसी दौरान उसने अपनी चार साल की बच्ची आफिया सिद्दीकी को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची को गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने आफिया को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। हालांकि, उसके इलाज के दौरान ही मौत हो गई।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना के बाद दिल्ली भाजपा ने स्थगित किए आयोजन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ के बाद दिल्ली भाजपा ने रविवार (16 फरवरी) को प्रस्तावित सभी राजनीतिक आयोजनों को स्थगित कर दिया है। भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए पार्टी ने यह फैसला लिया है। दिल्ली भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसदगण और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने रविवार (16 फरवरी) को प्रस्तावित सभी राजनीतिक आयोजनों को स्थगित कर दिया है। यह फैसला उस दुखद घटना के प्रति शोक और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए लिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली भाजपा ने यह स्पष्ट किया है कि वह इस घटना में प्रभावित लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। पार्टी ने पीड़ितों के परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति व्यक्त की और उनका हर संभव समर्थन करने की बात कही।

वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मन व्यथित है, इस हादसे में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले।

## महाराष्ट्र के नागपुर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो मजदूरों की हुई दर्दनाक मौत

**नागपुर (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र में नागपुर के काटोल तहसील के कोटवालबुडी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नागपुर पुलिस ने विस्फोट में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। फैक्ट्री में विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है। फिलहाल, राहत एवं बचाव कार्य जारी है। हालांकि, मामले में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि इससे पहले जनवरी में महाराष्ट्र के भंडारा के जवाहर नगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ था। इस हादसे में 8 कर्मचारियों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसकी जानकारी खुद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी थी। नितिन गडकरी ने बताया था कि भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और सात लोग जख्मी हुए हैं। यह प्राथमिक रिपोर्ट आई है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी थी।

# उत्तर प्रदेश ने कठिन कार्य को भी सफलतापूर्वक बनाया संभव : गडकरी

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में, रविवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी।

उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन ने काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का साक्षात्कार करना चाहते हैं। नितिन गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुंभ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा का आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व का कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की। घाट पर स्नान करने जुटी स्नानार्थियों की भीड़ का उन्होंने अभिवादन भी किया। इस दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे।



### प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं को 15 से 16 घंटे की जाम की समस्या, यात्री बेहाल

महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (आईएएनएस)। महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब तक की सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम बन चुकी है। खासतौर पर, एमपी बॉम्बे को जोड़ने वाले बॉर्डर पर श्रद्धालुओं को घंटों लंबी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें इस हद तक बढ़ चुकी हैं कि गाड़ियां रेंगते हुए चल रही हैं। कई श्रद्धालुओं का दावा है कि वह 15 से 16 घंटे से जाम में फंसे हुए हैं, लेकिन अब तक महाकुंभ तक नहीं पहुंच पाए हैं। श्रद्धालुओं की हालत इस हद तक खराब हो गई है कि वे गाड़ी चलाते-चलाते थक चुके हैं और गाड़ी में बैठे हुए जाम में फंसे हैं। इस मार्ग से रीवा, चित्रकूट, झांसी और बॉम्बे से आने वाले श्रद्धालु भी इसी रास्ते से प्रयागराज महाकुंभ तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। यात्री तुलसी राम गोजा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए बताया कि हम संगम स्नान करने के लिए जा रहे हैं और सुबह 6 बजे से जाम में फंसे हुए हैं।

## विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का 'कागजी भव्य दिव्य कुंभ' : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ में अव्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का "कागजी भव्य दिव्य कुंभ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कुंभ की अव्यवस्था के बारे में सवाल उठाया गया। इसे लेकर उन्होंने लिखा कि विश्व गुरु 5 ट्रिलियन विकसित भारत, थर्ड लार्जेस्ट इकोनॉमी की सच्चाई बड़बोली सरकारी की विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का "कागजी भव्य दिव्य कुंभ। इसके पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महाकुंभ पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुंभ में आने वालों की सरकार संख्या नहीं बता रही है। सरकार के द्वारा पेश किए गए आंकड़े कुछ और हैं और असली संख्या भिन्न। सरकार ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसकी अव्यवस्था की पोल न खुल सके। हादसे में मृतकों की संख्या भी नहीं बताई जा रही है। बुजुर्ग स्नान करने नहीं जा सके। जबकि सपा सरकार में कुंभ का आयोजन अच्छे से संपन्न हुआ था।



## महाकुंभ के चलते अयोध्या की रेलवे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत, 300 मैनपावर कर रहे स्टेशन की निगरानी

**अयोध्या।** प्रयाग में महाकुंभ के चलते अयोध्या धाम स्टेशन में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। इसके लिए रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने अपनी तैयारी से कुंभ के शुरुआती दौर से ही कर रखी है। इसके लिए 300 मैनपावर को लगाया गया है। प्लेटफार्म भरने के बाद यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया जाता है। आरपीएफ के एसएचओ यशवंत सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम स्टेशन में तकरीबन आरपीएफ की 300 मैनपावर को लगाया गया है। यह कुंभ की शुरुआत से ही किया गया है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म में आवश्यकता से अधिक यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। अगर प्लेटफॉर्म भर जा रहा है तो उसे होल्डिंग इलाके में रोक दिया जा रहा है। हमारे होल्डिंग एरिया में यात्रियों की सहायता के लिए बूथ बनाए गए हैं। वहां पर यात्रियों से इंटरेक्शन हो रहा है। कहां के यात्री ज्यादा हैं, उसी हिसाब से रेलवे प्रशासन से बात करके हम विशेष ट्रेन चला देते हैं। यशवंत सिंह ने बताया कि डेढ़ लाख श्रद्धालुओं को रोज उनके गंतव्यों तक पहुंचाया जा रहा है। 10 से 15 स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। तभी उस कारण संभव हुआ है।



## नेपाल से आए 85 वर्षीय श्रद्धालु को इस्केमिक स्ट्रोक, छह एक्सपर्ट डॉक्टरों ने बचाई जान

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन अस्पताल) के चिकित्सकों ने इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित एक नेपाल निवासी 85 वर्षीय श्रद्धालु की जान बचाने में सफलता पाई। अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. कमलेश सोनकर और उनकी छह एक्सपर्ट डॉक्टरों की पूरी टीम की तत्परता और कुशल उपचार के चलते 85 वर्षीय रामधनी अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। नेपाल के रहने वाले बुजुर्ग की बेटी ने सीएम योगी और एसआरएन के चिकित्सकों को पिता का जीवन रक्षक बताया है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां महाकुंभ में बहुत ही उच्च स्तरीय चिकित्सा इंतजाम किए हैं, जिसके तहत यहां तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनके पिता को बचा लिया। नेपाल के लुंबिनी निवासी रामधनी महाकुंभ में मौनी बाबा आश्रम, शांति कुटिया में एक माह से राम नाम जप रहे थे। 14 फरवरी की रात में अचानक उन्हें दाहिने हिस्से में कमजोरी, बोलने में कठिनाई और हल्की बेहोशी महसूस हुई।



# प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को अभी से हराभरा बनाएं : योगी

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में 'कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन' विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा।

उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। महाकुंभ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगी। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुंभ में भी देखने को मिल रही है, एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है।




### उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है

धरती माता के साथ खिलवाड़ न हो, इसको ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज़ प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वन विभाग के द्वारा जो वृक्ष लगाए गए हैं उसमें 70 से लेकर 80 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। वहीं विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जो वृक्षारोपण हुआ है उसमें भी 60 से 70 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। डीजल से चलने वाली बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए पॉलिसी बनाई और अनेक कार्यक्रम बढ़ाए गए हैं। सूख चुकी नदियों को फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया। आज जो संगम में इतना पावन स्नान एक साथ एक दिन में करोड़ों लोग कर पा रहे हैं। जितनी भीड़ कभी मौनी अमावस्या को जुटती थी उतनी भीड़ हर दिन हो रही है। नदियों को चैनेलाइज किया गया। संगम क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया। संगम में हर समय 10 हजार से 11 हजार क्यूसेक जल हमेशा मौजूद रहे इसको सुनिश्चित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है, लेकिन हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि हम भी इसमें कैसे भागीदार बन सकते हैं। दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग करना क्या हम रोक पाएंगे, क्या नदियों पर क जा करना और प्रदूषण करने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण कर पाएंगे, वन्य जीवों के प्रति क्या हमारे मन में भी संवेदना जागृत होगी, क्योंकि जैसे हमारा जीवन चक्र है ऐसे ही धरती माता का भी अपना एक जीवन चक्र है। हम दोनों को जोड़ कर देखेंगे तब यह सृष्टि रहेगी। एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ आस्था के नाम लगाने के क्रम में हम भी सहभागी बन सकें।

### वाराणसी में रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए कर रहे जद्दोजहद

## लोगों ने की सरकार से ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग



**वाराणसी (आईएएनएस)।** महाकुंभ में स्नान के बाद वापसी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ धार्मिक नगरी काशी पहुंची है। वाराणसी कैंट स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ के चलते पैर रखने की भी जगह नहीं मिल रही है। अगर कोई ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आ रही है तो यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए खिड़कियों और दरवाजों पर लटके नजर आ रहे हैं। यात्री इस भीड़ को देखते हुए सरकार से ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अपनी दीदी को ट्रेन में बैठाने के लिए रेलवे स्टेशन आए परवेज अहमद ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि यहां भीड़ बहुत है। भगदड़ जैसी स्थिति बनी हुई है। स्थिति बहुत खराब है। कृष्ण लाल ने बताया कि यहां ट्रेन में बहुत ज्यादा भीड़ है। हम ट्रेन के लिए कल से बहुत परेशान हैं। भीड़ ज्यादा होने के कारण हम ट्रेन में बैठ नहीं पा रहे हैं। हम परिवार के 40 लोग एक साथ हैं।

ट्रेन में यात्री कर रही अर्चना ने बताया कि वह मध्य प्रदेश जा रही हैं। ट्रेन की स्थिती बहुत खराब है। भीड़ बहुत ज्यादा है। यात्रियों को ट्रेन में उतरने और चढ़ने में बहुत परेशानी हो रही है। स्टेशन पर ट्रेन आते ही लोगों की भीड़ टूट पड़ती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** शनै:-शनै: स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृष :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा।

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**कन्या :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** मनोविनोद बढ़ेगा। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर :** 00 किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** 00 कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन :** मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

## लालू यादव शवों पर राजनीति करते हैं : उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा



**पटना (आईएएनएस)।** नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई है। इस घटना को लेकर लालू यादव के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग पर बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि लालू यादव शवों पर राजनीति करते हैं। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि नई दिल्ली में हुई घटना दुखद है। इस घटना में जो घायल हुए हैं, उनके इलाज के लिए शासन-प्रशासन सजगता से लगा हुआ है। राजद अध्यक्ष लालू यादव द्वारा इस घटना पर रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शवों पर राजनीति करते हैं।

**गुजरात** निकाय **चुनाव** के लिए **मतदान जारी**

## 91 वर्षीय मंगूबेन ने भी किया अधिकार का प्रयोग

**गांधी नगर (आईएएनएस)।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान जारी है। मतदाताओं में गजब का उत्साह भी देखने को मिल रहा है। बड़े बुजुर्ग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नहीं हैं। 91 वर्षीय मंगूबेन ठाकोर भी इसकी मिसाल हैं। वो लाठी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचीं और अपना हक अदा किया। मंगूबेन के साथ उनकी 70 वर्षीय बेटी और बहुओं समेत तीन पीढ़ियों ने मतदान किया। टिंटोडा गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र तक पहुंचने का उनका जज़्बा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ। जिससे यह साफ हुआ कि परिवार में मतदान के प्रति जागरूकता बड़े-बुजुर्गों की भूमिका से ही संभव हो सकती है।

### गाजियाबाद : मुरादनगर श्मशान घाट में फिर हादसा

## निर्माणाधीन टंकी पर लगी शटरिंग गिरी, कई मजदूर दबे

**गाजियाबाद (आईएएनएस)**

गाजियाबाद के मुरादनगर के श्मशान घाट में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। श्मशान घाट में रविवार को निर्माणाधीन पानी की टंकी पर लगी शटरिंग अचानक गिर गई। मलबे में छह से अधिक मजदूरों के दबे होने की आशंका है। करीब कई लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया है। हालांकि, अभी कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मुरादनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर खुद मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माणाधीन टंकी पर काम चल रहा था, तभी अचानक शटरिंग गिर गई। बता दें कि यह दूसरी बार है जब मुरादनगर के श्मशान घाट में इस तरह का हादसा हुआ है। इससे पहले भी यहां लेंटर के ढांचे गिरने से करीब 24 लोगों की जान चली गई थी। आज हुए हादसे से साफ पता चलता है कि प्रशासन ने पिछले हादसे से कोई सबक नहीं लिया। सभासद शिवा चौधरी का कहना है कि प्रशासन को इस हादसे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथ ही भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं, राष्ट्रीय व्यापारी सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है।



मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरादनगर क्षेत्र स्थित ग्राम उखलारसी के शमशान घाट के अंदर निर्माणाधीन पानी की टंकी की शटरिंग अचानक गिर गई।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिनी बस खड़ी बस से टकराई, चार लोगों की मौत और 19 घायल

**बाराबंकी (आईएएनएस)।** बाराबंकी जिले में रविवार तड़के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर महाराष्ट्र से आ रही तेज रफ्तार मिनी बस (टेम्पो ट्रैवलर) ने सड़क किनारे खड़ी बस में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, इस हादसे में 19 यात्री घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के पास छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही एक बस खराबी के कारण सड़क के किनारे खड़ी थी। इसी दौरान महाराष्ट्र से आ रही तेज रफ्तार मिनी बस ने बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद राहगीरों की सूचना पर लोनीकटरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकाला। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए।





# जगन्नाथ मंदिर में ले जाई गई आईपीएल ट्रॉफी

**पुरी (आईएएनएस)।** दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का अगला सीजन मार्च में शुरू होने जा रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम 2024 सीजन में दूसरी बार आईपीएल की विजेता बनी थी। आईपीएल की प्रतिष्ठित ट्रॉफी को 2025 सीजन से पहले देश के सभी राज्यों के देवी-देवताओं के पास लेकर जाया जा रहा है। ऐसे ही आईपीएल की ट्रॉफी को पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में ले जाया गया। मौजूदा विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के सदस्यों ने ट्रॉफी मंदिर में पहुंचाई और भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने पूजा की सभी रस्में संपन्न करवाईं। मार्च में आईपीएल मैचों की शुरूआत होने वाली है, इसलिए ट्रॉफी को विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों में ले जाकर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सुपकार सेवयत चंद्र शेखर खुंटिया ने आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने बताया, आईपीएल ट्रॉफी की विशेष पूजा मंदिर की परंपराओं के अनुसार की गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम हमारे पास ट्रॉफी लेकर आई है। उन्होंने कामना की कि यह ट्रॉफी अगली बार भी उनके पास आए। आईपीएल बड़ी लीग है और इसकी ट्रॉफी को सभी राज्यों के देवी-देवताओं के पास आशीर्वाद के लिए ले जाया जा रहा है। आईपीएल ट्रॉफी को मंदिर में ले जाने की परंपरा पर सुपकार सेवयत चंद्र शेखर खुंटिया ने बताया कि उन्होंने ऐसा पहली बार देखा है। आईपीएल में सभी टीमें शानदार खेल दिखाती हैं। जो अच्छा खेलेगा, उसको यह ट्रॉफी मिलेगी। बाकी सब ईश्वर के हाथ में है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने अभी तक अगले सीजन के लिए अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। पिछली बार इस टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में थी। इस बार अय्यर पंजाब किंग्स की कमान संभालते नजर आएंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई पहुंची भारतीय टीम, पहला मैच 20 को

## टूर्नामेंट दुबई और पाकिस्तान में होने वाला है

**नई दिल्ली। दुबई**

भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार रात दुबई पहुंची, जिसने अपने बहुप्रतीक्षित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए मंच तैयार कर दिया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नवीनतम यात्रा प्रोटोकॉल का पालन किया और एक समूह के रूप में एक साथ आगे बढ़ी।

टूर्नामेंट दुबई और पाकिस्तान में होने वाला है, भारत के ग्रुप ए के मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह आयोजन 19 फरवरी को पाकिस्तान में उद्घाटन मैच के साथ शुरू होगा। विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों को रवाना होने से पहले मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, ऑलराउंडर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी टीम में शामिल हुए। हार्दिक पांड्या आखिरी में सवार हुए, जिससे भारत का शानदार यात्रा दल पूरा हो गया। पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद, टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है।



### भारत के मैचों के लिए अतिरिक्त टिकट रविवार से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के तीन ग्रुप मैचों और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के लिए अतिरिक्त टिकट जारी करने की घोषणा की है। ये टिकट रविवार को दोपहर 1:30 बजे (भारतीय समयानुसार) या 12 बजे (गल्फ स्टैंडर्ड टाइम) से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले ग्रुप मैच के लिए टिकट उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होने वाले बड़े मुकाबले और 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के लिए भी टिकट मिलेंगे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**एजेंसी। वडोदरा**

अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। अच्छी शुरूआत से दोनों टीम का मनोबल बढ़ा होगा लेकिन आरसीबी की टीम विशेषकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक संतुलित नजर आ रही है और इसलिए वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई की मजबूती का पता इससे चलता है कि उसने 200 से अधिक रन के लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल किया। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम अपना यह प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों के कारण मजबूती मिली है जो मंधाना, एलिसे पेरी, ऋचा घोष और डैनी व्याट के साथ सहजता से घुल-मिल गई हैं। राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी ने उसे पेरी की कमी महसूस हो रही है।

**केकेआर और आरसीबी के बीच 22 मार्च को खेला जा सकता है पुरुष आईपीएल 2025 का पहला मैच**



# 25 मई को आइपीएल 2025 फाइनल की मेजबानी करेगा ईडन गार्डंस

**कोलकाता(आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च को ईडन गार्डंस में गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की भिड़ंत से होगा। कोलकाता में ही 23 मई को दूसरा क्वालिफायर और 25 मई को फाइनल भी खेला जाएगा। इससे पहले 2013 और 2015 में भी यहां फाइनल खेला जा चुका है। 20 और 21 मई को पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर हैदराबाद में खेला जाएगा। शनिवार को आईपीएल के आगाज के ठीक अगले दिन यानी रविवार 23 मार्च को डबल हेडर खेला जाएगा। जहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मुंबई इंडियंस (एमआई) की मेजबानी करेगी।

## आईपीएल 2025 का पूरा शेड्यूल

- 22 मार्च, शनिवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM कोलकाता
- 23 मार्च, रविवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स 3:30 PM हैदराबाद
- 23 मार्च, रविवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM चेन्नई
- 24 मार्च, सोमवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM विशाखापत्तनम
- 25 मार्च, मंगलवार गुजरात टाइटन्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM अहमदाबाद
- 26 मार्च, बुधवार राजस्थान रॉयल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM गुवाहाटी
- 27 मार्च, गुरुवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM हैदराबाद
- 28 मार्च, शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM चेन्नई
- 29 मार्च, शनिवार गुजरात टाइटन्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM अहमदाबाद
- 30 मार्च, रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 3:30 PM विशाखापत्तनम
- 30 मार्च, रविवार राजस्थान रॉयल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM गुवाहाटी
- 31 मार्च, सोमवार मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM मुंबई
- 1 अप्रैल, मंगलवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM लखनऊ
- 2 अप्रैल, बुधवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM बेंगलुरु
- 3 अप्रैल, गुरुवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM कोलकाता
- 4 अप्रैल, शुक्रवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM लखनऊ
- 5 अप्रैल, शनिवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 3:30 PM चेन्नई
- 5 अप्रैल, शनिवार पंजाब किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 PM नई चंडीगढ़
- 6 अप्रैल, रविवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 3:30 PM कोलकाता
- 6 अप्रैल, रविवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM हैदराबाद
- 7 अप्रैल, सोमवार मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM मुंबई
- 8 अप्रैल, मंगलवार पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM नई चंडीगढ़
- 9 अप्रैल, बुधवार गुजरात टाइटन्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 दोपहर 12 बजे अहमदाबाद
- 10 अप्रैल, गुरुवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 बजे बेंगलुरु
- 11 अप्रैल, शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 बजे चेन्नई
- 12 अप्रैल, शनिवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटन्स 3:30 बजे लखनऊ
- 12 अप्रैल, शनिवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम पंजाब किंग्स 7:30 बजे हैदराबाद
- 13 अप्रैल, रविवार राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 3:30 बजे जयपुर
- 13 अप्रैल, रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 बजे दिल्ली
- 14 अप्रैल, सोमवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 बजे लखनऊ
- 15 अप्रैल, मंगलवार पंजाब किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 बजे नई चंडीगढ़
- 16 अप्रैल, बुधवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 बजे दिल्ली
- 17 अप्रैल, गुरुवार मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 बजे मुंबई
- 18 अप्रैल, शुक्रवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पंजाब किंग्स 7:30 बजे बेंगलुरु
- 19 अप्रैल, शनिवार गुजरात टाइटन्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 3:30 ढट अहमदाबाद
- 19 अप्रैल, शनिवार राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM जयपुर
- 20 अप्रैल, रविवार पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 3:30 PM न्यू चंडीगढ़
- 20 अप्रैल, रविवार मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM मुंबई
- 21 अप्रैल, सोमवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM कोलकाता
- 22 अप्रैल, मंगलवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM लखनऊ
- 23 अप्रैल, बुधवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM हैदराबाद
- 24 अप्रैल, गुरुवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30PM बेंगलुरु
- 25 अप्रैल, शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM चेन्नई
- 26 अप्रैल, शनिवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM कोलकाता
- 27 अप्रैल, रविवार मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 3:30 PM मुंबई
- 27 अप्रैल, रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM दिल्ली
- 28 अप्रैल, सोमवार राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM जयपुर
- 29 अप्रैल, मंगलवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM दिल्ली
- 30 अप्रैल, बुधवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM चेन्नई
- 1 मई, गुरुवार राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM जयपुर
- 2 मई, शुक्रवार गुजरात टाइटन्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM अहमदाबाद
- 3 मई, शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM बेंगलुरु
- 4 मई, रविवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 3:30 ढट कोलकाता
- 4 मई, रविवार पंजाब किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM धर्मशाला
- 5 मई, सोमवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM हैदराबाद
- 6 मई, मंगलवार मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM मुंबई
- 7 मई, बुधवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM कोलकाता
- 8 मई, गुरुवार पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM धर्मशाला
- 9 मई, शुक्रवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM लखनऊ
- 10 मई, शनिवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM हैदराबाद
- 11 मई, रविवार पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस 3:30 PM धर्मशाला
- 11 मई, रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM दिल्ली
- 12 मई, सोमवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 PM चेन्नई
- 13 मई, मंगलवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM बेंगलुरु
- 14 मई, बुधवार गुजरात टाइटन्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM अहमदाबाद
- 15 मई, गुरुवार मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM मुंबई
- 16 मई, शुक्रवार राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM जयपुर
- 17 मई, शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM बेंगलुरु
- 18 मई, रविवार गुजरात टाइटन्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 3:30 PM अहमदाबाद
- 18 मई, रविवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM लखनऊ
- 20 मई, मंगलवार क्वालीफायर 1 7:30 PM हैदराबाद
- 21 मई, बुधवार एलिमिनेटर 7:30 PM हैदराबाद
- 23 मई, शुक्रवार क्वालीफायर 2 7:30 ढट कोलकाता
- 25 PM, रविवार फाइनल 7:30 PM कोलकाता



# त्रिकोणीय सीरीज जीतना न्यूजीलैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी बात होगी: साउदी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को लगता है कि मेजबान पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में ट्राई-नेशन सीरीज में ब्लैककैप्स की जीत चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए बड़ी बढ़त होगी। न्यूजीलैंड ने सीरीज में अजेय रहते हुए फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। साउथी ने आईसीसी के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।यह कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है, जिनमें बहुत संभावनाएं हैं। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का अनुभव उन्हें टूर्नामेंट के लिए बेहतर साबित होने जा रहा है।" इसलिए, टूर्नामेंट में कुछ गति लेना और उन परिस्थितियों के अभ्यस्त होना, यह केवल एक अच्छी बात होगी। जैसा कि न्यूजीलैंड 2000 के बाद से अपना पहला चैंपियंस ट्रॉफी खिताब हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हुए यशस्वी जायसवाल



**नागपुर(आईएएनएस)।** भारत और मुंबई के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सोमवार से नागपुर में शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के मुंबई-विदर्भ सेमीफाइनल मैच से बाहर हो गए हैं। जायसवाल के बाएं टखने में दर्द है और वह अब इसकी निगरानी के लिए एनसीए बेंगलुरू जाएंगे। 23 साल के जायसवाल पहले भारत के शुरूआती चैंपियंस ट्रॉफी दल में थे, लेकिन अंत में उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को शामिल कर लिया गया। इसके बाद वह मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे, जिसमें अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नाम पहले से शामिल थे। दुबे और जायसवाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व में भी शामिल हैं और जरूरत पड़ने पर वे दुबई की यात्रा कर सकते हैं। भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू भी किया था। उन्होंने 2024-25 के रणजी सीजन के दौरान जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सिर्फ.एक रणजी मैच खेला है, जिसमें उन्होंने दो पारियों में क्रमशः 4 और 26 का स्कोर किया है। सेमीफाइनल में मुंबई का सामना जबरदस्त फॉर्म में चल रही विदर्भ से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु जैसी टीम को 198 रनों से हराया था।

**रणजी सेमीफाइनल के लिए मुंबई दल**

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, मोहित अवस्थी, सिलवेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष तन्ना

# न्यूजीलैंड की नजर 25 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने पर

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** मिचेल सेंटनर की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम 19 फरवरी को कराची में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरूआत करके अपनी किस्मत बदलने की कोशिश करेगी। भारत, बांग्लादेश और मेजबान पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में शामिल न्यूजीलैंड की टीम 2000 के बाद अपना दूसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, हाल के आईसीसी टूर्नामेंटों में टीम ने खिताब की जंग में खुद को एक मजबूत टीम के रूप में स्थापित किया है। न्यूजीलैंड की नजरें वर्ष 2000 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर टिकी हैं, यहां आईएएनएस की ओर से कीवी टीम का स्वॉट (ताकत,कमजोरी, अवसर और खतरे) विश्लेषण दिया गया है, जो उनकी टीम संयोजन के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण देता है। ताकतः पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड की अजेय खिताबी जीत ने उन्हें आठ टीमों के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले एक बेहतरीन शुरूआत दी है। कागज पर, बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत लगती है, जिसमें अनुभवी केन विलियमसन शानदार फॉर्म में हैं।

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल**

# केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

**अहमदाबाद।** पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गुजरात की सेमीफाइनल तक की राह में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल और विकेटकीपर उर्विल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उर्विल ने पिछले मैच में 140 रन बनाए थे जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक था। जयमीत ने भी इस मैच में शतक लगाया था जिससे गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जयमीत ने इस सत्र में गुजरात की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# द्विपक्षीय निवेश संधियों में राष्ट्रीय हितों को अनदेखा न करें मध्यस्थ: वित्त मंत्री



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखने तथा विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे अमीर निवेशकों को विकासशील देशों का शोषण करने से रोका जा सके। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निवेश संधि मध्यस्थता पर पहले पीजी सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि मध्यस्थों ने अकसर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है।

उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में कानून की अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, राज्यों को पुरस्कार स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं। वित्त मंत्री ने कहा, निवेश संधि को न केवल राष्ट्रों को बेहतर विनियामक शक्तियां प्रदान करनी चाहिए, बल्कि मध्यस्थता में विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि निवेश संधियों में नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय निवेश संधि से संबंधित मुद्दे संप्रभुता के लिए विशिष्ट हैं। इस कारण से बीआईटी पर एफटीए समझौते के भाग के रूप में बातचीत करने के बजाय अकेले ही बातचीत की जानी चाहिए। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत, यूके, सऊदी अरब, कतर और यूरोपीय यूनियन बीआईटी के लिए बातचीत कर रहे हैं।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के डूबे 67,000 करोड़ रुपये

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता काफी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। इस कारण देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस के मार्केट कैप में 67,000 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। 10 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 2,644.6 अंक या 3.36 प्रतिशत और निफ्टी में 810 अंक या 3.41 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इस कारण देश में सबसे अधिक बाजार मूल्यांकन वाली 10 में से 8 कंपनियों का मार्केटकैप 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक कम हो गया है। इसमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी का मार्केटकैप 67,526 करोड़ रुपये कम होकर 16,46,822 करोड़ रुपये रह गया है। वहीं, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 34,950 करोड़ रुपये कम होकर 14,22,903 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 28,382 करोड़ रुपये घटकर 12,96,708 करोड़ रुपये और आईटीसी का मार्केट कैप 25,429 करोड़ रुपये कम होकर 5,13,699 करोड़ रुपये रह गया है। इन्फोसिस का मार्केटकैप 19,287 करोड़ रुपये गिरकर 7,70,786 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 13,431 करोड़ रुपये कम होकर 6,44,357 करोड़ रुपये रह गया है। इसके अतिरिक्त एचयूएल का मार्केटकैप 10,714 करोड़ रुपये कम होकर 5,44,647 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,230 करोड़ रुपये कम होकर 5,20,082 करोड़ रुपये हो गया है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गिफ्ट सिटी में ब्रांच स्थापित करने के लिए आरबीआई ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा रविवार को ऐलान किया गया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से गुजरात की गिफ्ट सिटी में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) बैंकिंग यूनिट स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। यह शाखा भारत से ऑफशोर बैंकिंग परिचालन के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहली यूनिट होगी। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ निधु सक्सेना ने कहा, यह हमारे बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार कर रहे हैं। गिफ्ट सिटी में आईबीयू का उद्घाटन बैंक की ग्रोथ स्टोरी में एक और मील का पत्थर होगा।

### झासा 2025-27 सत्र का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# सिविल सर्जन को डीसी के बराबर मिलेगी सुविधा : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झासा 2025-27 सत्र का शपथ ग्रहण समारोह करमटोली स्थित आईएमए हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी उपस्थित हुए। प्रतिस्थापन समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह, सचिव डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय सिंह, कोषाध्यक्ष डॉक्टर स्टीफन खेस, संयोजक डॉ शरद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष(संथाल परगना) डॉ मोहन पासवान, उपाध्यक्ष (महिला कोषांग)डॉक्टर मुसर्रत यामिनी, उपाध्यक्ष मुख्यालय डॉक्टर शमीम, संयुक्त सचिव (मुख्यालय) डॉ अजीत कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री ने नई कमेटी को अपनी शुभकामनाएं दी एवं डॉ इरफान अंसारी ने झासा की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। झासा की मांग पर उन्होंने बिहार के तर्ज पर डायनामिक एसीपी देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य राज्य झारखंड के नियमों का अनुसरण करेंगे। ऐसे चिकित्सक हित वाले नियम बनाएंगे जिससे दूसरे राज्य के भी चिकित्सक यहां आकर ज्वाइन करेंगे। उन्होंने घोषणा किया कि ओपीडी की पाली, पूर्व की तरह 9 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराहन ही चलेगी। सभी सिविल सर्जन को सुविधाएं उनके पद के हिसाब से जिले में उनके समकक्ष अधिकारी (उपायुक्त) के बराबर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पलामू में पिछले 2 महीने से बायोमेट्रिक को लेकर चिकित्सकों की अवरूद्ध की गई वेतन निकासी को गलत ठहराया, और इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

झासा अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह ने मंत्री को बायोमेट्रिक से संबंधित व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया। सचिन ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने चिकित्सकों की अन्य समस्याओं की चर्चा की। उपाध्यक्ष डॉ मुसर्रत यामिनी ने महिला चिकित्सकों की सुरक्षा एवं संसाधनों की उपलब्धता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता लाल, डॉक्टर रवि राज, डॉ विकास गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अजीत कुमार ने दिया।

### भाजपा कार्यालय में मनी संत रविदास महाराज की 648 वी जयंती, बोले संजय सेठ

# पीएम भारत को विश्व गुरु बनाने को अग्रसर है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत महर्षि संतो का देश रहा है और यह हमारा सौभाग्य है कि संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की प्रेरणा को आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने को अग्रसर है। संत शिरोमणि रविदास महाराज जी ने जात पात, छुआछूत, ऊंच नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को एक करने की प्रेरणा दी। उक्त बातें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संत रविदास महाराज की 648 वी जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास महाराज जी की प्रेरणा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति जिन्हें भारतीय जनता पार्टी प्रथम व्यक्ति मानती है उन तक विकास कार्य पहुंच रही है। वही अंग्रेजों मुगलों ने और आजादी के बाद कुछ राजनीतिक दलों ने समाज को बांट कर देश को विखंडित करने का काम किया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सभी को एकजुट कर देश को विकास की गति पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत, उज्वला योजन, शौचालय निर्माण एवं कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के बीच बनी दूरियों को कम करने का प्रयास किया है।




भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा परिवार अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के लिए मोर्चा के इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। यह कार्यक्रम समाज, जीवन को प्रभावित करने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्ग से जुड़े महापुरुषों की जयंती को मानती है ताकि न सिर्फ हम बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपने उन महान जननायकों को और उनके जीवन के संघर्षों को जान सके। उन्होंने कहा कि हाल में ही हम सभी ने सिख प्रांत के गुरु की भी जयंती मनायी है जो यह बताता है कि यह पार्टी किसी एक जाति धर्म या समाज की पार्टी नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ जनता की अपनी पार्टी है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भारत संतों और महर्षियों का देश है। यह देश सनातन संस्कृति का है। इस वर्ष महाकुंभ में पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। 140 करोड़ की आबादी में से 50 करोड लोगों ने अभी तक महाकुंभ में डुबकी लगाई है। हमारी संस्कृति हमारा धर्म हमें कभी भी जात-पात, ऊंच नीचे, छुआछूत में विश्वास नहीं किया है।

मौके पर शिवधारी राम, रंजन पासवान, प्रभात भुइंया, कमलेश राम, विमल बैठा, जोगेंद्र लाल, खुदा राम, सूरज दास, राजीव राज लाल, सुनीता दास, राजेन्द्र पासवान, राकेश राम, संदीप, सुबोधकांत एवं समाज के अन्य उपस्थित थे।

## चंद्र प्रकाश ने की गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना की मांग

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को दिया प्रस्ताव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन(एस ईजेड)की स्थापना करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने यह प्रस्ताव केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को नई दिल्ली में दिया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना से झारखंड की आर्थिक वृद्धि को जहां बढ़ावा मिलेगा वहीं रोजगार के अपार अवसर की संभावनाएं बनी रहेगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया की गिरिडीह प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। साथ ही लोहा उद्योग, रेशम उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, माइका उद्योग व ग्लास उद्योग से संबंधित अपार संभावनाएं हैं। इसके मजबूत औद्योगिक आधार व बढ़ते बुनियादी ढांचे को स्पेशल इकोनामिक जोन होने से अत्यधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया कि गिरिडीह में लोह उद्योग से ही 5000 करोड़ से ज्यादा का व्यापार होता है।

यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल व बिहार को छूता है। गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना होने से जहां घरेलू व विदेशी निवेशक आयेंगे वहीं औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आर्थिक विकास व रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कई कारोबारी गतिविधियां बढ़ेगी। व्यापार का भी विकास होगा। पलायन भी रुकेगा। इसका व्यापक लाभ राज्य को भी प्राप्त होगा। केंद्रीय मंत्री ने मिलने आए गिरिडीह सांसद की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने व प्रस्ताव को देखने के बाद इस मामले में सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

## खिलाड़ियों को दी बधाई


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 44वां जुनियर नेशनल ऑर्चरी चैंपियनशिप पश्चिम बंगाल के बोलपुर में 11 से 17 फरवरी तक आयोजित है। इसमें रविवार को मिक्स टीम कंपाउंट इवेंट मे कृष चंद्र एवं राजअदिति कुमारी की जोड़ी ने महाराष्ट्र की टीम से हार कर रजत पदक सेसंतोष करना पड़ा। इस जीत के लिए झारखंड तीरंदाजी संघ के सचिव द्रोणाचार्य पूर्णिमा महतो समेत सभी प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# राज्य में एक सशक्त वैचारिक व राजनीतिक माहौल तैयार करना लक्ष्य है : सुदेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य में एक सशक्त राजनीतिक माहौल तैयार करना है, जिससे संगठन की विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावी सीमाओं से परे, समाज के हर वर्ग के लोगों का पार्टी में जुड़ना इस नए नेतृत्व की स्वीकार्यता को दर्शाता है। मिलन समारोह में एमडी. शफीक खान (मुहर्रम सेंट्रल कमिटी अध्यक्ष), मोहम्मद नईम (संगठन मंत्री), मोहम्मद जीशान, मोहम्मद कैफ जुबैर, डॉ. अखिलेश, ओवैस अख्तर, आनंद राज, रौशन कुमार महतो, गौतम सिंह, संजीव सिंह, दीवाकर राज, नरेश साहू, सुनील गुप्ता, रौशन कुमार, बाबलू, उमेश, रणविजय सिंह, रोहित गुप्ता, संजित कुमार, राहुल कुमार, रितेश टॉप्पो, मनू कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव बुद्धिजीवी मंच के डॉ मुकुंद मेहता, संजय मेहता, अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष, जिला सचिव दयाशंकर, मीडिया आयोजक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## जिलों में संगठन विस्तार के लिए प्रभारी अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**रांची।** आजसू पार्टी ने संगठन की गतिविधियों को मजबूती देने, संगठनात्मक विस्तार और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न जिलों में नए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी को अधिक संगठित नेतृत्व देना और स्थानीय स्तर पर संगठन विस्तार को सशक्त बनाना है।

नव-नियुक्त जिला प्रभारी अपने-अपने जिलों में संगठनात्मक विस्तार एवम समन्वय स्थापित करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा, वे पार्टी के लक्ष्यों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

यह निर्णय संगठन की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिससे पार्टी की पहुंच को गांवों और शहरों तक विस्तार दिया जा सके।

**नए जिला प्रभारी**

- **रांची जिला :** राजेंद्र मेहता, संजय महतो, संजय महतो (सोनाहातू), राजकिशोर महतो, डॉ. पार्थ परितोष।
- **गुमला जिला :** रामलखन साहू, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव।
- **लोहरदगा जिला :** अशुतोष तिवारी, हकीम अंसारी।
- **खूंटी जिला :** केशव चंद्र महतो, अभिषेक राज हेरेंज, रमेश भगत।
- **सिमडेगा जिला :** दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, भूषण भगत।

**महिला जिला प्रभारी**

- **रांची जिल :** निर्मला भगत, पार्वती देवी।
- **लोहरदगा जिला :** अंजू देवी , मुनिया देवी।

### उत्साह के साथ आजसू का दामन युवाओं ने थामा : डॉ अखिलेश



मध्यप्रदेश के रहने वाले डॉ अखिलेश ने कहा झारखंड बेहद ही खूबसूरत जगह है यहां के लोगों के लिए सुदेश महतो के साथ मिलकर काम करने का अनुभव अच्छा होगा। उन्होंने कहा इस से पहले मै किसी पार्टी मे नही रहा हूं यह मेरा राजनिति की दुनिया मे डेब्यू है।

### सुदेश महतो के साथ काम करने का अनुभव बेहतर होगा : मो. दानिश



मो. दानिश जो रांची के ही रहने वाले हैं उन्होंने कहा सुदेश महतो के साथ काम करने का अनुभव बेहतर होगा। पार्टी की स्थिति पर उन्होंने कहा झारखंड मे भले आज कुछ कारणों से आजसु कमजोर है लेकिन फिर से इसे उठाएंगे। अन्य सभी यूवा जो आजसु मे शामिल हुए हैं सभी ने कहा झारखंड राज्य के रुझारु नेता सुदेश महतो के साथ काम करने का तजुर्बा अलग होगा।

## न्यूज बॉक्स

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा की जिम्मेदार केंद्र सरकार : मुंजनी

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार माना है। उन्होंने कहा कि 15 फरवरी को हर घंटे नई दिल्ली स्टेशन पर 1500 जनरल टिकट बिक रहे थे तो रेलवे को पहले से ही भलीभांति पता था कि भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में भीड़ के संचालन के लिए क्या इंतजाम किए गये थे? कितने पुलिसकर्मी तैनात थे? क्या अनाउंसमेंट किए जा रहे थे? क्या जो खबरों में लोग बोल रहे हैं, वो सच है कि आखिरी वक्त पर प्लेटफार्म बदला गया। इससे अफरा-तफरी मच गई, इन सबके लिए जिम्मेदार कौन है? रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौत के आंकड़ें छिपाने में व्यस्त थे। उन्हें रेल मंत्री के अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन का मंजर दिल दहला देने वाला था। आस्था और विश्वास से भरे श्रद्धालु कुम्भ की ट्रेन पकड़ने के किए आए तो जरूर, लेकिन प्रशासन की नाकामी से ना सिर्फ भगदड़ मची, बल्कि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की तड़प-तड़प कर वहीं मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को उनकी जान की परवाह होती तो उनके आने-जाने के लिए उचित प्रबंध किए गए होते। पुलिस प्रशासन को तैनात किया गया होता। लोगों को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जाता। रेल मंत्री को इस हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। रेलवे से इस देश का आम नागरिक सफर करता है।

### जेल अदालत में चार बंदियों को किया गया कारा मुक्त

**रांची।** डालसा की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में 10 बंदियों का आवेदन समर्पित किया गया। इसमें चार बंदियों को जेल में काटी गई अवधि को देखते हुए जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया। इसमें सिटू कुशवाहा, विक्की कुमार, पन्ना किस्कू एवं राकेश अहीर शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरीय न्यायिक पदाधिकारी कुशेश्वर सिंकू के साथ मयंक मलयाज, मनोज कुमार इंदवार, शंभू महतो, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, जेएम प्रशांत वर्मा, कारापाल, एलएडीसी के डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बीरेंद्र प्रताप समेत अन्य लोग उपस्थित थे। विधिक जागरुकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। डालसा सचिव ने बंदियों की समस्याएं सुनीं। बंदियों से आवेदन लेकर उसकी समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए एलएडीसी एवं उसके सदस्यों को निर्देशित किया गया।

### नगर निकाय चुनाव में अपना प्रत्याशी देगा चंद्रवंशी समाज

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने कहा है कि झारखंड में होनेवाले नगर निगम चुनाव में समाज के प्रत्याशी सभी जिलों में खड़े किए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने यह बात एक बैठक में महासभा को बतायी। चुनाव में अपना भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों को महासभा तन-मन-धन से सहायता करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशी समाज झारखंड में अपना राजनीतिक भविष्य खुद तय करेगा, हर राजनीतिक दलों ने चंद्रवंशी समाज की उपेक्षा करने की कोशिश की है। इस बार समाज सभी दलों को अपनी ताकत का एहसास कराएगा। चंद्रवंशी समाज की एक 11 सदस्यीय टीम अगले सप्ताह से पूरे जिले का दौरा कर संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का काम करेगी। हर जिलों में चुनाव होगा और चुनाव के द्वारा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का चयन होगा।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग

**रांची।** राज्य में शहरी नगर निकाय चुनाव के लिए मार्ग प्रशस्त राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति से ही होगा। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने रविवार को हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि मोर्चा सरकार से मांग करता है कि रिक्त राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और एक सदस्य की नियुक्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में ओबीसी अधिकारों के लिए लड़ने वाले और समर्थन करने वाले प्रत्याशियों को तैयार किया जा रहा है। शहरी नगर निकाय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी संशय में हैं कि चुनाव समय पर होगा या नहीं, इसलिए सरकार अविलंब आयोग के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति करे। मौके पर दिलीप वर्मा, कमलेश चौधरी, संतोष सोनी आदि उपस्थित थे।

### 238 एकड़ में लगे अफीम की फसल को किया गया नष्ट

**रांची।** रांची पुलिस ने तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम, अनगड़ा, सोनाहातु, एवं दशामफाल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा ग्रास कटर मशीन से नष्ट किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में तमाड़, बुंडू, सोनाहातु, राहे, नामकुम, अनगड़ा एवं दशामफाल थाना प्रभारी के द्वारा बुंडू थाना अंतर्गत 55 एकड़, तमाड़ थाना अंतर्गत 101 एकड़, दशामफाल थाना अंतर्गत 24 एकड़, राहे थाना अंतर्गत 15 एकड़, नामकुम थाना अंतर्गत 35 एकड, अनगड़ा थाना अंतर्गत 03 एकड़ व सोनाहातु थाना अंतर्गत 05 एकड़ अफीम की खेती नष्ट किया गया। कुल मिलाकर लगभग 238 एकड़ में लगे अफीम की फसल को ट्रैक्टर, ग्रास कटर मशीन एवं पुलिस बल के द्वारा विनष्ट किया गया।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी कार्यरत रहे गृह रक्षक रघु राम पर होगी प्राथमिकी दर्ज

## उपस्थित विवरणी जिला कार्यालय नहीं आती

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने होमगार्ड डीजी को पत्र प्रेषित करते हुए रांची जिला के गृह रक्षक क्रमांक 13495 रघु राम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का अनुमति मांगी है। उम्र सीमा समाप्त होने के बावजूद भी कर्तव्य में कार्यरत रहे गृह रक्षक रघु राम की निर्धारित 60 वर्ष की उम्र सीमा अक्टूबर 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद रघु राम गृह विभाग में कर्तव्य में बने रहे और मानदेय प्राप्त करता रहा। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब गृह विभाग के अवर सचिव लखन राम नायक ने रांची जिला के गृह रक्षक - 13495 रघु राम एवं अन्य गृह रक्षकों के सेवा विस्तार के लिए 17 जनवरी 2025 को जिला समादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी रांची को पत्र प्रेषित किया। इस पत्र में अंकित गृह रक्षको का जब जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने नामांकन पंजी से मिलान करने का आदेश दिया तब मिलान के क्रम में गृह रक्षक रघु राम कि 60 वर्ष की उम्र सीमा अक्टूबर 2022 में ही समाप्त होने कि जानकारी मिली।

**मानदेय भुगतान का विवरण मांगा गया :** जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने गृह विभाग के अवर सचिव लखन राम नायक को पत्र प्रेषित करते हुए सेवानिवृत्ति के पश्चात गृह रक्षक रघु राम के द्वारा ड्यूटी के एवज में लिए गए सरकारी राशि के विवरण का मांग किया है।

जिला कार्यालय के अधिकारियों ने यह भी कहा कि बहुत से ऐसे विभाग है जहां से उपस्थित विवरणी जिला कार्यालय में नहीं आती है, इसलिए ऐसा संभव हो कि वैसे गृह रक्षक जिनकी निर्धारित उम्र सीमा 60 वर्ष समाप्त हो चुकी है वह चोरी छुपे कर्तव्य में प्रतिनियुक्त हो तथा मानदेय प्राप्त कर रहे हैं। रांची जिला के जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने कहा कि अगर कोई भी होमगार्ड का जवान सेवानिवृत होने के पश्चात चोरी छुपे कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त रहता है तो वैसे होमगार्ड जवानों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । वैसे विभाग जहां गृह रक्षक प्रतिनियुक्त है उस विभाग को गृह रक्षको की उपस्थित विवरणी जिला कार्यालय को निश्चित रूप से भेजी जानी चाहिए थी।

### गृह विभाग के प्रधान सचिव ने दिया था अनुमोदन

गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल को इस गड़बड़ी कि जानकारी दिए बिना ही गृह रक्षक 13495 रघु राम कि प्रतिनियुक्ति को यथावत बनाए रखने का अनुमोदन तक ले लिया गया। अवर सचिव लखन राम नायक का कहना है कि होमगार्ड जवानों से संबंधित लेखा-जोखा संबंधित जिला कार्यालय में होता है, जिसके कारण होमगार्ड जवान की उम्र सीमा समाप्त होने की जानकारी विभाग को नहीं थी। इसलिए उक्त होमगार्ड जवान को कर्तव्य से नहीं हटाया जा सका और इन्हें कर्तव्य भत्ता का भुगतान होता रहा। लखन राम नायक ने कहा कि जैसे ही विभाग को यह जानकारी प्राप्त हुई तत्काल संबंधित होमगार्ड जवान को कर्तव्य से हटा दिया गया है।



### जिला समादेष्टा कार्यालय के अधिकारियों ने कहा- विभाग से नहीं आती उपस्थित विवरणी

एक होमगार्ड जवान की कर्तव्य अवधि 4 महीने की होती है। परंतु गृह विभाग में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान 13495 रघु राम वर्षों से लगातार ड्यूटी कर रहा था। जिला कार्यालय को बिना कोई सूचना दिए ही गृह विभाग के द्वारा कर्तव्य भत्ते का भुगतान सीधा होमगार्ड जवान के खाते में किया जा रहा था। इस कारण जिला कार्यालय को यह जानकारी नहीं थी कि जिस होमगार्ड जवान की उम्र सीमा समाप्त हो चुकी है वह होमगार्ड का जवान कर्तव्य में प्रतिनियुक्त है तथा गलत ढंग से मानदेय भी प्राप्त कर रहा है।

## ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वे पर ओबीसी मंत्री, विधायक संवेदनशील नहीं : राजेंद्र

### राजनीतिक पार्टियां का चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओबीसी सर्वेक्षण में फर्जीवाड़ा की बात सामने आने पर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक हुई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान से आने वाले ओबीसी, दलित या सवर्ण हों इन वर्गों को इनके अधिकारों से कैसे वंचित किया जाए, इसका षड्यंत्र हमेशा से किया जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि अधिकारों को लेकर हमारे लोगों में चेतना नहीं है। जिसका फायदा सरकार और राजनीतिक दलों के अलावा अन्य लोग उठा रहे हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ओबीसी के फर्जीवाड़ा सर्वेक्षणों पर ओबीसी मंत्री, विधायक संवेदनशील नहीं हैं। इनकी चुप्पी आगे जाकर इनके लिए घातक साबित होगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राजनीतिक दलों की चुप्पी भी दुर्भाग्यपूर्ण है। राजेन्द्र प्रसाद ने जानकारी दी कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलेश महतो से फोन पर बात हुई है। कल वे उनसे मिलकर बात करेंगें। उन्होंने बताया कि वे भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से भी इस फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण के संदर्भ में बात की है और ओबीसी के अधिकारों को बचाने को लेकर भाजपा से मुखर होने का आग्रह किया है। प्रोफेसर अरविंद ने सदान समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी को संगठित होकर लड़ाई लड़ने का आग्रह किया।बैठक में रमेश महतो, उदित नारायण दास, सुदर्शन सिंह,रामबालक साहू, बालेश्वर राम, पीयूष कुमार, पंकज कश्यप, कृष्णा महतो, कुंदन कुमार, नंदलाल प्रसाद विजय साहू, कुंदन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रूस ने एक हफ्ते में दागे 1220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन, 40 मिसाइल : वोलोदिमिर जेलेंस्की



**कीव (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को दावा किया कि रूस ने इस हफ्ते यूक्रेन के खिलाफ 1,220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन और 40 से अधिक मिसाइलें लॉन्च की हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस युद्ध को जारी रखना चाहता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, "रूस को, अपनी वर्तमान स्थिति में, सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए युद्ध की जरुरत है, और वह हर दिन यूक्रेन पर बमबारी करके लड़ाई जारी रखने की अपनी मंशा साबित करता है। जेलेंस्की ने लिखा, "अकेले इस सप्ताह रूस ने हमारे लोगों के खिलाफ लगभग 1,220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। यूक्रेन खुद की रक्षा कर रहा है - हम अपने योद्धाओं की बहादुरी और अपने सहयोगियों के समर्थन की बदौलत खड़े हैं और लड़ रहे हैं। लेकिन हमें यूक्रेन के लोगों की जान बचाने के लिए और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की जरुरत है।"यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, "यूरोप और दुनिया को इस तरह की बुराई से बेहतर तरीके से बचाना होगा।

## छह यूरोपीय देशों ने डब्ल्यूएचओ में अपनी भूमिका बढ़ाने पर दिया जोर



**हेलसिंकी (आईएएनएस)।** छह यूरोपीय देशों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में अपनी भूमिका बढ़ाने की अपील की है। यह अपील अमेरिका के संभावित अलगाव को देखते हुए की गई है।

फिनलैंड के हेल्थ एंड वेलफेयर इंस्टीट्यूट (टीएचएल) और पांच अन्य यूरोपीय स्वास्थ्य संगठनों के प्रमुखों का लैंसेट जर्नल में एक खुला पत्र प्रकाशित किया गया। इसमें अमेरिका के बाहर निकलने से होने वाली चुनौतियों का जिक्र किया गया और यूरोपीय देशों से डब्ल्यूएचओ में अपनी भूमिका बढ़ाने की अपील की गई। पत्र में यूरोपीय देशों से डब्ल्यूएचओ को अधिक वित्तीय मदद देने और संगठन में अधिक विशेषज्ञ भेजने का अनुरोध किया गया। इस पत्र पर नॉर्वे, डेनमार्क, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और पुर्तगाल के स्वास्थ्य संस्थानों ने भी हस्ताक्षर किए। पत्र में कहा गया कि यूरोप के सपोर्ट से डब्ल्यूएचओ को स्थिरता मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक स्वास्थ्य नीति में इसके मूल्य बरकरार रहें।

# जनजातीय विरासत को प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली (हि.स.)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे है। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं। यहां 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विविध परंपराओं का प्रतिनिधित्व भी है।




नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में शुरू हुआ आदि महोत्सव 2025

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं, खान-पान, वस्त्र और आभूषण, चिकित्सा पद्धतियां, घरेलू उपकरण तथा खेल-कूद हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं। वे न केवल पारंपरिक हैं, बल्कि आधुनिक और वैज्ञानिक भी हैं। वे पर्यावरण के साथ एक प्राकृतिक सद्भाव प्रदर्शित करते हैं और एक स्थायी जीवन शैली का अनुकरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में आदिवासी समुदायों के व्यापक विकास के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। यह प्रसन्नता की बात है कि देश में 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से लगभग सवा लाख आदिवासी बच्चों को स्कूली शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन अभियान के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय के लगभग 28 लाख लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर अभियान की सफलता का विस्तार करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जनजाती समुदायों के पांच करोड़ से अधिक लोग सरकारी पहलों से लाभान्वित होते हैं, पिछले साल गांधी जयंती पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किए गए थे।

## म्यूनिख में एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री सार से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

**म्यूनिख (आईएएनएस)**

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 'म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025' के मौके पर इजरायल के वित्त मंत्री गिदोन सार से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के मौके पर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलकर बहुत अच्छा लगा। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया।" विदेश मंत्री जयशंकर ने फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि



राबुका के विचार और अंतर्दृष्टि को सुनना हमेशा अच्छा लगता है। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फिजी के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से मिलना सम्मान की बात है। उनकी यादें, विचार और अंतर्दृष्टि को सुनना हमेशा अच्छा लगता है।" इससे पहले मई 2023 में एस जयशंकर और इजरायल के तत्कालीन विदेश मंत्री एली कोहेन ने द्विपक्षीय वार्ता की थी, जिसमें उन्होंने कनेक्टिविटी, गतिशीलता, शैक्षणिक और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। 2024 में भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था और हार्दिक शुभकामनाएं दी थीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की थी। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए भारत के आह्वान को दोहराया था।

## 900 किलो वजनी अमेरिकी बमों की खेप पहुंची इजरायल बाइडेन ने लगाई थी सप्लाई पर रोक, ट्रंप ने हटाया

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

संयुक्त राज्य अमेरिका से भारी बमों की खेप, इजरायल पहुंच गई है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाइडेन प्रसाशन ने इस खेप को रोक दिया था। इजरायली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमके-84 2,000-पाउंड के बमों से लदा एक जहाज शनिवार रात को अशदोद बंदरगाह पहुंचा। जहाज के बंदरगाह पहुंचने के बाद बमों को दर्जनों ट्रकों में लादकर इज़रायली एयरबेस ले जाया गया। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बमों के आगमन की सराहना करते हुए कहा, "ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी की गई गोला-बारूद की खेप शनिवार रात इजरायल में पहुंची। यह वायु सेना और इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के लिए एक



महत्वपूर्ण संपत्ति है। यह इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मजबूत गठबंधन का एक और सबूत है।"मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2023 में युद्ध की शुरुआत के बाद से, 678 परिवहन विमानों और 129 जहाजों के माध्यम से 76,000 टन से अधिक सैन्य उपकरण इजरायल पहुंचे हैं, जिनमें से अधिकांश अमेरिका से आए हैं। एमके-84 (मार्क-84) या बीएलयू-117, 2,000 पाउंड (900 किलोग्राम) का अमेरिकी एयरक्राफ्ट बम है। यह मार्क 80 सीरीज के हथियारों में सबसे बड़ा है।

वियतनाम युद्ध के दौरान सेवा में आने के बाद, से इसका इस्तेमाल अमेरिका ने आमतौर पर किया है। यह फिलहाल अमेरिका का छठा सबसे भारी बम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 जनवरी को कहा था कि उन्होंने अमेरिकी सेना को निर्देश दिया है कि वह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा इजरायल को 2,000 पाउंड के बमों की आपूर्ति पर लगाई गई रोक को हटा दें। ट्रंप ने कहा था, 'हमने उन्हें (बम) आज रिहा कर दिया। और वे उन्हें अपने पास रखेंगे। उन्होंने उनके लिए भुगतान किया और वे लंबे समय से उनका इंतजार कर रहे थे।

## बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, छात्र से अधिक छात्राएं होंगी शामिल

**पटना (आईएएनएस)** । बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा आयोजित मैट्रिक (10वीं) की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर समिति ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस साल होने वाली परीक्षा में छात्रों की तुलना में छात्राएं अधिक होंगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस साल मैट्रिक की परीक्षा में 15,85,868 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 7,67,746 छात्र और 8,18,122 छात्राएं हैं। इन सभी परीक्षार्थियों के लिए प्रदेश भर में 1,677 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## अमेरिका, जापान, द. कोरिया के विदेश मंत्रियों की बैठक, हिंद-प्रशांत सुरक्षा व उ. कोरियाई चुनौती पर चर्चा

**म्यूनिख (आईएएनएस)।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के दौरान अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने हिंद-प्रशांत और उत्तर कोरिया में सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी और दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री चो ताए-युल ने मुलाकात की। उन्होंने तीनों देशों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इसके साथ ही डीपीआरके के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों और दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उनका मिलकर संबोधित करने की जरुरत पर जोर दिया।

## प्रतिबंध : जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और तंगमर्ग को धूम्रपान-मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया

**श्रीनगर (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रविवार को प्रसिद्ध स्की स्थल गुलमर्ग और पर्यटन स्थल तंगमर्ग को तंबाकू-मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया। इसका मतलब है कि इन जगहों पर धूम्रपान और तंबाकू से जुड़ी अन्य गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित होंगी। यह निर्णय गुलमर्ग में होने वाले 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025' से पहले लिया गया है। बारामूला के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि तंबाकू का सेवन कई घातक बीमारियों का मुख्य कारण है। इससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की समस्याएं हो सकती हैं। देश में होने वाली लगभग 40 प्रतिशत गैर-संक्रामक बीमारियां तंबाकू सेवन के कारण होती हैं।

## दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम की भव्यता बताने के लिए ऑस्ट्रेलिया में कार्यक्रम

महाकुंभ 2025

**कैनबरा।** प्रयागराज में जारी महाकुंभ में लाखों लोगों के शामिल हो रहे हैं। इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के महत्व को बताने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कैनबरा में इनोवेशन लेक्चर थियेटर में भारतीय उच्चायोग के ऑस्ट्रेलिया की हिंदू परिषद के साथ साझेदारी में 'पवित्र जलः महाकुंभ 2025 की भावनाएं और पैमाना' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आस्था, परंपरा और दुनिया की सबसे बड़ी आध्यात्मिक सभा की भव्यता पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले, न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के हेमांशु पोटा और मैक्वेरी विश्वविद्यालय के दलबीर अहलावत मुख्य वक्ता थे। आस्ट्रेलिया से सैकड़ों लोग, विशेष रूप से भारतीय मूल के लोग इस आध्यात्मिक उत्सव में शामिल हुए हैं। प्रयागराज में विद्वानों, यात्रियों और आध्यात्मिक भक्तों सहित दुनिया भर से लोग आते रहते हैं। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है जो दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण जीवंत पुल का निर्माण करता है।

## ड्रोन हमले की साजिश नाकाम होने के बाद कंबोडिया ने सख्त नियम लागू किए

**नोम पेन्ह (आईएएनएस)।** कंबोडिया की सरकार ने ड्रोन पंजीकरण को अनिवार्य कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया जब सुरक्षा बलों ने सीनेट अध्यक्ष समदेच तेचो हुन सेन के घर पर ड्रोन हमले की साजिश को नाकाम किया। अब ड्रोन उपयोगकर्ताओं को अपने उपकरणों का विवरण स्थानीय पुलिस स्टेशनों में दर्ज कराना होगा। समाचार एजेंसी सिंहुआ के अनुसार, शुक्रवार को आंतरिक, कृषि और नागरिक उड्डयन मंत्रियों द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि इस नए नियम का उद्देश्य देश में सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक स्थिरता बनाए रखना है। यह आदेश शनिवार को आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया इस नियम के तहत, जो ड्रोन दो किलोग्राम या उससे अधिक वजन उठा सकते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराना होगा। उपयोगकर्ताओं को ड्रोन का निर्माता, मॉडल, सीरियल नंबर, अधिकतम उड़ान गति और भार जैसी जानकारी देनी होगी। इसके अलावा, ड्रोन उड़ाने वालों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। ड्रोन का उपयोग केवल सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही किया जा सकता है। यदि किसी को रात में ड्रोन उड़ाना है, तो इसके लिए विशेष अनुमति लेनी होगी।






## परीक्षा पे चर्चा

# एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बच्चों संग किया फन एक्टिविटी, बोलीं- 'वॉरियर बनें, वरियर नहीं'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'परीक्षा पे चर्चा' के छठे एपिसोड में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने छात्रों को तनाव मुक्त होकर अपनी खूबियों पर फोकस करने की सलाह दी। बच्चों के साथ फन एक्टिविटी की और कहा कि नेगेटिव माहौल में भी अपनी ताकत को पहचानें और वॉरियर बनें वरियर (चिंता करने वाला) नहीं। बच्चों के साथ बातचीत में भूमि ने बताया कि वह काफी अच्छी स्टूडेंट थीं, मगर उन्हें बचपन में ही एहसास हो गया था कि उन्हें अभिनेत्री बनना है। उन्होंने बताया कि "मैं बचपन में खूब पढ़ाई करती थी, इसलिए मैं यही सोचती थी कि मुझे सोना नहीं है और मैं बहुत कम नींद लेती थी।" लेकिन आज मैं शूटिंग से ब्रेक मिलते ही जल्दी-जल्दी खाना खाती हूं और फिर कम से कम आधे घंटे सोने चली जाती हूं क्योंकि "प्रॉपर नींद शार्प बनने का साधन है। उन्होंने कहा कि फोकस के लिए ब्रेक



लेना जरूरी है। बोलीं कि वह बचपन में दिन भर में केवल एक घंटे का ब्रेक लेती थीं और बाहर खेलने चली जाती थीं। ब्रेक के दौरान डांस भी करती थीं। भूमि ने अपने जिंदगी के उस हिस्से के बारे में भी बात की जब उनके पिता का निधन हुआ था। उस घड़ी में वह कैसे निकलीं, इसके बारे में भी बच्चों को बताया।

## एक्टर विक्रांत मैसी ने बच्चों को दिया 'क्रिएटिविटी विद पॉजिटिविटी' का मंत्र

'परीक्षा पे चर्चा' के 6वें एपिसोड में अभिनेता विक्रांत मैसी शामिल हुए। एक्टर ने मिशन क्रिएटिविटी विद पॉजिटिविटी या अपने काम के साथ पॉजिटिव कैसे रहें, इस पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पावर टूल जर्नलिंग, पावर ऑफ विजुअलाइजेशन का मंत्र भी दिया। ये भी कहा कि अपनी कोशिशों को नजरअंदाज न करें उन्हें पूरा सम्मान दें। बच्चों संग बातचीत के दौरान अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा, "बच्चों, आप सब बहुत लकी हो कि आज आपके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' है। हमारे समय में इतनी सुविधा नहीं थी। हमारे बचपन में कर्फ्यू जैसा माहौल होता था परीक्षा के दौरान। हम पूरे साल खेल खेलते थे, मगर परीक्षा में खेल का सवाल ही नहीं उठता था। हमारे समय में केवल टीवी हुआ करता था और केबल भी काट दिया जाता था। आज के समय में प्ले टाइम मोबाइल से जुड़ गया है और हमारे समय में ये मैदान से जुड़ा रहता था। बच्चों, पीएम मोदी भी कहते हैं कि जो प्रेजेंट है, वो आज के समय में सबसे खास प्रेजेंट है। विक्रांत ने पेरेंट्स के लिए कहा, "बच्चों पर अनजाने में दबाव न बनाएं। उनकी स्किल्स को पहचानें, नंबरों के पीछे ना भागें। नजरें नीचे और सोच ऊपर रखें। विक्रांत ने बच्चों संग पावर ऑफ विजुअलाइजेशन भी किया। उन्होंने बच्चों से कहा, "एक लड़का रहता है जो साइकिल से चलता है।

